झारखण्ड का अपना दैनिक

झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -182 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

आज का विचार

झारखण्ड उजाला

आसिफ नवाज
अधिवक्ता सिविल कोर्ट, लोहरदगा।

आपको ये सोच कर परेशान नहीं होना चाहिए कि आप गलत हैं या सही क्योंकि आपको आपके कर्म का फल जरूर मिलेगा।

सर्राफा

सोना (बिक्री) : **70,900**
चांदी (प्रति किलो) : **90,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **79,218.05**
निफ्टी :- **23,946.80**

मौसम

अधिकतम तापमान : **25** °
न्यूनतम तापमान : **10** °

सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:27**
संध्या :- **17:05**

आज का इतिहास

आज के ही दिन 1860 को दक्षिण कैरोलिना संयुक्त राज्य अमेरिका से अलग होने वाले ग्यारह गुलाम राज्यों में से पहला राज्य बना, जिसके परिणामस्वरूप संयुक्त राज्य अमेरिका का निर्माण हुआ और बाद में अमेरिकी गृहयुद्ध के दौरान भी यही स्थिति रही।

संक्षिप्त समाचार

शाहजहांपुर में हाईवे पर कार-ट्रक भिड़ंत में पांच की मौत, 6 घायल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जिला शाहजहांपुर में बेवर-पीलीभीत हाईवे पर बुधवार रात पशु से टकराकर अनियंत्रित हुई अर्टिगा कार ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी भयानक थी कि दुर्घटना में कपड़ा व्यापारी उनकी पत्नी, बेटी समेत पांच की मौत हो गई। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। कार में सवार छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं, उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। ये सभी लोग कांट से दिल्ली जा रहे थे। सात सीटर कार में 11 लोग सवार थे, इनमें छह बच्चे थे। इसे भी दुर्घटना का कारण बताया जा रहा है। कांट के नवादा नगला बनवारी गांव निवासी रियासत अली दिल्ली में रेडीमेड कपड़े के थोक व्यापारी थे। डेढ़ माह पूर्व वह गांव आए थे। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात को रियासत, पत्नी आमना बेगम, बेटे सुब्हान, आमिर, बेटी खुशी व गुड़िया के साथ दिल्ली जाने के लिए घर से निकले थे। उनके साथ कासगंज के गंजडुंडवारा निवासी शालू चंद्रा, उनकी पत्नी अन्नू, छह वर्षीय बेटा अंश भी था। वे सभी लोग रात 10.30 बजे बेवर-पीलीभीत हाईवे पर मदनापुर के बुधवाना के पास पहुंचे थे। उसी दौरान सड़क पर आए बेसहारा पशु से टकराकर अनियंत्रित हुई कार सामने से आ रहे ट्रक में जा घुसी। दुर्घटना में रियासत, आमना, उनकी छह वर्षीय बेटी गुड़िया की मौके पर मौत हो गई।

रांची रेंज के डीआईजी ने 91 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को किया पुरस्कृत

रांची। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने सराहनीय कार्य करनेवाले पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को पुरस्कृत किया है. सराहनीय कार्य करने में दो डीएसपी, छह पुलिस निरीक्षक, 40 पुलिस अवर निरीक्षक, 9 सहायक अवर निरीक्षक, 30 पुरुष आरक्षी और चार महिला आरक्षी को पुरस्कृत किया गया है.

संसद परिसर में बीजेपी और कांग्रेस सांसदों के बीच धक्का-मुक्की, बीजेपी सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को लगी चोट, अस्पताल में भर्ती

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद परिसर में बीजेपी और कांग्रेस सांसदों के बीच धक्का-मुक्की हुई. इसमें बीजेपी सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को चोट लगी है. मामले पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी सांसद मुझे रोक रहे थे. बीजेपी सांसदों ने धक्का-मुक्की की. सांसद सारंगी ने कहा, राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया जो मेरे ऊपर गिर गया जिसके बाद मैं नीचे गिर गया. प्रताप चंद्र सारंगी को सिर पर चोट लगी. उनको राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. वीडियो में सारंगी सिर पर कपड़ा रखकर खून को रोकने का प्रयास करते दिख रहे हैं. संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू ने कहा, संसद कोई पहलवानी दिखाने की जगह नहीं है. यह अखाड़ा नहीं है. घटना की हम निंदा करते हैं. सारंगी को गंभीर चोट लगी है.



गुरुवार सुबह संसद परिसर में डॉ. बीआर अंबेडकर को लेकर अपने-अपने विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस और बीजेपी के सांसद आमने-सामने आ गए. विपक्ष के सांसद राज्यसभा में बाबा साहब अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग कर रहे थें. वहीं दूसरी ओर बीजेपी सांसदों का आरोप है कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया है.

मुकेश राजपूत बेहोश, प्रताप सारंगी के सिर से ज्यादा बहा खून, पीएम मोदी ने फोन पर बात की

संसद परिसर में गुरुवार को कांग्रेस और बीजेपी सांसदों के बीच धक्का-मुक्की हो गई. इसमें बीजेपी के दो सांसद घायल हो गए. इन्हें दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. यहां उनका इलाज चल रहा है. डॉक्टरों की टीम उनकी देखरेख कर रही है. इस बीच, घायल सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत से पीएम नरेंद्र मोदी ने फोन पर बात की है. कांग्रेस का आरोप है कि उन्हें सदन के अंदर जाने से रोका गया. वहीं, घायल सारंगी ने कहा,ह्वराहुल गांधी ने धक्का दिया. इसके बाद एक सांसद मेरे ऊपर गिरे. इसमें मुझे चोट लग गई. आरएमएल के एमएस डॉ. अजय शुक्ला ने बताया, हम घायल सांसदों की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं. उनके सेहत को स्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं. दोनों ही आईसीयू में हैं. सिर में चोट लगने के बाद मुकेश राजपूत बेहोश हो गए. उन्हें घबराहट और चक्कर आ रहे हैं. दोनों का बीपी बढ़ गया था. सारंगी जी का भी बहुत ज्यादा खून बह गया है. उनके सिर पर गहरा जख्म है. इसलिए उन्हें टांके लगाने पड़े. उनका एमआरआई अभी तक नहीं हुआ है. 8-10 लोग (डॉक्टरों की टीम) आईसीयू में हैं.

धक्का कांड पर राहुल के खिलाफ एफआईआर

शीतकालीन सत्र शुक्रवार को समाप्त होने वाला है और कई मुद्दों पर राजनीतिक खींचतान के बीच कुछ बड़े कामकाज बाकी है। इस बीच आज संसद भवन परिसर में गहमा-गहमी वाला माहौल नजर आया। भाजपा के दो सांसद घायल हो गए, उन्होंने दावा किया कि यह कांग्रेस और विपक्षी सदस्यों के धक्का-मुक्की का नतीजा था। संसद में भारतीय जनता पार्टी के सांसदों के साथ कथित मारपीट के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज पुलिस स्टेशन पहुंचे। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने दिल्ली पुलिस में राहुल गांधी के खिलाफ मारपीट और उकसावे की शिकायत दर्ज कराई है। हमने मकर द्वार के बाहर आज हुई घटना का विस्तार से उल्लेख किया है, जहां ठऊअ सांसद शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे... हमने धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दी है। धारा 109 हत्या का प्रयास है, धारा 117 स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना है। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद भवन में मुकेश राजपूत को अपने हाथों से धक्का दिया।

बिजली विभाग का जूनियर इंजीनियर और कर्मी को एसीबी ने घूस लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

धनबाद। जिला की एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर दुर्गेशनंद सहाय और कर्मी उमेश कुमार यादव को 8000 रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है. गिरिडीह में बिरनी के सिमराढाब के रहने वाले संतोष कुमार साव की शिकायत पर एसीबी की टीम ने यह कार्रवाई की है. कॉमर्शियल कनेक्शन लगवाने के एवज में इनके द्वारा पैसे की मांग की जा रही थी.

जूनियर इंजीनियर को गिरिडीह के धनवार-झारखंड धाम रोड पर अंबाटांड़ से गिरफ्तार किया गया. पहले दुर्गेशनंद सहाय और कर्मी उमेश कुमार यादव को धनवार थाना लाया गया. यहां से टीम दोनों को अपने साथ लेकर धनबाद एसीबी कार्यालय पहुंची. दुर्गेशनंद डीवीसी बिजली विभाग राजधनवार में कार्यरत है. वहीं उमेश बिजली विभाग के राजधनवार ऑफिस में कर्मी है.

संतोष साव ने अपनी शिकायत में बताया है कि व्यवसाय के लिए उन्होंने बिजली के नये कनेक्शन (ट्रांसफॉर्मर सहित) का आवेदन विद्युत कार्यालय राजधनवार में किया था. वह जूनियर इंजीनियर दुर्गेशनंद सहाय से मिले और 88200 रुपये जमा किये. कुछ दिनों बाद एक ट्रांसफॉर्मर लगाया गया लेकिन कनेक्शन नहीं दिया गया. कार्यालय जाने के बाद भी जेई से मुलाकात नहीं हो रही थी.

फोन पर संपर्क करने पर अपने स्टाफ को 10 हजार रुपये देने और मोबाइल पर बात कराने को कहा. संतोष ने इसकी शिकायत धनबाद एसीबी से कर दी. एसीबी ने मामले की पुष्टि के बाद बुधवार अपराह्न लगभग तीन बजे एक कंप्यूटर एजेंसी के माध्यम से 8000 रुपये घूस लेते उमेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया. एसीबी ने जूनियर इंजीनियर को भी गिरफ्तार कर लिया. उमेश धनवार थाना क्षेत्र के दरियाडीह खरियो का रहनेवाला है.

आज से राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव का आयोजन, सीएम हेमंत सोरेन करेंगे उद्घाटन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

रांची। झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग तथा झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 का आयोजन हो रहा है. ये आयोजन 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक रांची के मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है. इसे लेकर गुरुवार को उद्योग विभाग की ओर से सुमन पाठक और ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मीनाक्षी प्रकाश ने प्रेसवार्ता की. उन्होंने बताया महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और समापन राज्यपाल द्वारा किया जायेगा. खादी एवं सरस महोत्सव सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा. देशभर के विभिन्न राज्यों से स्टॉल लगाए गए है.

साबरमती थीम पर सजा खादी महोत्सव

खादी महोत्सव में इस बार महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम के थीम पर आयोजित किया गया है. जिसमें विभिन्न प्रकार के स्टाल बनाए गए हैं. महोत्सव में जीवंत प्रदर्शनी और साबरमती आश्रम आकर्षण का केंद्र होगा. इसमें खादी संस्था, पीएमईजीपी, सरस, फुड स्टॉल, सरकारी स्टॉल लगाए गए हैं. इसमें 500 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं. महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न वर्गों और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किये जायेंगे. महोत्सव में प्रतिदिन कला एवं संस्कृति विभाग की तरफ से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे. बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूला आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा.

20 रुपए में मिलेगा प्रवेश

मेले के लिए 20 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है. उद्घाटन समारोह में महोत्सव परिसर में प्रवेश निःशुल्क रहेगा. वाहनों के लिए नगर निगम द्वारा पार्किंग की व्यवस्था की गयी है. किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्प डेस्क एवं सीसीटीवी लगाया गया है. वृद्धजनों के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है.

क्रिसमस के पहले लाभुकों को मिल सकता है मंईयां सम्मान योजना का पैसा

मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के लिए अच्छी खबर है. दरअसल क्रिसमस के पहले इस योजना की लाभुक बहनों के खातों में पैसे ट्रांसफर होने की उम्मीद है. चूंकि द्वितीय अनुपूरक बजट को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की मंजूरी मिल चुकी है. बुधवार को ही राज्यपाल ने बजट पर अपनी मंजूरी दे दी है. जिसके बाद विधि विभाग की ओर से अधिसूचना जारी करते ही वित्त विभाग की ओर से भी पत्र जारी किया गया है. मंईयां सम्मान योजना के लिए महिला बाल एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत आता है. जिसने स्वीकृति के लिए फाइल विभागीय मंत्री को भेजी है. ये विभाग सीएम हेमंत सोरेन के पास है. वहीं सीएम की स्वीकृति मिलते ही मंईयां योजना की 55 लाख लाभुकों के खाते में पैसे आ जाएंगे. पैसे ट्रांसफर करने के लिए महिला बाल एवं सामाजिक विभाग ने सीएम के तारीख देने की मांग की है. हालांकि अंदरखाने से खबर है कि क्रिसमस के पहले ही लाभुकों के खातों में पैसे ट्रांसफर किए जाएंगे. बता दें कि हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया था. उस सत्र में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 11 हजार 697 करोड़ 45 लाख का अनुपूरक बजट पेश किया था. जिसमें से महिला बाल विकास एवं सामाजित सुरक्षा विभाग को सबसे राशि आवंटित किया गया था. जो 6 हजार 390 करोड़ 55 लाख रुपए है.

कुलगाम में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ 5 आतंकवादी ढेर, 2 सुरक्षाकर्मी घायल

एजेंसी

कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गुरुवार को मुठभेड़ हुई. अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस ऑपरेशन में 5 आतंकवादियों को मार गिराया गया, जबकि 2 सुरक्षाकर्मी घायल हुए. सुरक्षा बलों को बुधवार रात बेहीबाग इलाके के कादर में आतंकियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिली थी, जिसके आधार पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू की गई. तलाशी के दौरान आतंकवादियों ने गोलियां चलाईं, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई. भारतीय सेना की चिनार कोर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा, 19 दिसंबर को विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुलगाम के कादर में संयुक्त अभियान चलाया. सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधियां देखीं, जिसके बाद आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी. हमारे सैनिकों ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई की.ह्व इससे पहले इसी महीने, मध्य कश्मीर के गगनगीर में सुरंग निर्माण स्थल पर एक आतंकी हमले में शामिल लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था. उस हमले में श्रीनगर-लेह हाईवे पर काम कर रहे सात मजदूर और एक ठेकेदार के कर्मचारी मारे गए थे.

जम्मू-कश्मीर में हाल के महीनों में नागरिकों को निशाना बनाकर हमले बढ़े हैं. 9 जून को रियासी में एक बस पर हमला हुआ, जिसमें 9 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी. इसके अलावा, 23 नवंबर को बारामूला पुलिस ने सेना के साथ मिलकर कुंजर इलाके में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया. ये घटनाएं दशार्ती हैं कि घाटी में सुरक्षा बलों को सतर्क रहना पड़ रहा है, क्योंकि आतंकी गतिविधियां लगातार जारी हैं. बता दें कि जम्मू-कश्मीर में इस साल कई बार आतंकवादी घटनाएं सामने आयी हैं. 20 अक्टूबर को मध्य कश्मीर में आतंकियों ने हमला किया था. इस हमले में सात लोगों की मौत हो गयी थी. वहीं 28 अक्टूबर को जम्मू के अखनूर इलाके में आतंकियों ने सेना के काफिले पर घात लगाकर हमला किया था. इसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में घेराबंदी कर ऑपरेशन चलाया और तीन आतंकियों को मार गिराया था. मारे गये आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए थे. जम्मू-कश्मीर में साल 2019 में 142 आतंकवादी मारे गये थे. वहीं इस साल अब तक सेना के जवानों के 45 आतंकियों को मार गिराया है. वहीं 2019 में आतंकी हमले में 50 नागरिकों की जान गयी थी।

राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खोरठा विभाग द्वारा खोरठा जन गायक जगलाल सिंह की स्मृति में विशेष व्याख्यान सह खोरठा गीत प्रस्तुति का किया गया आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खोरठा विभाग द्वारा भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा के सहयोग से गुरुवार को विशेष व्याख्यान सह खोरठा गीत प्रस्तुति का आयोजन किया गया। स्थानीय खोरठा जन गायक जगलाल सिंह की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रश्मि, कुलसचिव डॉ मिथिलेश कुमार मंडल परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार, शिक्षाविद डॉ बीएन ओहदार व इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत खोरठा विभाग की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम के नेतृत्व में किया गया।कुलसचिव डॉ मंडल ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के उपरांत खोरठा गीत प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को इप्टा की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन खोरठा विभाग के विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम व धन्यवाद ज्ञापन पोवेल कुमार ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष व प्राध्यापक के अलावे आयोजन समिति के बलराम पन्नालाल राम, सुशील स्वतंत्र,अंजनी, प्रीतम, इप्टा से मेघनाथ, राजू कुमार, शशि पांडे, रवि शंकर समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

लोक भाषा, कला और साहित्य का संरक्षण जरूरी: शैलेन्द्र

खोरठा जन-गायक जगलाल सिंह के गीतों में जनचेतना के स्वर विषय पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि औपनिवेशीकरण के इस दौर में हमारी लोक भाषाओं, कला और साहित्य का संरक्षण जरूरी है। ताकि हमारी अस्मिता बची रहे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। मनुष्यता,दया करुणा और प्रेम की सौंदर्य चेतना व रसबोध मनुष्य को मनुष्य बनता है। यही जनचेतना है जिसे नष्ट करने कि कोशिश की जा रही है। जरूरत है इसे बचाने की और इसके लिए जरुरी हैं स्थानीय लोक भाषाओं के साथ जुड़ने की। बिना अपनी माटी से जुड़े हम बेहतर समाज का निर्माण नहीं कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में खोरठा विभाग के जनक और खोरठा साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ बी एन ओहदार ने खोरठा भाषा में ही अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने गुरु डॉ रामदयाल मुंडा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था जे नाची से बाची और इसके आगे डॉ ओहदार ने जोड़ा जे गावी से जीवी। उन्होंने कहा कि जीवन का यही मूल मंत्र है नाचना और गाना। मौजूदा दौर में जिस तरह से सब कुछ बाजार के हवाले कर दिया गया है, ठीक वैसे ही हमारी कला साहित्य और संस्कृति की भी हो रही है। इसका संरक्षण जरूरी है और यह तभी होगा जब हम मानवीय मूल्यों के साथ जुड़कर अपना अध्ययन करें और कला व साहित्य का सृजन करें। खोरठा में इसकी अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने खोरठा गीतों में फुहड़पन की कड़ी आलोचना करते हुए जन चेतना को विकसित करने वाले जनपक्षीय खोरठा गीतों को लिखने व गाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया।

जन-पक्षीय खोरठा गीतों से सराबोर रहा महफिल

खोरठा विभाग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खोरठा गीतों से महफिल सराबोर रहा। लइयो इप्टा से आये कलाका

रों की मण्डली ने कई जनगीत प्रस्तुत किये। वहीं खोरठा भाषा के स्थापित कलाकार प्रदीप कुमार दीपक, बसु बिहारी, सुरेश विश्वकर्मा व डॉ एमएन गोस्वामी ने अपने अंदाज में शानदार खोरठा गीत प्रस्तुत कर सबको झारखंडी कला व साहित्य से परिचय कराया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलंत लोक अदालत सह जागरूकता शिविर का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रामगढ़। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह - अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के मार्गदर्शन में चलंत लोक अदालत और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में LADC न्याय रक्षक मोहन महतो, अधिकार मित्र उमेश कुमार गुप्ता, टिकेश्वर महतो और पूनम कुमारी ने जागरूकता में शामिल थे। शिविर का आयोजन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और टायर मोड के पास किया गया, जहाँ बच्चों और स्थानीय लोगों को कानूनी अधिकारों और विधिक प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना था। न्याय रक्षक मोहन महतो ने बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया और यह समझाया कि कानूनी अधिकार हर नागरिक को मिलते हैं, चाहे वह बच्चा हो या वयस्क। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि किसी भी प्रकार के शोषण या दमन का सामना करने पर उनके पास अपने अधिकारों की रक्षा करने का पूरा हक है। अधिकार मित्र उमेश कुमार गुप्ता ने विधिक सहायता प्राप्त करने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोग अपनी कानूनी समस्याओं का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकार से प्राप्त कर सकते हैं और यदि कोई परेशानी आती है, तो उन्हें मुफ्त विधिक सहायता मिल सकती है। टिकेश्वर महतो ने बच्चों को यह समझाया कि वे अपनी सुरक्षा के लिए क्या कदम उठा सकते हैं और अपने अधिकारों की रक्षा कैसे कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण का सामना नहीं करना चाहिए और वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी रास्ते अपना सकते हैं। इस शिविर में बच्चों और स्थानीय लोगों को कानूनी प्रक्रियाओं और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को यह भी बताया गया कि वे किसी भी कानूनी समस्या का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ से प्राप्त कर सकते हैं। आयोजन के अंत में सभी उपस्थितों को विधिक अधिकारों और सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ द्वारा समाज में कानूनी जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम हो रहा है।

बिरसा महाविद्यालय की भूमि को बचाने को लेकर ग्राम सांकुल की जनता ने उपायुक्त से लगाई गुहार

पतरातू। पतरातू प्रखंड स्थित ग्राम सांकुल के स्थानीय जनता ने उपयुक्त रामगढ़ को लिखित आवेदन देकर उनसे गुहार लगाते हुए कहा है कि सांकुल, अंचल पतरातू, थाना सं०- 21 के अन्तर्गत खाता सं०- 351 प्लॉट सं0- 3127 रकवा-102:46 एकड़ जमीन पर स्थित वीर बिरसा महाविद्यालय की स्थापना 1982 ई० में हुई और 1995 ई० तक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई-लिखाई भी हुई। जिसमें सांकुल एवं पतरातू की ग्रामीण की जनता ने तन-मन एवं धन से सहयोग कर महाविद्यालय भवन एवं ऑफिस का निर्माण करवाया। ग्रामीणों में आवेदन में यह भी लिखा है कि हाल सर्वे की मापी में भी वीर बिरसा महाविद्यालय के नाम से 2 एकड़ 46 डी० जमीन की खाता खुला है, जिसका नया खाता सं०- 682 एवं नया प्लॉट सं०- 5134 दर्ज है। उपरोक्त कॉलेज भवन को (1) मनोज कुमार साहु उर्फ मुन्ना प्रसाद, (2) राज कुमार साहु पिता महेश्वरी प्रसाद साहु, (3) महेश्वरी प्रसाद साहु पिता स्व० सूरजनाथ साहु ग्राम सांकुल एवं अन्य भु-माफियाओं ने आपसी साठ-गाँठ कर कॉलेज की निर्मित भवन को खउइ से छत्तीग्रस्त कर दिया है और बकी जमीन पर खउइ के द्वारा ट्रेंच काटकर अतिक्रमण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आवेदन के जरिए उपायुक्त रामगढ़ से आग्रह है कि उपरोक्त लिखित व्यक्तियों पर उचित कारवाई करते हुए, महाविद्यालय की भूमि को बिक्री होने से बचाया जाय। ग्रामीणों ने इसकी प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी महोदय, रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू पुलिस निरिक्षक महोदय, पतरातू पतरातू प्रभारी महोदय, पतरातू को भी सौंपी है।

अवैध रूप से हो रहे बालू के उठाव के विरुद्ध अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा चलाया गया जांच अभियान

दो वाहनों को किया गया जब्त, प्राथमिक की दर्ज

रामगढ़। रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी के द्वारा मांडू प्रखंड अंतर्गत कुज्जू थाना क्षेत्र में पैंकी घाट पर चलाए गए जांच अभियान के दौरान दो ट्रैक्टर वाहन JH 01DT3193) एवं दूसरा वाहन चेसिस नंबर MBNTFAEXANRL00133 को अवैध रूप से बालू का उठाव करते हुए पाया गया जिसके उपरांत दोनों वाहनों को जप्त कर कुज्जु थाना में संबंधितों पर प्राथमिक दर्ज कराते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गर्भवती व धात्री महिलाओं की आधार टैगिंग एवं 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीकरण को लेकर शिविर आयोजित करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रामगढ़। गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने गर्भवती एवं धात्री माताओं को वितरित किए जा रहे पोषाहार के तहत उनकी आधार टैगिंग, 0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण को लेकर पंचायत वार प्रज्ञा केंद्रों को टैग करते हुए अभियान मोड शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त एक सप्ताह के अंदर पंचायत बार प्रज्ञा केंद्रों को टैग करने का कार्य पूर्ण करते हुए रोस्टर तैयार करने संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने 10 वर्ष से पूर्व बनाए गए आधार कार्ड को अपडेट करने हेतु भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में आधार अपडेट करने का कार्य भी शिविर के दौरान सम्पन्न करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आधार पंजीकरण करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ससमय प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सहायक डाक अधीक्षक, परियोजना पदाधिकारी यूआइडीएआइ रामगढ़, सहायक प्रबंधक यूआइडीएआइ क्षेत्रीय कार्यालय रांची, सीएससी मैनेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

लोहरदगा के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने हेतु जिला स्तर पर शुरू हुआ अभियान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

लोहरदगा। जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने एवं ळङ्क्रऋक के दिशा-निदेर्शों के क्रियान्वयन तथा तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 हेतु आज स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलॉपमेंट सोसाईटी (सीड्स) के तकनीकी सहयोग से अभिलाषा कक्ष, समाहरणालय लोहरदगा के सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती नीलम आईलीन टोप्पो की अध्यक्षता में किया गया। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनय बन्धु कच्छप ने कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारीयों, प्राचार्यों, शिक्षकों एवं मीडियाकर्मियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलीन टोप्पो ने अपने ने संबोधन में कहा कि तम्बाकू सेवन की आदत जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रुप में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है। अतः तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम के प्रति अवयस्क और युवा वर्ग में जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने आनेवाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और अवयस्कों को तम्बाकू की लत से दूर रखा जाये। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के मार्गदर्शन में सोशिओ इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) झारखण्ड द्वारा ह्लतम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु साकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीड्स झारखण्ड के सहयोग से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त घोषित कराने हेतु आज हमारे लोहरदगा जिले में इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है एवं क्रमवार इस कार्यशाला का आयोजन राज्य के सभी जिलों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज लोहरदगा जिला में इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है और जल्द ही राज्य के अन्य जिलों में अभियान चलाकर सभी जिलों के सभी विद्यालयों को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू सेवन न करने का सपथ दिलाया। सीडस के कार्यक्रम समन्वयक रिम्पल झा ने तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की आवश्यकता के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की । उन्होंने बताया कि तम्बाकू उत्पाद से बच्चे, अवस्क एवं युवा वर्ग के लोगों को बचाये जाने की आवश्यकता है। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (2019) द्वारा सम्पूर्ण विश्व में युवाओं द्वारा तम्बाकू सेवन से संबंधित जो आंकड़ें संकलित किये गये हैं वह यह दशार्ता है कि भारत में 13-15 वर्ष के 8.5 प्रतिशत छात्रगण किसी न किसी प्रकार के तम्बाकू का उपयोग कर रहे हैं वहीं झारखण्ड मे यह 5.1 प्रतिशत है जो चिन्ता का विषय है। श्री झा ने कहा कि तम्बाकू सेवन से हर साल देश में लगभग 13 लाख लोगों की मौत हो रही है। तम्बाकू सेवन से खास तौर पर बच्चों, अवयस्कों एवं युवा वर्ग के लोगों को बचाये जाने की आवश्यकता है। उन्होने कहा प्रायः ऐसा देखा जाता है कि राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास तम्बाकू उत्पाद जैसे कि सिगरेट, बीडी. पान मसाला, जर्दा एवं खैनी इत्यादि की बिक्री की जाती है। इससे कम आयु के युवाओं एवं छात्रों में धूम्रपान एवं तम्बाकू सेवन की व्यसन को बढ़ावा मिलता है। ह्लतम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (ळङ्क्रऋक) के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप नौ गतिविधियां की जानी है। सुनंदा चन्द्रमौलेश्वर दास जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने आनेवाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और अवयस्कों को तम्बाकू की लत से दूर रखा जाये। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के मार्गदर्शन में सोसिओ इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) झारखण्ड द्वारा ह्लतम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (ळङ्क्रऋक) के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु साकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। अंत में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री विनय बन्धु कच्छप ने कार्यशाला में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा पदाधिकारी महोदया की सहमति से कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चयनित विद्यालय के प्राचार्य, नोडल शिक्षक, सीड्स झारखंड के क्षेत्रीय समन्वयक भोला पाण्डेय एवं मीडिया कर्मी उपस्थित हुए।

मुनिश्री सुयश सागर जी का मंगल विहार रांची

रामगढ़। मुनिश्री सुयश सागर जी का मंगल विहार।दिगंबर मुनि सुयश सागर जी महाराज का सहसंग विहार दोपहर रांची की ओर हुआ विहार से पूर्व मुनि श्री द्वारा प्रातः मंदिर में सहस्त्र नाम शांति धारा का आयोजन किया गया ।इसके अंतर्गत मुनिश्री द्वारा 1008 मंत्रों द्वारा श्रीजी की शांति धारा कराई गई ।शांति धारा के कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने बढ़चर कर हिस्सा लिया बाद में मुनिश्री ने अपना मंगल आशीर्वाद समाज के लोगों को प्रदान करते हुए रांची की ओर अपना विहार किया। रात्रि विश्राम मुनिश्री का चूटूपालु स्कूल मे होगा। विहार में मुनिश्री के साथ प्रतीक चूड़ीवाल ,राजेंद्र चूड़ीवाल, संजय सेठी विकाश ,सुनीता सेठी, संगीता सेठी, राजेंद्र पाटनी महेंद्र बागड़ा, अनंत सेठी इत्यादि समाज के लोग शामिल थे उपरोक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण सेठी द्वारा दी गई।

संसद में कांग्रेस का नाटक राष्ट्र के विकास में बहुत बड़ा बाधक: जे पी पांडेय

रामगढ़। झारखंड प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के नेता जय प्रकाश पांडेय कहा की दिल्ली संसद में सांसदों के साथ हुई धक्का मुक्की की घटना और सांसदों का घायल होना अत्यंत ही गंभीर घटना है,इस तरह की घटना आजादी के इतिहास में पहली बार देखने को मिली है,आखिर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को राष्ट्र का विकास और भारत का दुनिया में एतिहासिक स्थान बर्दास्त नही हो रहा है, डा अंबेडकर जी को कांग्रेस अपने शासनकाल में किस तरह से बदनाम किया है और संविधान के साथ जिस तरह से खिलवाड़ किया है भारत के प्रत्येक व्यक्ति अवगत है,परंतु सदन में संसद में आज जो अभद्र ब्यावर और धक्का मुक्की हो रही है,संसद के इतिहास में आज संसद का काला दिन है,यह कांग्रेस के हार का हतासा है,वह राष्ट्र के विकास के लिए बहुत बड़ा बाधक हैं,संसद के समय को जानबूझ कर बर्बाद किया जा रहा है और आम जनता की राशि को जान बूझकर कर बर्बाद किया जा रहा है,कांग्रेस 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने देना नहीं चाहता है,आपातकाल लगाकर सविधान को छलनी करनेवाली कांग्रेस आज बाबा साहेब डा अंबेकर का सविधान का किताब लेकर घूमते हुए राष्ट्र को गुमराह करने का कार्य कर रही है,भाजपा सरकार बहुमत में है,उसके बढ़ते विकास संबंधी शक्ति को रोका नही जा सकता है,संपूर्ण राष्ट्र में भाजपा को सभी राज्यों में कांग्रेस के खिलाफ विद्रोह शुरू करना चाहिए तब जाकर कांग्रेस की अक्ल ठिकाने लगेगी और उन्हें शांति मिलेगी केंद्र सरकार सांसदों के लिए कड़े कदम उठा कर राष्ट्र के विकास के लिए कार्यों को पूरा करे,यदि जरूरी हो तो पूर्व में कांग्रेस के शासनकाल में किए कानूनी एक्सन भी हो तो उठाया जाय अब कांग्रेस के आनप सनाप ब्यान बर्दास्त नहीं।

ओलमंडा पंचायत के पूर्व मुखिया कार्तिक उरांव का निधन

गुमला(सिसई): ओलमुंडा पंचायत के पुर्व मुखिया सह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता कार्तिक उरांव का गुरुवार अहले सुबह चार बजे के करीब सेवा सदन रांची में इलाज के क्रम में देहांत हो गया। वो काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। राजनीति व समाजसेवा में हमेशा सक्रिय मृदुभाषी, सरल स्वभाव के कार्तिक उरांव की अचानक हुई मृत्यु की खबर से पंचायत सहित पुरे प्रखंड में शोक की लहर है। उनके मृत्यु पर भाजपा के पुर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, डॉ अरुण उरांव,जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा,प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, लालमोहन साहु, निरंजन सिंह,भैरो सिंह खेरवार,अरकितानंद देवघरिया, अमन यादव,चरवा उरांव, बालेश्वर उरांव, संजय महतो,वसंत साहु,नन्द किशोर सिंह, ईश्वर महतो, सुखलाल राय,वसंत यादव,अनिल कुमार साहु, रविन्द्र साहु,मनोहर नायक, रामानंद सिंह, सोमेश्वर उरांव, इंद्रपाल उरांव, हेमा गुप्ता, रेखा देवी, पार्वती देवी, सुनीता देवी,छोटेलाल ताम्रकार, मुकेश ताम्रकार, जयराम उरांव,अनिल कुमार गोप, राजेश साहु, तारकेश्वर उरांव,प्रवीण ओहदार, नीलकंठ केशरी, ज्योतिष शाहदेव, नितिश कुमार बड़ाईक, सत्यनारायण भगत,ओज जायसवाल, मनोज उरांव, प्रवीण यादव, विक्रांत सिंह,कामदेव सिंह, कृष्णा गोप, सुरेश लोहरा, दिरपाल लोहरा, सहित प्रखंड व जिला के कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

प्रोफेसर नियुक्ति नहीं करना छात्रों के लिए जीवन बर्बाद करना है : आदित्य कुमार साहू

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा बलदेव साहू महाविद्यालय में प्रोफेसर की नियुक्ति की मांग को लेकर कॉलेज अध्यक्ष पृथ्वी तमेरा की अध्यक्षता में महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक महोदय को ज्ञापन सौंपा गया।मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू ने कहा कि महाविद्यालय में प्रोफेसर की कमी के कारण छात्रों को पढ़ाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आदित्य साहू ने कहा यदि प्रोफेसर की नियुक्ति जल्द से जल्द नहीं हुई तो बाध्य होकर आंदोलन करने में उतारू हो जायेगे।

यह छात्रों के करियर के साथ खिलवाड़ है जिसपे सरकार और कॉलेज प्रबंधन को ध्यान देने की जरूरत है। यद्यपि समय समय पर अभाविप ने इसपर कॉलेज प्रबंधन का ध्यान भी आकृष्ट किया है लेकिन इसपर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। मौके पर उपस्थित उपाध्यक्ष जानवी कंचन गोयल ,नगर अध्यक्ष प्रदीप महतो, इकाई उपाध्यक्ष मंगल देव उरांव, रत्न प्रमुख प्रेरणा कुमारी ,आयुष कुमार मिंज,सुधीर उरांव, पूजा कुमारी, नैना कुमारी ,प्रियांशु साहू, पिंटू नायक ,आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

लोहरदगा के इंडोर राइफल रेंज में हुई चोरी की वारदात, जांच में जुटी पुलिस, रायफल और पिस्टल छोड़ शूटिंग रेंज के वायर और सामान ले गए चोर

लोहरदगा । लोहरदगा बीएस कॉलेज लोहरदगा के हाते में बने नवनिर्मित शूटिंग रेंज में हुई चोरी, इंडोर हॉल का ताला तोड़कर सभी उपकरणों को तोड़-फोड कर सामानों को तहस-नहस किये जाने की शिकायत सदर थाना पुलिस को दिया गया है. राइफल रेंज का देखरेख कर रहे मतीश महतो ने सदर थाना मे लिखित आवेदन देकर करावाई की मांग किया है. शूटिंग रेंज का मेन गेट का ताला टूटा हुआ है सभी इलेक्ट्रॉनिक टारगेट का कनेक्शन तार काटा हुआ है और 1 स्टैंड फैन, केबल एवं टारगेट पेपर चोरी हो गया है. हालाकी शूंटिंग रेंज में रखी राइफल, पिस्तौल और लैपटॉप सुरक्षित बच गया है. शूटिंग रेंज के मुख्य गेट के समीप खुले मैदान में शराब की खाली बोतले बता रही है की कहीं चोरी की वारदात से पूर्व बाहर बैठकर आग के अलाव में शराब पिया गया और उसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया गया. फिलहाल इस पूरे मामले पर लोहरदगा पुलिस प्रशासन कुछ भी बोलने से बच रही है।

जिला अधिवक्ता शंघ की एक अहम बैठक शंघ के अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी के अध्यक्षता में आहूत की गयी

लोहरदगा । लोहरदगा जिला अधिवक्ता शंघ की एक अहम बैठक शंघ के अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी के अध्यक्षता में आहूत की गयी ' आज बार परिसर में अधिवक्ता मुकेश राम वर्मा पर हुए हमले की कडी निंदा करते हुए जिले प्रशासन से अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु माँग करने का निर्णय लिया गया है ' पूर्व में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार न्यायालय और बार एसोसिएशन की सुरक्षा हेतु पुलिस बल तैनात किया गया था,परन्तु बार की सुरक्षा संघ को जानकारी दिये बिना वापस ले लिया गया 'दिनांक 28.11.2024. को अधिवक्ता मुकेश राम वर्मा पर चाकू से अभियुक्तों द्वारा जान लेवा हमला किया गया था उक्त घटना के बारे में अधिवक्ता द्वारा लिखित सूचना लोहरदगा थाना को दी गयी परन्तु पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई ' पूर्व में भी अभियुक्तों द्वारा मुकेश राम वर्मा को किडनैप कर काफी मार पीट की गयी थी जिस घटना पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा बेल में बाहर हैं ' जिला अधिवक्ता संघ प्रशासन से माँग करती है कि उन्हें उचित सुरक्षा प्रदान करे जिसे की अधिवक्ता अपना कार्य का निर्वहन शांतिपूर्ण रूप से कर सके '

रांची के नवीन को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान तो सुदामा प्रसाद को मिला भिखारी ठाकुर स्मृति सम्मान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। बिहार के आरा में भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान द्वारा भिखारी ठाकुर लोकोउत्सव 2024 का आयोजन किया गया था. भिखारी ठाकुर की जयंती के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मंच पर डॉक्टर नवीन को पद्मश्री उस्ताद श्री बिस्मिल्लाह खान पुरस्कार के साथ अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया. वहीं सुदामा प्रसाद को भिखारी ठाकुर स्मृति से सम्मानित किया गया. इस दौरान भोजपुरी संयुक्त संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया, जिसकी कोर कमिटी में विभिन्न क्षेत्रों के भोजपुरीसेवियों को शामिल किया गया. जिनमें रांची से डॉक्टर नवीन सिंह, डॉ अजय ओझा, गोरखपुर से नंदलाल मणि त्रिपाठी, देवरिया से जनार्दन सिंह, छपरा से उमाशंकर साहू, बक्सर से राजेश कुमार, रोहतास से स्यंदन सुमन, आरा से पत्रकार नरेंद्र सिंह, सोहित सिन्हा, पप्पू सिंह प्रमुख हैं.

डॉक्टर नवीन शिक्षक, साहित्यकार और शिक्षाविद है- डॉक्टर नवीन शिक्षक, साहित्यकार और शिक्षाविद है. उनकी लिखी पुस्तकें देश के कई विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम में भी शामिल है. डॉ नवीन हजारीबाग से पहले झारखंड के आदिवासी बहुल इलाका गोड्डा के सुंदर पहाड़ी में आदिवासी बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा में शामिल करवाने के लिए लगातार प्रयासरत भी रहे हैं. पिछले दो सालों से उनके इस महान कार्य के लिए बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में कई पुरस्कार मिल चुका है. वर्तमान में उनकी तीन उपन्यास प्रक्रियाधीन है, इसके अलावा इनके लेख देश के विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं. झारखंड सरकार के जीसीईआरटी के कक्षा 6, 7 और 8 में हिंदी पाठ्यपुस्तक के निर्माण में सदस्य भी रहे हैं.

भोजपुरी से जुड़े मुद्दों पर आवाज उठाने की मांग

भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम सत्र की शुरूआत महापौर इंदु देवी, साहित्यकार एवं संस्कृतिकर्मियों नवीन सिंह, प्रीति सिंह, जनार्दन मिश्र, अंकिता पंडित, देवीदयाल राम, श्याम नारायण शर्मा, प्रो किरण कुमारी, वाल्मीकि शर्मा कयामुद्दीन अंसारी तथा सांसद प्रतिनिधि दिलराज प्रीतम एवं अन्य द्वारा दीप जलाकर हुई. भोजपुरी की संवैधानिक मान्यता के सवाल पर अतिथियों ने विचार रखे. सांसद प्रतिनिधि ने सांसद सुदामा प्रसाद का शुभकामना संदेश पढ़ा तथा संसद के सत्र में भोजपुरी से जुड़े मुद्दों पर आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की. अध्यक्ष नरेंद्र सिंह के आग्रह पर दिलराज प्रीतम ने कहा कि भोजपुरी में पत्र व्यवहार करने के लिए राजधानी दिल्ली में एक बॉक्स लगाया जाएगा.

सुदामा प्रसाद को मिला भिखारी ठाकुर स्मृति सम्मान

भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान का भिखारी ठाकुर स्मृति सम्मान सांसद सुदामा प्रसाद को भोजपुरी के लिए किए जा रहे संकल्प के लिए दिया गया. अन्य वार्षिक सम्मानों में भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच का विशेष सम्मान गोरखपुर की लोकगायिका अंकिता पंडित को, रंगकर्मी शशिनाथ त्रिवेदी सम्मान रंगकर्मी अंबुज कुमार को, समकालीन तापमान पत्रकारिता सम्मान युवा पत्रकार बंटी भारद्वाज को, साहित्यकार मधुकर सिंह स्मृति सम्मान कवि जनार्दन मिश्र को, पद्मश्री उस्ताद बिस्मिल्ला खां स्मृति सम्मान नवीन सिंह को, कवयित्री उर्मिला कौल स्मृति सम्मान डॉ रेणु मिश्र को, बाबू शत्रुंजय प्रसाद सिंह स्मृति सम्मान डॉ जया जैन को तथा, भोजपुरी सेवक सम्मान गीतकार कवि राज कवि, रंगकर्मी रंजन यादव, समाजसेवी कृष्ण प्रताप सिंह, फिल्म अभिनेता रामेश्वर, भोजपुरी शोधछात्र सोहित सिन्हा तथा व्यास कमलेश व्यास और उनकी टीम को दिया गया.

विद्यार्थियों की मौज, झारखंड में इतने दिन रहेंगे स्कूल और कॉलेज बंद

रांचीः झारखंड में स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटियों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए अहम खबर है. नए साल के शुरू होने में अब मात्र 12 दिन बचे हैं लेकिन उससे पहले स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्रों के मन में ये उत्सुकता रहती है कि नए साल में कितने दिन छुट्टी रहेगी. ऐसे कितने दिन होंगे जिनमें उन्हें स्कूल और कॉलेज नहीं जाने होंगे. तो आइये हम इस बात का खुलासा करते हैं कि नए साल में कितने दिन की छुट्टी रहेगी. राजभवन ने राज्य के सभी सरकारी स्कूल और यूनिवर्सिटी में साल 2025 के लिए 86 छुट्टियों का प्रस्ताव दिया है.

2025 में 86 दिन बंद रहेंगे स्कूल और कॉलेज

राजभवन द्वारा प्रस्तावित कैलंडर में स्कूलों और कॉलेजों में 86 दिन की छुट्टी दी गई है. राज्यपाल के प्रधान सचिव ने सभी कुलपतियों को चिट्ठी लिखकर तीन दिन में राय मांगी है. अगर सभी की राय सकारात्मक रही तो इस पास कर दिया जाएगा. इन 86 छुट्टियों में 12 रविवार को भी रखा गया है. साथ ही सभी यूनिवर्सिटियों को ये छूट दी गई है कि वो स्थानीय पर्व-त्योहारों में 5 दिन की विशेष छुट्टी अपने हिसाब से दे सकते हैं.

प्रमुख त्यहारों में इतने दिन रहेगी छुट्टी

2025 में प्रमुख त्यहारों की भी लिस्ट सामने आ गई है कि किस दिन छुट्टी रहेगी. रामनवमी के लिए 6 अप्रैल को छुट्टी का प्रस्ताव रखा गया है. वहीं गुड फ्राइडे 18 अप्रैल और ईस्टर 21 अप्रैल को होगी. गर्मी की छुट्टियां 1 जून से 20 जून तक रहेगी तो दुर्गा पूजा 28 सिंतबर से 3 अक्टूबर तक रहेगी. दिवाली और छठ के लिए 18 से 29 अक्टूबर की छुट्टी रखी गई है.

ट्रिपल आइटी में पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

रांची . ट्रिपल आइटी में पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम गुरुवार से शुरू हो गया. संस्थान के निदेशक प्रो राजीव श्रीवास्तव ने इसका उदघाटन किया. उन्होंने एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और एमएल (मशीन लर्निंग) तकनीकों की स्थायी विकास पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को एआइ और एमएल के व्यावहारिक अनुप्रयोगों के प्रति जागरूक करना है. व्यावहारिक कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षण देना और वास्तविक जीवन के उपयोग मामलों इनोवेशन को बढ़ावा देना है. इस कार्यक्रम की को-ऑर्डिनेटर डॉ रश्मि पांडा और सह-कोऑर्डिनेटर डॉ प्रियांक खरे हैं. 23 दिसंबर 2024 तक चलनेवाले इस कार्यक्रम में दूसरे दिन स्वास्थ्य सेवा जैसे व्यावहारिक क्षेत्रों में एआइ और एमएल का प्रयोग समझाया जायेगा. जबकि तीसरे दिन एआइ तकनीकों द्वारा संचालित व्यापार नवाचार पर फोकस किया जायेगा. चौथे दिन शिक्षा और संसाधन विकास में एआइ के योगदान तथा पांचवें व अंतिम दिन नेटवर्किंग के अवसर, प्रोजेक्ट प्रस्तुतिकरण और समापन सत्र का आयोजन किया जायेगा.

झारखंड में कहर बरपाएगी ठंड, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांचीः झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ने से जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है. पूरे राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी है. इस बीच मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक राज्य के कई इलाकों में 20 और 21 दिसंबर को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ घना कोहरा छाया रहेगा. मौसम विभाग ने कोहरे और ठंड का येलो अलर्ट जारी किया है.

राज्य में दो दिन होगी बारिश, बढ़ेगी ठिठुरन

झारखंड में 20 और 21 दिसंबर को बारिश के साथ कोहरे की भी चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है. इसके बाद मौसम साफ रहेगा लेकिन सुबह कोहरा छाए रह सकता है. बारिश के बाद एक बार फिर पारा निचे जाएगा जिससे कि ठंड में वृद्धि हो जाएगी. मौसम विभाग ने संताल परगना, कोल्हान और पलामू प्रमंडल में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है.

इन जिलों में होगी बारिश

मौसम विभाग की माने तो राजधानी रांची, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, पलामू और गढ़वा में 20 दिसंबर को कोहरा छाया रहेगा तो वहीं 21 दिसंबर को गोड्डा, दुमका, देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभू और पूर्वी सिंहभूम में कोहरा छाया रहेगा. इस दौरान आसमान में बादल भी छाए रहने का अनुमान है.

गुमला में पड़ी सबसे अधिक ठंड

अगर पिछले 24 घंटो की बात करें तो गुमला में सबसे अधिक ठंड पड़ी. गुमला का न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस रहा तो वहीं सरायकेला का तापमान सबसे अधिक रहा. यहां का अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस रहा. राजधानी रांची में 9.4 डिग्री, जमशेदपुर में 11.5 डिग्री, डाल्टनगंज में 8.6 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा.

यीशु वास्तव में उद्धारकर्ता हैं, क्योंकि वह पापों को क्षमा करता है : मॉडरेटर

रांची. बेथेसदा वीमेंस टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बुधवार को क्रिसमस गैदरिंग हुई. मुख्य अतिथि जीइएल चर्च के मॉडरेटर बिशप मार्शल केरकेट्टा ने कहा कि यीशु वास्तव में उद्धारकर्ता हैं. परमेश्वर ने उद्धारकर्ता/मसीहा के जन्म के लिए एक चुनी हुई जाति, एक चुने हुए वंश, एक चुने हुए परिवार और एक चुनी हुई कुंआरी मरियम को चुना. स्वर्गदूतों ने कहा कि सबसे ऊंचे स्थान पर परमेश्वर की महिमा हो. यीशु के जन्म के साथ ही एक एक स्वर्गिक घोषणा पूरी हुई. यीशु ने पापियों के पाप क्षमा किये. जेरिको नाम के ऐसे पापी के साथ भोजन किया, जिसे समाज में अच्छी नजर से नहीं देखा जाता था. उन्होंने लोगों को चंगाई दी. पापों से छुटकारा दिया. हमें जीवन दिया. हमारे जीवन को बदलने वाला काम यीशु ने किया है, तो जरूरी है कि इस क्रिसमस पर हम अपने जीवन को बदलने वाले यीशु को अपना लें.

छात्राओं ने पेश किये नेटिविटी प्ले

इस अवसर पर छात्राओं ने नेटिविटी प्ले (यीशु के जन्म की घटनाओं पर आधारित लघु नाटिका) पेश किया. ग्लोरिया, ग्लोरिया जैसे कई गीत पेश किये गये. कार्यक्रम में चर्च के डिप्टी मॉडरेटर बिशप मुरेल बिलुंग, बिशप जोनसन लकड़ा, बिशप जोसेफ सांगा, चर्च के महासचिव ईश्वर दत्त कंडुलना और डॉ दीपशिखा बाखला आदि उपस्थित थे.

छात्र के साथ ड्राइवर ने की गंदी हरकत, शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस ने पीड़ित की मां को 2 दिन दौड़ाया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। राजधानी में यौन उत्पीड़न और छेड़खानी का एक और मामला सामने आया है. यह मामला बीआईटी मेसरा थाना अंतर्गत स्पेक्ट्रम ग्लोबल स्कूल का है. जहां नर्सरी क्लास में पढ़ाई कर रहे चार वर्षीय बच्चे के साथ कैब ड्राइबर ने गलत काम किया है. जिसकी शिकायत छात्र की मां ने बीआईटी मेसरा टीओपी में शिकायत दर्ज कराई है. जिसके बाद पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है.

पुलिस की ओर से नहीं मिला सहयोग, एफआईआर में स्कूल प्रबंधन को बचाया गया

छात्र की मां ने बात करते हुए कहा कि सबसे पहले मैंने स्कूल के प्रिंसिपल से इसकी शिकायत की. लेकिन उनकी तरफ से किसी तरह का सहयोग और कार्रवाई नहीं की गई. जिसके बाद बच्चे को लेकर मेसरा टीओपी में शिकायत दर्ज कराने के लिए दो दिनों तक परेशान होना पड़ा. वहीं टीओपी में कई बार मेरे चार वर्षीय बच्चे से बयान लिया गया. किसी तरह पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली, लेकिन स्कूल प्रबंधन के किसी व्यक्ति को इस पूरे मामले में शामिल नहीं किया है. जबकि हम अपने बच्चे को स्कूल पर भरोसा जता कर भेजते हैं. इसके साथ स्कूल वैन से ही बच्चे का आना जाना हुआ करता था. लेकिन उसके बावजूद पुलिस ने स्कूल प्रबंधन को बचाने की पूरी कोशिश की है.

होगी उचित कार्रवाई झ आयोग

झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी ने कहा कि इस घटना को लेकर आयोग गंभीर है. मामला संज्ञान में आया है, आयोग उचित कार्रवाई करने के साथ बच्चे परिवार से मिलने का काम करेगा. वहीं अगर बच्चे के परिवार के लोग सुरक्षा की मांग करते हैं, तो आयोग की तरफ से उनके परिवार को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करायी जाएगी.

रांची विवि में नीड बेस्ड टीचर नियुक्ति के लिए 10 और विषयों का एकेडमिक मार्क्स जारी

रांची . रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए 10 और विषयों का एकेडमिक मार्क्स जारी कर दिया है. संबंधित अभ्यर्थी को अगर एकेडमिक मार्क्स में किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो वे 23 दिसंबर 2024 तक अपनी आपत्ति भेज सकते हैं. विवि ने जिन 10 विषयों का एकेडमिक मार्क्स जारी किया है. उनमें बॉटनी (31 अभ्यर्थी), कैमिस्ट्री (139 अभ्यर्थी), कॉमर्स (428 अभ्यर्थी), अंग्रेजी (291 अभ्यर्थी), हिंदी (377 अभ्यर्थी), इतिहास (534 अभ्यर्थी), भौतिकी (107 अभ्यर्थी), पॉलिटिकल साइंस (316 अभ्यर्थी), संस्कृत (74 अभ्यर्थी) व उर्दू (171 अभ्यर्थी) शामिल हैं. इससे पूर्व विवि प्रशासन सात विषयों का एकेडमिक मार्क्स जारी कर चुका है. इनमें जूलॉजी (112 अभ्यर्थी), इकोनॉमिक्स (164 अभ्यर्थी), बांग्ला (92 अभ्यर्थी), जियोग्राफी (50 अभ्यर्थी), होम साइंस (59 अभ्यर्थी), फिलोसॉपी (167 अभ्यर्थी) तथा साइकोलॉजी (145 अभ्यर्थी) शामिल हैं. विवि शीघ्र ही नियुक्ति के लिए इंटरव्यू का आयोजन करेगा. विवि में 25 विषयों में लगभग 299 पदों पर नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की जानी है. इस नियुक्ति में अतिथि शिक्षकों ने भी आवेदन किया है. नियुक्त शिक्षकों को प्रतिमाह अधिकतम 57700 रुपये मिलेंगे.

क्रिसमस आइटम से सजा बाजार, चरनी व सांता क्लॉज की बढ़ी मांग

रांची। क्रिसमस का त्योहार करीब आते ही इसाई समुदाय के लोग इसकी तैयारी में लग गये हैं. राजधानी के बाजार भी क्रिसमस के थीम पर सज गये हैं. बाजार में क्रिसमस पर्व को लेकर सजावटी सामग्रियों से दुकानें सज गई हैं. खरीदार भी अपने घर आंगन को सजाने सवारने के लिये खरीदारी के लिये पहंच रहे हैं. लोग सबसे अधिक झालर, सांता क्लॉज, स्टार, चरनी व क्रिसमस ट्री की मांग कर रहे हैं. ये बाजार क्रिसमस बाजार मेन रोड, अपर बाजार, चर्च रोड, कोकर, लालपुर, कांटाटोली, धुर्वा, डोरंडा व बहु बाजार आदि क्षेत्रों में लगा है.

दिल्ली के बाजार से लाया हूं क्रिसमस आइटम : केडिया

अपर बाजार के गोपाल बंधन के संचालक मनीष केडिया ने लगातार. इन को जानकारी देते हुए बताया कि क्रिसमस के अवसर पर ही अपनी दुकानों को पहली बार लगाया था. उस समय 1 लाख का माल कोलकाता से लेकर आया था. बहुत अच्छी बिक्री हुई थी. लागत आने के साथ भगवान की दया से कमाई भी अच्छी हुई थी. आज मेरी इस दुकान को चार वर्ष हो गये हैं. इस बार मैंने दिल्ली से क्रिसमस के अवसर पर सामग्रियों को जुटाया है. खरीदार खरीदारी के लिये पहुंच रहे हैं.

बिहार में शराबबंदी और एक रात - हर कार में बोतल, चखना और ग्लास

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। पिछले दिनों बिहार जाने का मौका मिला. एक रिश्तेदार की शादी में. हमें पता है कि बिहार में शराबबंदी है. शराबबंदी कानून लागू है. शराब बेचने, पीते-पिलाते पकड़ाने पर जेल तय है. पर, यह उतना ही बड़ा झूठ है, जितना बड़ा झूठ गदहे के सिर पर सिंग देखने की बात करना है. हम गया शहर में थे. लड़की की शादी थी. शाम से ही बारात आने का इंतजार हो रहा था. हम भी सड़क पर इधर-उधर घूम रहे थे. करीब 100 मीटर के दायरे में चार-पांच बैंक्वेट हॉल. लिहाजा सड़क के दोनों किनारे कारें पार्क थी. सड़क पर जाम की स्थिति. पुलिस के वाहन भी कई बार आते-जाते दिख जाते थे. हमने पाया, सड़क के किनारे पार्क कारों में शायद ही ऐसी कोई कार हो, जिसमें शराब की बोतल, चखना के रुप में भूंजा, चिकन या पनीर चिल्ली, पानी की बोतल, प्लास्टिक का ग्लास और उसमें बैठे लोग मौजूद ना हो. किसी कार में दो, तो किसी कार में तीन-चार. सड़क किनारे लगे कारों में से करीब 80 प्रतिशत कारों में यही नाजारा. पहले सुना था. कई लोगों ने बताया था बिहार में सिर्फ कहने को शराबबंदी है. अगर कांटैक्ट हो और जेब में पैसा हो तो हर ब्रांड की शराब उपलब्ध है. पर, इतना खुल्लम-खुल्ला. यह देखना पहली बार हो रहा था. उन कारों में से कुछ जाने-पहचाने लोगों के भी थे. हमने थोड़ी दिलचस्पी दिखा कर पूछा- यहां तो सब उपलब्ध है. हर कार में एक ही नजारा है. एक ने बताया उपलब्ध सब है. हां आपके झारखंड से ज्यादा पैसे जरुर लग जाते हैं. पर, उपलब्ध सब है. हर शहर में. हर मुहल्ले में. यहां तक की गांव-गांव में. फोन लगाइये, ऑनलाइन पैसे भेजिये और बोतल मिल जायेगा. बोदका और रम से लेकर अच्छे से अच्छे ब्रांड की बोतलें. ग्राहक तक शराब की बोतलें पहुंचाने के काम ने बिहार में एक अलग तरह का रोजगार पैदा किया है. स्कूटी-बाइक से शराब की बोतल डिलिवर कीजिये और प्रति बोतल के हिसाब से कमीशन के रूप में कमाई कीजिये. ग्राहकों को जो प्रति बोतल 1000-1500 रुपए ज्यादा देने पड़ते हैं, उसमें से 10-15 प्रतिशत तक डिलिवरी करने वाले को कमीशन के रुप में मिलता है. शहर या गांव में कौन शराब पहुंचा रहा है, किसके पास स्टॉक रहता है, कौन डिलिवरी करता है, यह हर पीने वाले को पता होता है. जो लोग अक्सर दूसरे शहर में आते-जाते रहते हैं, उन्हें तो हर जिले के सप्लायर का नंबर पता होता है. सरकार और प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं हो यह संभव ही नहीं. ऐसा लगता है- सबको, सब पता है और सबने चुप रहने की कीमत वसूल कर ली है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हमने कई बार सुना है. शराबबंदी से होने वाले राजस्व के नुकसान के बारे में बोलते हुए. ठीक है सरकार को राजस्व का नुकसान जरुर हो रहा है, लेकिन शराब की बिक्री बिल्कुल नहीं रूकी है. हां, यह फर्क जरूर दिखता है कि लाइन होटलों में खुलेआम शराब पीता कोई नहीं दिखता. वैसे ऐसी जगहों के लिए भी चाहने वालों के पास जुगाड़ है. बिहार में कहने को शराबबंदी है. सरकार को राजस्व का नुकसान हुआ है. लेकिन इसके साथ ही ब्लैक मनी का एक समानांतर व्यवस्था कायम हो चुका है. थोड़ी मेहनत करने पर ही आपको हर शहर-गांव व बाजार में एक-दो ऐसे व्यक्ति के बारे में जानकारी मिल जायेगी, जो इस अवैध कारोबार को अपना कर पिछले 8-10 सालों में करोड़पति क्लब में शामिल हो गया है. कुछ लोग यह भी बताते हैं कि इस कारोबार से जुड़े लोगों में एक खास जाति का वर्चस्व है.

SBPS की छात्रा ने इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलिंपियाड में बनाई जगह

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल (SBPS) की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा जानवी सिन्हा ने रीजनल मैथमेटिकल ओलिंपियाड (आरएमओ) 2024 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया. यह प्रतिष्ठित परीक्षा छात्रों की तार्किक क्षमता और गणनात्मक कौशल का आकलन करती है. जानवी ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलिंपियाड (आईएनएमओ) 2024 के लिए अपनी योग्यता साबित की. प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने जानवी की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रेरणादायक बताया और अगले चरण में भी बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं.

जमीन विवाद में,दो सौतेले भाइयों के परिवार में खूनी मारपीट एक की मौत चार गंभीर रूप से घायल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

मंडरो/साहिबगंज(उजाला)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर पश्चिमी पंचायत के हाजीपुर दियारा गांव में गुरुवार को सौतेले भाई ने अपने बड़े भाई का धारदार हथियार से वार कर मौत के घाट उतार दिया। वही ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि मामला जमीनी विवाद एवं घरेलू विवाद से संबंधित है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बाखरपुर थाना क्षेत्र के धोबिया बासा बिहार में 1 दिन पूर्व जमीन को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद उत्पन्न हुई थी, बता दूं कि मृतक का आवास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के साहिबगंज जिला के हाजीपुर दियारा में है, बुधवार यानी एक दिन पहले हाजीपुर दियारा आवास पर दोनों सौतेले भाइयों के बीच बाद विवाद होते-होते ईटा पत्थर फेंक कर झड़प हुई थी। गुरुवार के सुबह सात बजे के आसपास खेत पर दिलीप एवं मुकेश पानी बोरिंग से छोड़ दिया ।जिससे भूपनारायण का गड्ढे में जमीन था उसमें लहसुन मक्का प्याज बॉय बोया हुआ था गड्ढे में पानी जाने के लिए कहा सुनी हुई। इस पर विवाद बढ़ता हुआ हाजीपुर दियारा आवास पर सुबह लगभग 7:00 आ गया और यहां लाठी , हसवा गडासी चाकू चला कर वार करने लगे। इस पर बड़ा भाई भूपनारायण को सबसे पहले धारदार हथियार से हत्या कर दिया। वही उसके पुत्र चीकू रजक ,धर्मेंद्र रजक 25वर्ष, ओमप्रकाश रजक20वर्ष मृतक की पत्नी कविता देवी 55वर्ष को गंभीर रूप, यानी हत्या करने के नियत से घायल कर दिया गया। जहां चीकू रजक उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज रेफर किया गया, स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने अपराधी के घर को तोड़ने का प्रयास करने लगे मोके पर पहुंचे एसडीपीओ किशोर तिर्की एवं पुलिस बल ने अपनी सूझबूझ दिखाते हुए समझा बुझाकर ग्रामीणों की आक्रोश को शांत कराया। जबकि ग्रामीणों ने अपराधी को पकड़ने को लेकर हांगामा किया और गांव छोड़ भाग रहे अपराधियों में तीन को बिहार बाखरपुर थाना क्षेत्र के मधुबन गांव में पुलिस बल एवं ग्रामीणों के सहयोग से धर दबोचा गया। उसमें मुकेश रजक,उसकी पत्नी एवं दिलीप रजक के पुत्र आशीष कुमार को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया है। मिलीं जानकारी के अनुसार मृतक के पिता राम विलास रजक की दो शादी थी पहली पत्नी से भूपनारायण रजक मृतक एवं दूसरी पत्नी से दिलीप रजक एवं मुकेश रजक का बहुत पहले से ही जमीन विवाद चलती आ रही है। पंचों के द्वारा फैसला कर घर एवं जमीन का बंटवारा किया गया था फिर भी दिलीप रजक एवं मुकेश रजक को मान्य नहीं था इसको लेकर हमेशा विवाद होता रहता था। जमीन विवाद की समस्या से जूझते हुए कोर्ट का शरण लिया गया और वही ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि जमीन विवाद का मामला अभी कोर्ट में चल ही रहा है, इस पर भी दूसरे पक्ष का संतुष्टि या मंजूरी नहीं थी ।जिससे यह घटना घटी मृतक के बच्चे हाजीपुर दियारा गांव में ही थे तब तक धोबिया बासा में गड्ढे में पानी आने को लेकर विवाद शुरू हुई । बासा से सभी लोग हाजीपुर दियारा गांव आए गांव के लोग कुछ समझ ही पाते की लाठी लेकर दोनों दल आपस में मारपीट करने लगे एवं हसुआ भाला लाठी से वार होने लगी और इसी बीच भूपनारायण रजक को छुरा मार कर हत्या कर दी गई। मृतक के बच्चे छुड़ाने का प्रयास में जुटे लेकिन पत्नी बच्चे को हसवा से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। जिसमें चीकू रजक का हालत नाजुक बताई गई। इधर मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार, एसडीपीओ किशोर तिर्की मिजाचौकी थाना के एसआई महेंद्र सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं घटना का जायजा लेते हुए एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए भाग रहे तीन अपराधियों को मधुबन गांव से ग्रामीणों के सहयोग पर गिरफ्तार किया है अन्य अपराधी अभी तक पुलिस कब्जे से बाहर है। इस संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि जो इस घटना में सनलिप्त है उन्हें बहुत जल्द गिरफ्तार किया जाएगा ।मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल और पूरे आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।

महिला ने नौकरी लगाने को लेकर शिक्षक पर पांच लाख रुपए लेने का जन शिकायत शिविर में शिकायत दर्ज की

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

साहिबगंज(उजाला)। जन शिकायत शिविर का आयोजन टाउन हॉल साहिबगंज में किया गया।वहीं पीड़िता शिकायतकर्ता प्रीति कुमारी,पति अनिल कुमार, कॉलेज रोड साहिबगंज,थाना साहिबगंज जिला साहिबगंज, की रहने वाली ने बताया कि सरकारी शिक्षक संजीव कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय रायबन्ना में जो कार्यरत है,जिनका घर चैती दुर्गा कलाकुंज के पीछे कमल टोला में है इसके यहां से 2 से 3 साल से पीड़िता प्रीति कुमारी दूध लिया करती थी दूध लेने के क्रम में शिक्षक से अधिक परिचय हो गया,शिक्षक संजीव कुमार ने कहा कि मेरे विद्यालय में रसोईया का पद खाली है, उसमें आपको बहाल कर दूंगा और पीड़िता को उसमें बहाल करने का आश्वासन दिया और बोला कि पांच लाख रुपए लगेगा पीड़िता प्रीति कुमारी ने अपना इंटर पास का प्रमाण पत्र एवं पांच लाख रुपए एवं कुछ चेक के साथ 2022 में दिया था।एक साल के बीत जाने के बाद जब शिक्षक संजीव कुमार ने नौकरी नहीं लगाया तो पीड़िता प्रीति कुमारी ने अपना दिया हुआ पैसा मांगने के लिए उसके घर गई।घर पर जाने के बाद शिक्षक एवं उनके परिवार वाले पीड़िता के साथ गाली गलौज करते थे और पीड़िता को दो बार चेक भी दिया जो बाउंस कर गया।जब पीड़िता ने शिक्षक संजीव कुमार के स्कूल पैसा मांगने के लिए गई तब उन्होंने पीड़िता के चेहरे पर कॉकरोच मरने वाला स्प्रे मार दिया और वहां भी गाली गलौज करने लगा जिससे पीड़िता निराश होकर घर वापस लौट गई। आज जन शिकायत शिविर में पांच लाख रुपए फ्रॉड करने को लेकर केस दर्ज किया है,वहीं जन शिकायत शिविर में प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द शिक्षक संजीव कुमार पर कार्यवाही किया जाएगा।

जिला मुख्यालय से 5-6 किलोमीटर दूर मदरसा इस्लामिया छोटी कोदरजन्ना स्कूल चल रहा है भगवान भरोसे

साहिबगंज(उजाला)। जिले से महज कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित मदरसा इस्लामिया छोटी कोदरजन्ना का हाल देखेंगे तो आप जानेंगे की झारखंड के शिक्षा का हाल क्या है अगर आप किसी पदाधिकारी से बात करेंगे तो वह बताएंगे की सभी सरकारी विद्यालय वह मदरसा एकदम चुस्त-दुरुस्त है परंतु हकीकत कुछ और ही बयां करती है वहां पर एक ही टीचर कार्यरत भी हैं अब जान लीजिए की एक टीचर हैं कर ही किया सकते हैं यह स्थिति महज मुख्यालय से 5-6 किलोमीटर दूर छोटी कोदरजन्ना की है दूरदराज और पहाड़ पर स्थित स्कूल का हाल तो भगवान भरोसे ही रहता है ना शौचालय की व्यवस्था है मकान भी जर्जर अवस्था में है कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है परंतु पदाधिकारी को कुछ पता ही नहीं रहता है।

सरकारी शराब दुकान का किया गया निरीक्षण

मंडरो/साहिबगंज(उजाला)। निमगाछी में उत्पाद निरीक्षक प्रवीण कुमार राणा के द्वारा सरकारी शराब दुकान का किया गया निरीक्षण। निरीक्षण करते हुए उत्पाद निरीक्षक ने दुकान के स्टॉक की जांच की। वही उत्पाद निरीक्षक प्रवीण कुमार राणा ने बताया कि सरकारी शराब दुकानों का निरीक्षण हमेशा किया जाता है ताकि दुकानदार को दिशा निर्देश दिया जा सके। निरीक्षण के दौरान दुकानों में जो भी कमी पाई गई उसे पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि ग्राहक के द्वारा जिन कंपनी का शराब मांगा जाता है उसे पूरा कराया जाएगा ताकि ग्राहक को लौटना नहीं पड़े।

उर्दू मिडिल स्कूल में बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का हुआ वितरण, स्कूल ड्रेस पाकर बच्चों पर देखी गई मुस्कान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

उधवा/साहिबगंज(उजाला)। उधवा प्रखंड क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत उर्दू मिडिल स्कूल इंग्लिश में स्कूल बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। शिक्षा विभाग बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व पठन पाठन को बेहतर बनाने के लिए सरकार बच्चों के बीच तरह तरह के कीट का संचालित कर बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करा रही है। पढ़ाई में कोई बाधा उत्पन्न ना हो इसके लिए बच्चों से जुड़ी हर समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में उधवा प्रखंड क्षेत्र के इंग्लिश में संचालित उर्दू मिडिल स्कूल में गुरुवार को सैकड़ों बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार प्रभारी प्रधानाध्यापक निप्रेंद कुमार दास, सहायक अध्यापक नेहरूल इस्लाम, एसएमसी के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ,अल्ताफ हुसैन उर्फ लाल, डॉ.सैफुल बसर व मीर मजहारूल अली ने संयुक्त रूप से बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस, जूता, मौजा, स्वेटर का वितरण किया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक निप्रेंद कुमार दास ने बताया कि वर्ग 1 से वर्ग 2 तक के बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया है। वही स्कूल ड्रेस पाकर बच्चों में मुस्कान देखी गई। शिक्षकों ने बच्चों को समय पर स्कूल ड्रेस पहन कर विद्यालय पहुंचने की बात कही और मन लगाकर पठन पाठन करने का आह्वान किया। मौके पर मास्टर लार मोहम्मद,मोखतार शेख समेत अन्य मौजूद थे।

झारखंड में करीब 7 लाख और रांची में 1.88 लाख घर बिना नक्शे के, SC के आदेश के बाद नहीं होगा वैध

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची: झारखंड सरकार इस बात के लिए प्रयास कर रही थी कि बिना नक्शा पास कराये बने भवनों को नियम बनाकर वैध कर दिया जाये. लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद के एक मामले में बुधवार को जो आदेश दिया है, उससे राज्य के 40 शहरों में करीब 7 लाख घरों को वैध करने की कोशिशों को झटका लग गया है. सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि अवैध तरीके से बने मकानों को किसी भी परिस्थिति में वैध नहीं किया जा सकता.

बिना नक्शा पास कराये बने घरों को वैध करने के लिए सरकार कर रही थी मसौदा तैयार

लगतार न्यूज को मिली जानकारी के मुताबिक, राज्य में करीब 7 लाख घर ऐसे हैं, जिनका नक्शा पास नहीं हैं. इनमें से 1.88 लाख घर सिर्फ रांची में हैं. पिछले कई सालों से सरकार यह कोशिश कर रही है कि बिना नक्शा पास कराये बने घरों को वैध कर दिया जाये. इन मकानों को रेगुलराइज करने के लिए हेमंत सोरेन सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में कोशिश की थी. इसके लिए सरकार ने ओडिशा, मध्य प्रदेश और तेलंगाना राज्य के मॉडल का अध्ययन करवाया था. जिसके बाद एक मसौदा तैयार किया जा रहा था.

सुप्रीम कोर्ट का आदेश-अवैध भवन निर्माण को नहीं किया जा सकता नियमित

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान अपने आदेश में कहा है कि अवैध भवन निर्माण को नियमित नहीं किया जा सकता. चाहे वह भवन कितना भी पुराना क्यों ना हो. शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि स्थानीय निकाय द्वारा पास नक्शा से हटकर हुए निर्माण और बिना नक्शा स्वीकृति के हुए निर्माण को नियमित करके ऐसा करने वालों को प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता. निर्माण के लिए नियमों का पालन किया जाना जरूरी है. अगर अदालत में ऐसे मामले आते हैं, तो अवैध निर्माण के प्रति नरमी गलत होगा. इस आदेश का बड़ा असर झारखंड में बने वैसे भवनों पर पड़ेगा, जिनका या तो नक्शा सही नहीं है या फिर नक्शे में गड़बड़ी है.

राजमहल सांसद विजय हांसदा ने रेल मंत्री से मुलाकात कर बरहरवा रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 19 एस पी एल/टी को चला करने को लेकर मांग पत्र सोपा

राजमहल/साहिबगंज(उजाला)। राजमहल लोकसभा के सांसद विजय हांसदा ने बरहरवा के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर रखी मांग राजमहल के लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हसदा ने बरहरवा के रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 19 एस पी एल/टी क्रॉसिंग को रेलवे द्वारा बंद किए जाने से हो रहे परेशानियों को देखते हुए उन्होंने गुरुवार को रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर एक मांग पत्र सोपा जिसमें उन्होंने यह मांग की रेलवे फाटक को अगर रेलवे बंद कर दी है तो एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए आदमी को काफी परेशानियां उठानी पड़ती है अतः कोई वैकल्पिक व्यवस्था के साथ ही कार्य किया जाए

जिला में चौकीदार नियुक्ति से संबंधित गठित समिति की बैठक संपन्न

साहिबगंज(उजाला)। उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में जिला में चौकीदार नियुक्ति से संबंधित गठित समिति के साथ बैठक की गई।चौकीदार नियुक्ति हेतु गठित, स्क्रीनिंग, परीक्षा नियंत्रण एवं संचालन समिति, शिकायत निवारण एवं निगरानी समिति, शारीरिक दक्षता एवं जाँच समिति के कर्तव्य एवं दायित्वों पर गहनता पूर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में परियोजना निदेशक क्ळऊअ संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी,साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो, उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन एवं सभी ऑपरेटर उपस्थित थे।

परियोजना निदेशक ने साहिबगंज कॉलेज के हॉस्टल कैंपस में पुस्तकालय निर्माण के लिए स्थल चयन का किया निरीक्षण

साहिबगंज(उजाला)। जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त के निदेर्शानुसार साहेबगंज कॉलेज स्थित कल्याण छात्रावास का निरीक्षण परियोजना निदेशक, ITDA, संजय कुमार दास एवं संजय कच्छप, पणन सचिव, कृषि उत्पादन बाजार समिति के द्वारा किया गया।निरीक्षण के दौरान हॉस्टल कैंपस मे पुस्तकालय निर्माण हेतु स्थल चयन किया गया और उपस्थित सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को जल्द से जल्द प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया ताकि यथा शीघ्र उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत की जा सके।पुस्तकालय बनने से कॉलेज मे पढ़ने वाले और कल्याण छात्रावास मे रहने वाले जरूरतमंद विधार्थियों को पुस्तकालय का लाभ मिलेगी। छात्र अपने कोर्स की पढ़ाई के साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं की भी तैयारी कर सकेंगे। जहाँ जिला प्रशासन द्वारा समय- समय पर मार्गदर्शन और कैरियर सम्बन्धी कार्यशाला भी आयोजित की जा सकेगी।मौके पर सहायक अभियंता दिवाकर मिश्रा एवं तीनों हॉस्टल के छात्र नायक उपस्थित थे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया स्नेह स्पर्श वृद्धाश्रम का निरीक्षण

साहिबगंज(उजाला)। प्रधान जिला एवम् सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष अखिल कुमार के द्वारा स्नेह स्पर्श वृद्धाश्रम, साहेबगंज का भम्रण किया और वहां रह रहे वृद्धजनों का मेडिकल लिगल अवरनेस के तहत एक शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में सभी वृद्धजनों की डॉक्टर की टीम के द्वारा जाँच कर उन्हें दवा उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम में पी०डी०जे० ने कहा कि समाज में वृद्धों की उपेक्षा बहुत ही निंदनीय है। हमें वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए।इस अवसर पर आश्रम में रह रहें सभी वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य पर विचार कर ठीक से देखभाल करने के लिए कहा गया उनके मनोरंजन के स्त्रोंतों की व्यवस्था करने की आवश्यकता जताई गई एवं वृद्धजनों के बीच फल का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, चिकित्सा पदाधिकारी मोहन मूर्मू , जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला बाल सुरक्षा पदाधिकारी पुनम कुमारी, पी०एल०वी० सरिता मूर्मू, प्रेमलता टूडू, सिखा कुमारी, कृतिका कुमारी, सोनू मुण्डा, शंभू दास उपस्थित थे।

अनुकंपा समिति की बैठक में चार आश्रितों की नियुक्ति पर सहमति

रांची: रांची डीसी सह जिला अनुकंपा समिति के अध्यक्ष मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को समाहरणालय में अनुकंपा पर नियुक्ति को लेकर बैठक की. इस बैठक में सामान्य और उग्रवादी हिंसा में मरने वाले पांच लोगों के आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी देने पर सहमति बनी. साथ ही डीसी ने जिला अनुकंपा समिति की समीक्षा कर कुछ मामलों में संबंधित कार्यालय प्रधानों से रिपोर्ट मांगी. बैठक में परियोजना निदेशक आई.टी.डी.ए. रांची संजय कुमार भगत, डी.एस.पी. शहर रांची, जिला स्थापना उप-समाहर्ता रांची ज्योति वंदना कुजूर, सर्जेंट मेजर और सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी का किया शुभारंभ

90 दिवसीय जागरूकता एवं संपर्क अभियान यह समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचने का एक अभियान है चाहे वह बच्चे हों, बूढ़े हों, कैदी हों, अनुसूचित जनजाति हों : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : इस अवसर पर सुधांशु कुमार शशि पारिवारिक न्यायाधीश, कुमार क्रांति प्रसाद अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिल्पा मुर्मू, अजय कुमार गुरिया सचिव डीएलएसए तथा अन्य न्यायिक अधिकारी, न्यायालय कर्मचारी, पीएलवी, न्यायालय कर्मचारी तथा मीडियाकर्मी उपस्थित थे।झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय संरक्षक एवं मुख्य न्यायाधीश तथा माननीय कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा के कुशल नेतृत्व में झालसा ने झारखंड के प्रत्येक कस्बे और गांव तक पहुंचने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरूआत की है। 90 दिनों के इस अभियान के दौरान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देश के ग्रामीण, आदिवासी और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने के लिए जागरूकता और आउटरीच गतिविधियों का आयोजन करेगा। यह अभियान व्यक्तियों के अधिकारों और उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए एक सहयोगात्मक अभ्यास होगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष शेषनाथ सिंह ने बताया कि आज सुबह में कानूनी जागरूकता की तख्तियों के साथ प्रभात फेरी निकाला गया। प्रतिदिन डीएलएसए जिले के सभी गांवों और कस्बों को कवर करने के लिए डोर-टू-डोर अभियान आयोजित करेंगा। झारखंड के सभी गांवों में दो बार पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। इस अवधि के दौरान, अधिमानतः अभियान के अंतिम महीने में जिला प्रशासन के सहयोग से प्रत्येक डीएलएसए कानूनी सेवा शिविर आयोजित करेगा। अभियान के दौरान, डीएलएसए क्षेत्रीय भाषा में एलई.सी. सामग्री तैयार करेगा और कार्यक्रम में वितरित करेगा। नालसा और झालसा के कामकाज, कार्यप्रणाली और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रत्येक डीएलएसए द्वारा कम से कम एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। डीएलएसए महिला एवं बाल विकास, आदिवासी मामले, शिक्षा, कारागार जैसे सरकारी विभागों के सहयोग से कम से कम एक कार्यक्रम आयोजित करेगा। अभियान के दौरान नियमित आधार पर रेडियो और टीवी पर वार्ता आयोजित की जाएगी। एसटी/एससी, अन्य वंचित/एलजीबीटी समुदाय/दिव्यांग बच्चों/वरिष्ठ नागरिकों/महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्कूलों/कॉलेजों/एलएसीएस/ऑब्जर्वेशन होम/स्पेशल होम आदि में निबंध, पेंटिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जागरूकता फैलाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों की मदद से नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्में तैयार की जाएंगी। बाल विवाह, साइबर धोखाधड़ी, नशीली दवाओं के खतरे, जादू टोना पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।रिट याचिका (सी) संख्या 1082/2020 सुहास चकमा बनाम भारत संघ व अन्य और एमए संख्या 1849/2021 में एसएलपी (सीआरएल) संख्या 5191/2021 सतेंद्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में जागरूकता कार्यक्रम। 90 दिनों के इस अभियान के दौरान जेल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रत्येक कैदी से बातचीत की जाएगी और कैदियों को तुरंत कानूनी सहायता मुहैया कराई जाएगी। डीएलएसए धारा 436ए सीआरपीसी/479 बीएनएनएस के तहत मामलों की पहचान करेगा और अभियान के दौरान तुरंत कानूनी सहायता प्रदान करेगा। जेलों में 90 दिनों का गहन अभियान ऐसे सभी कैदियों को मैप करने के लिए, जिन्हें जमानत दी गई है। लेकिन अभी तक जेल से बाहर नहीं आया (सुहारा चकमा बनाम यूओआई और अन्य) गर्भवती महिला कैदी हैं।

रतन भगत बने रामभक्त सेवा दल के पाकुड़ जिला अध्यक्ष

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय संगठन रामभक्त सेवा दल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने पाकुड़ जिले के रतन भगत को बनाया संगठन जिला अध्यक्ष। वही इस मामले पर संगठन रतन भगत से कामना करते हुए कहा कि भगत जी संगठन के हित में बेहतर कार्य करेंगे। वही इस मामले को लेकर रतन भगत ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा पूर्वक निभाएंगे और संगठन के विस्तार सहित समाज के हित में महत्वपूर्ण पहल भी करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आज पाकुड़ जिले का डेमोग्राफी पूरी तरह से बदलता दिख रहा है।इसके लिए भी कुछ संगठन के बैनर तले कार्य करते हुए जिला प्रशासन एवं सरकार को इस ओर ध्यान केंद्रित करवाते हुए कोई ठोस पहल करवाने का कार्य करूंगा। वहीं मौके पर उपस्थित संगठन के पदाधिकारी गण एवं सम्मानित सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन के मजबूती की कामना करते हुए एकत्रित रूप से मजबूती से कार्य करने की बात कही।

प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव का समापन कार्यक्रम, एकल लोक संगीत और मांदर की थाप पर सामूहिक पाइका नृत्य, युवा उत्सव में रहा आकर्षण का केंद्र

जागेश्वर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो

हजारीबाग। प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद बोलें युवा भारत की जागृत पीढ़ी हैं, युवा महोत्सव युवाओं में संस्कार भरने का काम करती हैं। युवाओं के अंदर छिपी हुई कला को निखारने का काम करती हैं। मेरा युवा भारत (नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार और खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखण्ड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का भव्य आयोजन हजारीबाग के संत कोलंबस कॉलेज में सम्पन्न हुआ।विभिन्न सांस्कृतिक कला प्रतियोगिताओं में युवाओं ने उत्सव के रूप में अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया । हजारीबाग प्रमंडल के सातों जिला से प्रतिभागी बढ़चढ़ कर भाग लिए। कला के साथ साथ विज्ञान प्रदर्शनी मेला व्यक्तिगत/समूह प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रमंडल स्तर पर व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान जिला चतरा जिला के अनुराग कुमार रहे। वही द्वितीय स्थान पर आरण्य कुमार जिला रामगढ़ रहें। विज्ञान प्रदर्शनी समूह में प्रथम बोकारो के अव्यान नारया समूह द्वितीय कोडरमा के रोहित कुमार समूह रहे। कहानी लेखन में प्रथम स्थान बोकारो के राकेश कुमार महतो वही द्वितीय स्थान पर रामगढ़ के रानी कुमारी रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हजारीबाग के अमन कुमार द्वितीय स्थान पर गिरिडीह के रौनक कुमार मिश्रा रहा। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चतरा के दीपक कुमार केसरी व द्वितीय स्थान पर प्रीत राज हजारीबाग रहा। सामूहिक लोक नृत्य में प्रथम स्थान चतरा के राकेश ग्रुप ,द्वितिय स्थान पर हजरिबाग के महक ग्रुप रही। एकल लोक नृत्य में प्रथम चतरा के सिमरन साह वही द्वितीय गिरिडीह के सुनंदनी रही। सामूहिक लोकगीत में प्रथम स्थान बोकारो के राज आनंद ग्रुप वही द्वितीय ऊअश पब्लिक स्कूल हजारीबाग रही। एकल लोकगीत में प्रथम हजारीबाग के श्रुति कुमारी, वही द्वितीय रामगढ़ के अर्पिता कुमारी रही। कविता लेखन में प्रथम कोडरमा के निरंजन कुमार। द्वितीय हजारीबाग हिमांशु कुमार रहा।

स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, कई पीड़ित मरीजों की की गई स्वास्थ्य जांच

यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : (पाकुड़िया) जिले के पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत बसंतपुर पंचायत में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन पाकुड़िया सीएचसी के एमओआईसी डॉ. भरत भूषण भगत ने किया। शिविर में टीबी की जांच के साथ-साथ रक्तचाप, ब्लड शुगर और अन्य स्वास्थ्य जांचें की गईं। बुखार, खांसी, जुकाम जैसी सामान्य बीमारियों के लिए दवाइयां भी प्रदान की गईं। सीएचसी के स्टाफ सदस्य, एसटीएस, सहिया, डीपीपीएमसी, एएनएम, पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो तथा बसंतपुर पंचायत के मुखिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे। शिविर में लगभग 150 से अधिक स्थानीय लोगों ने भाग लिया और उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाया। स्थानीय लोग इस बात से बेहद खुश थे कि उन्हें अपने आस-पास ही इन सेवाओं का लाभ मिल सका। शिविर के दौरान, एमओआईसी डॉ. भरत भूषण भगत द्वारा टीबी चैंपियंस को सम्मानित किया गया। डॉ. भगत ने कहा कि इस तरह के शिविरों का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।

सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर अभियान को सफल बनाएं : उपायुक्त

यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : आगामी 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह (गुड गवर्नेंस वीक) का आयोजन किया जाना है। जिले में इसके सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय स्थित सभागार में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार के निदेर्शानुसार 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जाना है। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम... आयोजित होंगे। कहा कि सुशासन सप्ताह मनाने का उद्देश्य है कि आमजन की समस्याओं का तत्काल समाधान, ग्रामीणों को सरकार योजनाओं की जानकारी देना, अंतिम लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करना है।

अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों और नगर परिषद क्षेत्र में शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को सुशासन सप्ताह के सफल आयोजन को लेकर सभी तैयारियां एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। कहा कि शिविर में इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार और प्रशासन की ओर से चलाएं जा रहें विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जाएगी। इन शिविरों में जाति, आवासीय प्रमाणपत्र, समाज कल्याण शिक्षा, स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। साथ ही सोमवार से सभी स्कूलों में आधार कार्ड बनाने हेतु कैंप लगाएं जाएंगे।उपायुक्त ने जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर पर आवेदनों का निष्पादन शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग का निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, जिला कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मण हरिजन, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

कोयला खनन परियोजना में हरी झंडी दिखाकर परियोजना प्रमुख ने रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रवाना किया

केरेडारी/हजारीबाग : पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने अपनी यात्रा के पड़ाव में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर छू लिया है। आज परियोजना के बनादाग रेलवे साइडिंग से 20,000वीं रैक को हरी झंडी दिखाकर परियोजना प्रमुख श्री फैज तैय्यब ने रेलवे विभाग, MDO, SAL के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रवाना किया। यह अनूठा कीर्तिमान रचने वाला पकरी बरवाडीह NTPC की पहली कोयला खनन परियोजना है। गौरतलब है कि 16 मई 2016 में अपनी स्थापना के बाद से पकरी बरवाडीह ने साल दर साल कई कीर्तिमान छुए हैं लेकिन आज 20 हजारवीं कोल रैक को रवाना करना उन सभी कीर्तिमानों से सबसे ऊपर है। आपको यह भी बताया था कि 17 फरवरी 2017 को पहली रैक परियोजना के बानादाग रेलवे साइडिंग से रवाना किया गया था । पहली रवानगी से लेकर अब तक परियोजना में 76 MMT से अधिक कोयला देश की 23 विद्युत परियोजनाओं को डिस्पैच किया है जिससे आज देश का हर कोना रोशन हो रहा है।

जिला कल्याण कार्यालय द्वारा सेमिनार का आयोजन

हजारीबाग। विश्व अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर आज 18 दिसंबर को जिला कल्याण कार्यालय में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूकता लाने हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी श्री सुभाष कुमार ने राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को संबंधित करते हुए बताया कि ओबीसी,एसटी/एससी व अल्पसंख्यक वर्ग के लिए कल्याण विभाग में कई योजनाएं चलाई जाती हैं जो विशेष कर इन समुदायों के आर्थिक उत्थान के लिए सहायक होती है। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों को कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रियाओं से अवगत कराया तथा योजना का लाभ लेने में आ रही किसी भी प्रकार की समस्याओं को उन तक अवगत कराने को भी कहा। आपको बता दें हर वर्ष 18 दिसंबर को विश्व अल्पसंख्यक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत वाहनों का अर्थदंड जमा नहीं करने पर होगी वाहन जब्त, वाहन मालिकों पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

यासिर अराफात@झारखण्ड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : उपायुक्त मनीष कुमार ने पिछले दिनों सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कैसे कम किया जाए, अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सरल बनाने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर के नेतृत्व में जिले के सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत निरंतर वाहन जाँच अभियान चलाया जा रहा है। अबतक 1 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक कुल 270 वाहनों का चालान काटा गया। काटे गए चालान में अर्थदंड की राशि 19 लाख 53 हजार 970 रुपए है जबकि जमा किए गए अर्थदण्ड की राशि 2 लाख 47 हजार 950 रुपए है। शेष बकाया राशि 17 लाख 620 रुपए है जिसे जमा करने की आवश्यकता है।

ई–चालान जमा नहीं करने वालों का वाहन कर लिया जाएगा जब्त

जिला परिवहन पदाधिकारी पाकुड़ संजय पीएम कुजूर ने बताया कि मोटरवाहन अधिनियम 2019 के विभिन्न धाराओं एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य व्यवसायिक वाहनों पर ई-चालान के माध्यम से चालान निर्गत किया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने वाहन स्वामियों / चालकों से अनुरोध किया कि गत एवं वर्तमान माह में आपके वाहनों पर किसी भी प्रकार का ई-चालान (परिवहन विभाग के द्वारा) निर्गत किया गया है तो वैसे वाहन स्वामी एवं चालक अपने ई-चालान (परिवहन विभाग) के द्वारा अधिरोपित दण्ड की राशि का भुगतान एक सप्ताह के अन्दर परिवहन विभाग के द्वारा बनाये गये ऑनलाईन पोर्टल http://echallan.parivahan.gov.in पर कराना सुनिश्चित किया जाय। ई-चालान की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित वाहन (जूमार्ना किये गये) को नियम संगत ब्लैकलिस्टेड करने के साथ उक्त सभी वाहन स्वामियों / चालकों के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई किया जायेगा।

जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में चार महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

पाकुड़ : उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई।जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से संबंधित सभी मामले थे। बैठक में उपायुक्त के द्वारा चार महत्वपूर्ण विषयों, न्यायालय एवं विभागीय कार्यवाही से संबंधित मामलों का निष्पादन किया गया।बैठक में भूमि सुधार उप समाहर्ता सह जिला स्थापना उप समाहर्ता मनीष कुमार एवं जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

डीसी ने जिला भू-अर्जन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

पाकुड़ : उपायुक्त मनीष कुमार ने जिला भू-अर्जन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा कार्यालय के सभी रोकड़ पंजी का विस्तृत जांच की। रंयतों को भुगतान किए जाने वाली राशि एवं लंबित परियोजनाओं की जानकारी ली गई। उपायुक्त महोदय के द्वारा निर्देश दिया गया कि अमड़ापाड़ा अंचल अन्तर्गत मौजा चिलगो में पुनः निर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उपलब्ध कराए गए राशि का भुगतान संबंधित रंयतों को कल दिनांक 20 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक शिविर लगाकर भुगतान करेंगे। इसी प्रकार भूमि अधिग्रहण की परियोजना राजदाहा से फूलझिंझरी पथ चौड़ीकरण में तथा सिलमपुर -राधानगर परियोजना में शिविर आयोजित कर रंयतों में मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया गया।

सर्वे में निकले खराब चापानलों को अविलंब ठीक कराएं पीएचईडी विभाग : डीसी

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : जिले के सभी लोगों को शुद्ध पेयजल मिले, यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। आमजनों को पेयजल से संबंधित समस्या नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसको लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में पेयजल विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि सभी खराब चापाकल को पीएचईडी विभाग ठीक कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही खराब जलमीनार को 15 वें वित्त के फंड से ठीक कराने का निर्देश सभी बीडीओ को दिया गया। सभी बीडीओ को प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया गया। वैसे पंचायत जहां गर्मी के दिनों में चापाकल की जरूरत है वहां नये चापाकल का निर्माण किया जाएगा। कहा कि पेयजल से संबंधित विभिन्न माध्यमों से कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो तुरंत संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करें। ऊंचे स्थान के जल स्त्रोत में जहां कूप की आवश्यकता है वहां झरना कूप बनायें जाएंगे। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, जिला कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मण हरिजन, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिले में आगामी 18 दिसंबर से 31 दिसंबर तक प्रखंड स्तर पर चलेगी आवास बनाओ अभियान

जागेश्वर कुमार@झारखंड उजाला ब्यूरो।

हजारीबाग। उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राज्य सरकार के द्वार संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में डीडीसी इश्तियाक अहमद और डीपीओ पंकज तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा अंतर्गत बिरसा कूप संवर्धन योजना, डोभा, बिरसा हरित ग्राम योजना, बागवानी योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना, पीड़ी जेनरेसन, जिओ टैगिंग, जनमन योजना, पंचायती राज, एबीपीएस की स्तिथि, जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में डीडीसी ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति में निम्न प्रदर्शन करने वाले प्रखण्डो पर अप्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने निम्न प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों के बीडीओ को कार्य की प्रगति में सुधार करने और क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने आवास योजना के अलावे अन्य चार योजनाओं को निरंतर क्रियाशील रहने, जियो टैगिंग करने के लिए फील्ड विजिट करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में उन्होंने रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, आधार बेस पेमेंट, एनआरएम के मामलों की रिव्यू कर स्तिथि में सुधार करने और विधायक मद के तहत पूर्व से संचालित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी ने जिले के सभी प्रखंडों में आगामी 18 दिसबंर से 31 दिसबंर तक ह्लआवास बनाओ अभियानह्व चलाने का निदेश दिया। उन्होंने जिले के सभी बीडीओ और संबंधित पदाधिकारियों को आवास निर्माण में प्रगति लाने हेतु अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र में ह्लआवास बनाओ अभियानह्व चलाने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि आवास योजना के मामले में यह सुनिश्चित करें कि एक व्यक्ति को एक ही आवास योजना का लाभ मिले। उन्होंने पीएम आवास योजना में जिन प्रखंडों का सैंक्शन प्रतिशत कम है उन्हें बढ़ाने, आवास योजना के पेंडिंग योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी इश्तियाक अहमद के अलावे जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, सभी प्रखंड के बीडीओ, बीपीओ सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

आईजी बोकारो जोन की अध्यक्षता में एक सुरक्षा समीक्षा बैठक

जागेश्वर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो

केरेडारी/हजारीबाग: पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के सिकरी सम्मेलन कक्ष में श्री माइकल राज एस. क्क्ष्ट बोकारो जोन की अध्यक्षता में एक सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण, जिनमें श्री सुनील भास्कर, DIG, हजारीबाग रेंज; श्री अरविंद कुमार सिंह, रढ हजारीबाग; श्री विकास कुमार पांडे, रढ चतरा; श्री प्रभात रंजन, उप-मंडल पुलिस अधिकारी, टंडवा; और श्री पवन कुमार, उप-मंडल पुलिस अधिकारी, बरकागांव शामिल थे। इसके अतिरिक्त, हजारीबाग क्षेत्र में NTPC और CIL खदानों से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी, MDOs, और ट्रांसपोर्टर्स भी बैठक में उपस्थित थे। बैठक के दौरान मुख्य रूप से तीन प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। पहले, परिवहन मार्गों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और संचालन के दौरान उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का समाधान करने पर विचार किया गया। दूसरे, परिवहनकताओं और झारखंड पुलिस के बीच समन्वय को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया ताकि संचालन सुगम हो सके। तीसरे, सुरक्षा संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए पुलिस अधिकारियों की उपलब्धता की पुष्टि की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में NTPC से श्री आर.के. सिंह, महाप्रबंधक (O&M), उत्तर करनपुरा; श्री अमुदला प्रताप, अत्र्ष्ट - कोयला डिस्पैच, NTPC पकरी बरवाडीह; श्री प्रवीण आखोरी, AGM - कोयला डिस्पैच, NTPC चट्टी बरियातु; और श्री जॉय मुखोपाध्याय, AGM - इन्फ्रास्ट्रक्चर, केरेडारी उपस्थित थे, साथ ही अन्य कई पदाधिकारी भी शामिल थे। बैठक सकारात्मक और रचनात्मक तरीके से समाप्त हुई, जिससे झारखंड पुलिस, ठळढउ, इसके ठेकेदारों और परिवहनकताओं के बीच बेहतर सहयोग बढ़ा और क्षेत्र में सुरक्षा तथा संचालन क्षमता को सुदृढ़ किया गया।

उपायुक्त ने जिला आधार निगरानी समिति, डीईजीएस एवं मोबाइल टावर को लेकर बैठक की

यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि पाकुड़ जिला के 06 परियोजना में मशीन उपलब्ध कराया गया है जिसके माध्यम से आधार पंजीकरण एवं अद्यतन का कार्य किया जाना है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आधार पंजीकरण करने के लिए महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा परीक्षा फॉर्म भरा जा रहा है। सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं का जल्द से जल्द परीक्षा कराने संबंधी कार्य करने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि आई०बी०पी० के सहयोग से सभी आंगनबाडी केन्द्र में 0-5 वर्ष के बच्चों का रोस्टर बनाकर बाल आधार पंजीकरण कराना सुनिश्चित किया जाय।इंडियन पोस्ट के माध्यम से पाकुड़ जिले में चल रहे 03 केंद्रों में से 01 केंद्रों में से आधार पंजीकरण एवं अद्यतन का कार्य किया जा रहा है। 02 केंद्रों में कम्प्यूटर डिवाइस खराब होने के कारण आधार पंजीकरण का कार्य नहीं किया जा रहा है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि खराब कम्प्यूटर डिवाइस को जल्द से जल्द ठीक कराकर पंजीकरण संबंधी कार्य पुनः आरंभ किया जाय। सभी पोस्ट ऑफिस में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन का कार्य प्रारंभ करते हुए अधिक संख्या में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन करने का निर्देश वरिष्ठ अधीक्षक, पोस्ट ऑफिस, पाकुड़ को दिया गया।

साथ ही इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से पाकुड़ जिले में 13 केंद्रों में 0-5 वर्ष के बच्चों का बाल आधार पंजीकरण एवं मोबाईल नम्बर अद्यतन का कार्य किया जाय। आंगनबाड़ी में रोस्टर बनाकर शिविर के माध्यम से 0-5 वर्ष के बच्चों का बाल आधार पंजीकरण करने का निर्देश वरिष्ठ प्रबंधक, इंडिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक को दिया गया। बैंक के माध्यम से पाकुड़ जिले में 09 आधार पंजीकरण केंद्र कार्यरत है। सभी प्रखण्डों में कम से कम एक-एक आधार पंजीकरण केंद्र प्रारंभ करने का निर्देश जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि पाकुड़, महेशपुर एवं हिरणपुर प्रखंड में प्रखण्ड स्तर पर आधार पंजीकरण केन्द्र सक्रिय नहीं रहने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था के तहत राशन कार्ड, के०वाई०सी० एवं आधार से संबंधित कार्य करने हेतु डी०पी०ओ०, यू०आई०डी० को निर्देश दिया गया तथा पंचायत में चल रहे आधार पंजीकरण केन्द्र के ऑपरेटरों को प्रखण्ड कार्यालय में रोस्टर तैयार कर सप्ताहिक शिविर लगाने हेतु कर्मियों को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया। जिला परियोजना पदाधिकारी, यूडीआईडी द्वारा बताया गया कि जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले 82 लोगों द्वारा आधार पंजीकरण कराया गया। जिसमें से 43 आवेदन अप्रूव एवं 28 आवेदन विभिन्न कारणों से रिजेक्ट किये गये हैं। कुल 11 आवेदन लंबित है। जिला परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों का अविलम्ब निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे।इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि जाति/आय/निवास प्रमाण पत्र का ससमय निष्पादन सभी अंचलाधिकारी एवं अनुमण्डल पदाधिकारी सुनिश्चित करायेंगे। पाकुड़ जिले में शिक्षित युवाओं/छात्र -छात्राओं का कम्प्यूटर प्रशिक्षण सभी प्रखण्ड मुख्यालय (06 केन्द्र) एवं जिला मुख्यालय (01 केन्द्र) कुल- 07 प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जायेगा। पाकुड़ जिले में मोबाईल टावर का अधिष्ठापन हेतु वर्तमान में कुल चार (04) आवेदन लंबित है। लंबित आवेदन का निष्पादन ससमय करने हेतु डी०पी०ओ०, यू०आई०डी० पाकुड़ सभी नोडल पदाधिकारी से एन०ओ०सी० प्राप्त करेंगे।

राजा बागी चौक पर सिकरी ओ पी थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने चलाया हेलमेट चेकिंग अभियान

जागेशवर कुमार@झारखंड उजाला ब्यूरो।

केरेडारी/ हजारीबाग। राजा बागी चौक पर सिकरी ओ पी थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने चलाया हेलमेट चेकिंग अभियान।,राजा बागी में दोपहिया वाहनों का कागजात चेकिंग अभियान चलाया गया इसमें मुख्य रूप से हेलमेट नहीं पहनने वालों के साथ ही लगातार एक सप्ताह से दिन चलाए जा रहे हैं उसके बावजूद भी नहीं पहन रहे लोग हेलमेट पुनः चेकिंग अभियान ,नहीं पहनने वालों पर कड़ी से कड़ी की कार्रवाई लगभग 21 व्यक्तियों का काटा चलान । क्योकी रोज सड़क दुर्घनाएं बढ़ रही है इसमे 90 फीसदी लोगों की मौत बगैर हेलमेट के कारण हो रहा है सिकरी ओ पी थाना प्रभारी के द्वारा आजाद करते हुए कहा गया कि आप बाइक चालक है जब भी घर से निकलें हेलमेट लगाकर निकलें। इसी संदर्भ में एसपी के निर्देश पर पूरे हजारीबाग जिले में बिना हेलमेट बाइक चेकिंग की गई अधिकतर बाइक जब्त भी किये गए, कई बाइक बिना हेलमेट चालक होने के कारण जब्त की है कुछ को हिदायत देकर छोड़ा गया कुछ की पेपर जांच की जा रही है। जब आपकी बाइक पकड़ी जाती है वेवजह पैरवी के लिये जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों को परेशान करते हैं। इसलिये आप बिना हेलमेट घर से बाइक लेकर नहीं निकलें। इससे आपकी सुरक्षा भी होगी और आप किसी को पकड़े जाने पर पैरवी के लिये परेशान भी नही करेंगे।

शोक सभा आयोजित कर दिवंगत पत्रकार को दी गई श्रद्धांजलि

कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता

सिंदरी /धनबाद। बलियापुर निवासी युवा पत्रकार संपत गोप के निधन पर गुरुवार को बलियापुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रांगण में शोक सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने दिवंगत पत्रकार संपत गोप की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी उपरांत स्थानीय पत्रकारों और बुद्धिजीवियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। अपने संबोधन में सिंदरी विधायक ने कहा कि संपत गोप निर्भीक पत्रकारिता के रूप में जाने जाते थे। बंटी जायसवाल ने पत्रकारों के संघर्षों पर विधायक जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि आज भी पत्रकार सरकारी सुविधाओं से वंचित है। पत्रकार लोकतंत्र का ऐसा सशक्त माध्यम है जो समाज को आईना दिखाने के साथ ही व्यवस्था को बेहतर रूप से संचालित करने का खास योगदान देता है। पत्रकारों के हित में विधानसभा में आवाज उठाने की बातें कही। इस पर सहमति जताते हुए विधायक जी ने विधानसभा में आवाज उठाने का आश्वासन दिया। शोक सभा में उप प्रमुख आशा देवी, बेंगू ठाकुर, मुखिया दिलीप कुमार महतो, स्वप्न कुमार महतो, राधेश्याम रजक, शीतल दत्ता, शेख कालीम, नेपाल महतो, राहुल पांडेय, हरेंद्र सिंह, सतीश मिश्रा, कुलबीर सिंह, उमेश चौबे, राजकुमार शर्मा, राहुल ठाकुर, कुंदन कुमार, शेख वकील, लालटू, अशोक कुमार, किशोर रजक, युधिष्ठिर महतो, मिठारी मोहम्मद, राहुल मोदक,रवीश तिवारी सहित बलियापुर, सिंदरी व झरिया के पत्रकार शामिल थे।

केरेडारी में भाजपा के राष्ट्र व्यापी सदस्यता अभियान के तहत बैठक

जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो

केरेडारी/हजारीबाग। केरेडारी में भाजपा प्रखण्ड कमिटी के तत्वावधान में राष्ट्र ब्यापी सदस्यता अभियान के तहत केरेडारी पंचायत भवन में एक बैठक हुई। बैठक के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी ने कहा कि केरेडारी प्रखण्ड में सदस्यता बनाने का लक्ष्य पूरा करने की आवश्यकता है,उन्होंने कहा कि केरेडारी प्रखण्ड में सदस्य बनाने का लक्ष्य कुल 25 हजार है।जबकि अबतक बनाये गए सदस्यों की कुल संख्या मात्र 05 हजार है, इसे भरपाई करने के लिए 20 हजार नए सदस्य बनाने की जरूरत है। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो गांव से लेकर शहर तक बिकास कर सकती है इसलिए अधिक से अधिक सदस्य बनाये ताकि क्षेत्र के लोगो को समाज के मुख्य धारा से जोड़ सके। इस बैठक में क्षेत्र के समस्या के बिभिन्न पहलुओं पर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव ने किया। जबकि संचालन भाजपा जिलामहामंत्री नरेश कुमार महतो ने किया।बैठक में जिला सदस्यता संयोजक दामोदर सिंह, उपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, बालगोविन्द सोनी, आजसु प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज साहा, बद्रीनारायण सिंह, शेर सिंह, बहादुर राम,महेंद्र महतो, रामचन्द्र महतो,राजू पांडेय, चरितर महतो समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अफीम की खेती के खिलाफ जिले भर में बड़ा अभियान

पुलिस और वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कारवाई करते हुए 25 एकड़ में लगे अफीम की खेती को किया नष्ट

जागेशवर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो

चौपारण/ हजारीबाग : चौपारण थाना अंतर्गत चौपारण थाना पुलिस एवं वन विभाग के द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम मोरनिया,एवं दुरागड़ा में करीब 25 एकड़ वन भूमि पर लगे अफीम पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। अफीम की खेती के खिलाफ जिले भर में बड़ा अभियान चलाया गया है। इसी क्रम में चौपारण थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर 25 एकड़ में लगाई गई अफीम की खेती को नष्ट कर दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों को बड़ा झटका लगा है। एसपी श्री अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चौपारण के आस पास अफीम तस्करों के द्वारा अफीम की खेती को अभियान चलाकर नष्ट कर दिया गया। पुलिस व वन विभाग के संयुक्त कारवाई करते हुए चिन्हित स्थान पर छापेमारी की पुलिस जब स्थल पर पहुंची तो वहां पाया गया कि अफीम के छोटे-छोटे पौधे उग आए हैं। इसके बाद पुलिस की टीम ने ट्रैक्टर के माध्यम से लगभग 25 एकड़ भूमि में लगाई गई अफीम की फसल को रौंद डाला। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस के द्वारा अफीम की खेती के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की जा रही है और उसे नष्ट भी किया जा रहा है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस के द्वारा अफीम की खेती करने वाले लोगों को भी चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

जुकाम में दिलाए तुरंत राहत काली मिर्च

घरेलू उपाय करेंगे सर्दी-जुकाम में फायदा

- नाक बंद हो तो दालचीनी, काली मिर्च, इलायची और जीरे को बराबर मात्रा में लेकर तवे पर भूनें। इनको पीस कर छोटे-से सूती कपड़े या रूमाल में बांध कर पोटली बना लें। इन्हें सूंघने से नाक खुल जाएगी।

पेट संबंधी समस्याओं में कारगर

- दही में काली मिर्च और काला नमक मिलाकर खाने से पाचन संबंधी विकार दूर होते हैं। छाछ में काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर पीने से पेट के कीटाणु मरते हैं और पेट की बीमारियां दूर होती हैं।
- पेट में गैस की समस्या होने पर एक कप पानी में आधे नीबू का रस, आधी चम्मच पिसी काली मिर्च, आधा चम्मच काला नमक, एक चम्मच अदरक का रस व शहद मिला कर पीएं।
- कब्ज होने पर 4-5 काली मिर्च के दाने दूध के साथ रात में लेने से आराम मिलता है।
- बदहजमी होने पर कटे नीबू के आधे टुकड़े के बीज निकाल कर थोड़ा-सी काली मिर्च और काला नमक लगाकर चूसें।
- काली मिर्च को हींग और अजवायन के साथ लेने से हैजा में आराम मिलता है।

गुर्दे की पथरी में फायदेमंद

- बेलपत्र में थोड़ा-सा पानी मिलाकर पीस लें। इसमें एक साबुत काली मिर्च डाल कर रात भर रखें। सुबह इसे खा लें। दूसरे दिन 2 काली मिर्च और तीसरे दिन 3 खाएं। ऐसे 7 काली मिर्च तक पहुंचें। आठवें दिन काली मिर्च की संख्या घटाना शुरू करें और वापस एक तक आ जाएं। दो सप्ताह तक यह प्रक्रिया दोहराएं।

आंखों के लिए उपयोगी

- कमजोर आंखों की स्थिति में काली मिर्च को शहद के साथ मिलाकर खाना फायदेमंद है।

ब्लड प्रेशर को करे नियंत्रित

- इसके लिए दिन में 2-3 बार 5 दाने काली मिर्च और 20 दाने किशमिश का सेवन करें।

याददाश्त बढ़ाने में सहायक

- काली मिर्च शहद में मिलाकर खाने से कमजोर याददाश्त में फायदा होता है।

दांतों के लिए फायदेमंद

- नमक के साथ काली मिर्च मिलाकर दांतों में मंजन करने से पायरिया ठीक होता है। दांतों में चमक और मजबूती बढ़ती है।

इन उपायों से भी होगा फायदा

भाप लें

विक्स के जरिए बंद नाक खोलना सबसे आना तरीका है। गले पर लगाने से भी यह काफी हद तक राहत देता है। आप बंद नाक और गले की दिक्कत के लिए गर्म पानी में विक्स डालकर उसकी भाप भी ले सकते हैं।

लहसुन को डाइट में शामिल करें

सर्दी से बचने के लिए लहसुन का इस्तेमाल खाने में जरूर करें। हो सके तो दिन में एक बार लहसुन की एक कली को कच्चा चबाकर खाएं। अगर ऐसा ना कर पाएं तो दाल-सब्जी में लहसुन का उपयोग जरूर करें। लहसुन की चटनी भी शरीर को गर्म रखने और नाक-गले से जुड़ी दिक्कतों से बचाती है।

दूध में अदरक पकाकर पीएं

जुकाम होने पर दूध पीने के लिए मना किया जाता है क्योंकि ऐसी स्थिति में दूध कफ बढ़ाने का काम कर सकता है। लेकिन अदरक डालकर पकाया गया दूध हल्दी मिक्स करके पीने से जुकाम और गले की समस्या में तुरंत राहत देता है। आप सुबह और शाम के वक्त इसका सेवन कर सकते हैं।

किस बीमारी के लिए कौन-सा टेस्ट कराएं

35 वर्ष से ऊपर के पुरुष और 40 से ऊपर की महिलाओं को साल में एक बार प्रीवेंटिव हेल्थ चेकअप अवश्य कराना चाहिए। परिवार में किसी को हृदयरोग, डायबिटीज या कोई आनुवंशिक समस्या है तो नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। किस समस्या के लिए कौन-सा टेस्ट, यहां जानें एनीमिया तथा संक्रमण के लिए कम्प्लीट हीमोग्राम



डायबिटीज

फास्टिंग ब्लड टेस्ट, ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन, यूरिन टेस्ट

गुर्दे से संबंधित

कम्प्लीट रेनल फंक्शन टेस्ट

लिवर

कम्प्लीट लिवर फंक्शन टेस्ट

हृदय से संबंधित

कम्प्लीट लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी, टीएमटी

हड्डी व मांसपेशी

बोन मिनरल डेन्सिटी टेस्ट, कैल्शियम, विटामिन डी, विटामिन बी12

थाइरॉएड

टी3, टी3आर अल्ट्रासोनिक, टी4, टीएसएच पीसीओएस , एफएसएच एलएच, टेस्टास्टेरोन, एस्ट्रोजन, एएमएच, लिपिड प्रोफाइल **फेफड़े व सांस की समस्या-** पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी), चेस्ट एक्स-रे **पेट के रोग** -अल्ट्रासाउंड होल ऐब्डॉमिन महिलाओं के विशेष टेस्ट - मेमोग्राफी, पेप स्मीयर

रेसिपी

उड़द दाल की पूड़ी

सामग्री

- धुली उड़द दाल- 100 ग्राम
- मैदा- 250 ग्राम
- कलौंजी- 1/3 टीस्पून
- चीनी- 1 चम्मच
- तेल- तलने के लिए
- नमक- स्वादानुसार

विधि

उड़द दाल को 8-10 घंटे पानी में भिगोने के लिए रख दें और इसके बाद मिक्सर में इसको पीस लें। एक बाउल में मैदा, नमक, चीनी, कलौंजी एक साथ मिक्स कर लें। अब इसमें 3 चम्मच घी या तेल भी डाल दें। इसके बाद इसमें दाल वाला मिक्सचर भी मिला लें। अब इसमें गुनगुना पानी डालकर नरम आटा गूंद लें। इसे सेट होने के लिए 20 मिनट के लिए कपड़े से ढककर रख दें। अब इनके छोटे-छोटे बॉल्स बना लें और इसकी पूरियां बना लें। पैन में तेल गर्म करें और इसमें इन पूड़ियों को फ्राई कर लें। आलू-टमाटर की गरमा-गरम सब्जी के साथ इसे सर्व करें।

ब्रेड पिज्जा

सामग्री

- व्हाइट ब्रेड- 4 स्लाइस
- मोजैला चीज़- 100 ग्राम
- प्याज- 1 (बारीक कटा)
- शिमला मिर्च- 1 (बारीक कटा)
- टमाटर- 1 (बारीक कटा)
- जॉलपेनो- 25 ग्राम
- चिली फ्लेक्स- 1/2 टीस्पून
- मिक्स्ड हर्ब्स- 1/2 टीस्पून
- ऑरिगेनो- 1/2 टीस्पून
- शेजवान चटनी- 1 चम्मच
- टमेटो केचअप- 2 चम्मच
- नमक- स्वादानुसार

विधि

ओवन को 15-20 मिनट पहले 180 डिग्री पर प्रीहीट होने के लिए रख दें। एक बाउल में टमाटर, जालपेनो, प्याज, शिमला मिर्च मिक्स करें। अब इसमें चिली फ्लैक्स, मिक्स्ड हर्ब्स, ऑरिगेनो और नमक मिलाकर मिक्स करें। पिज्जा चटनी बनाने के लिए टमेटो केचअप, शेज़वान चटनी और चिली फ्लैक्स को एक बाउल में मिक्स कर लें। अब ब्रेड के एक साइड इस सॉस को फैलाएं। फिर उसके ऊपर वेजिटेबल्स वाला मिक्चर फैलाएं। उसके ऊपर चीज़ को कद्दूकस को करके फैलाएं। अब ब्रेड स्लाइस को बेकिंग ट्रे में रखें और इसे ओवन में रखें।15 मिनट बाद ओवन से निकाल लें। ब्रेड पिज्जा रेडी है। ऊपर से थोड़ा सा ऑरिगेनो बुरक कर गरमा-गरम सर्व करें।

आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ा संविधान पर चर्चा का सत्र

सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा संजीदा बहस की जगह हंगामे का केंद्र बनती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह शोर शराबा, हंगामा और सदन का स्थगित होना ही आम होता जा रहा है। यही बात लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस की चर्चा के दौरान देखने को मिली। संविधान निर्माण के 75वें वर्ष पर हुई यह चर्चा भी छिछालेदार, आरोप-प्रत्यारोप एवं उच्छृंखलता का माध्यम बनी, जबकि संविधान पर इस चर्चा से जनता को एवं देश को सही दिशा मिलनी चाहिए थी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी जानी चाहिए थी। संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम करके आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है।

भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है। लेकिन

यह समझाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास कोई मजबूत तर्क नहीं थे, वे यह स्पष्ट करने में विफल रहे कि आखिर संविधान को खतरा कैसे है? कांग्रेस संविधान पर चर्चा करते समय यह भी भूल गई कि वह यदि मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल की गलतियां गिनायेगी तो उसे भी अपने चार दशकों के कार्यकाल की गलतियों हिसाब देना होगा। संविधान पर चर्चा के दौरान जैसे विपक्ष ने सत्तापक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाई वैसे ही सत्तापक्ष ने भी विपक्ष पर आरोपों की बौछार की। लेकिन यह सब करते हुए पक्ष एवं विपक्ष ने संविधान की विशेषताओं को उजागर करने की सकारात्मकता की बजाय विध्वंसात्मक नीति का ही सहारा लिया।

जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं को अपनी पाली में करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम ईर्ष्या और मात्सर्य की भावना से किया, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास को ही बल दे रहा था। लगता है कि विपक्षी नेता यह समझने को तैयार नहीं कि लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने संविधान के खतरे में होने का जो हौवा खड़ा किया था, वह अब असरकारी नहीं रह गया है। विपक्ष के रवैये से यही लगा कि उसे यह बुनियादी बात समझने में मुश्किल हो रही है कि जाति जनगणना कराने-न कराने से संविधान की सेहत पर क्या असर पड़ने वाला है? कांग्रेस के लिये यदि जाति जनगणना इतनी ही आवश्यक है तो नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के कार्यकाल में क्यों नहीं कराई गई? अच्छा होता कि कांग्रेस नेता पहले इस प्रश्न का जवाब देते और फिर जाति जनगणना की आवश्यकता रेखांकित करते। लेकिन विपक्ष एवं विशेषकर कांग्रेस ऐसे मुद्दों को उछालकर खुद ही निरुत्तर होती रही है।

पूरी बहस में महापुरुषों को घसीटने का बिंदु ऐसा था जो न केवल बहस का जायका बिगाड़ने वाला कहा जा सकता है बल्कि यह निरुद्देश्यता एवं स्तरहीनता को ही दर्शाने वाला कहा जा सकता है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को यह भी बताना चाहिए कि संविधान पर बहस करते समय सावरकर का नाम लेना और मनुस्मृति दिखाना क्यों आवश्यक हो गया था? कांग्रेस को यह समझ आ जाए तो बेहतर कि सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी का उल्लेख करते रहने से उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष की तू-तू मैं-मैं चलती रहती है, लेकिन इसमें महापुरुषों को घसीटना अब बंद होना चाहिए। हमारे हर महापुरुष ने अपने समय, समाज और समझ की सीमाओं में रहते हुए कुछ ऐसा योगदान किया, जिसके लिए हम कृतज्ञ महसूस करते हैं। इसका मतलब उनके हर विचार से सहमति रखना या उनके हर कृत्य को समर्थन देना नहीं है। लेकिन उनके प्रति समाज की या उसके एक हिस्से की भी भावनाओं का सम्मान हमारी राजनीति का हिस्सा होना चाहिए।

सत्ता पक्ष ने इमरजेंसी का पुराना आरोप भी उछला, लेकिन नई बात यह रही कि इस पर बचाव की मुद्रा अपनाने के बजाय कांग्रेस इस तर्क के साथ सामने आई है कि भाजपा को भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। लेकिन यहां इमरजेंसी जैसी कोई भाजपा की गलती बताने में कांग्रेस नाकाम ही रही। एक और बड़ी विडम्बना यह देखने को मिली कि संविधान निर्माण को किसी दल विशेष की देन कहा गया जबकि संविधान निर्माण में सभी दलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर विशेषतौर पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि पिछले कुछ वर्षों से देश में ऐसा माहौल बनाया गया है कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है, जबकि वास्तविकता यह है कि संविधान के निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका रही है जिसे पूरी तरह से नकार दिया गया। संविधान सभा ने जो संविधान तैयार किया था, वह केवल कानूनी दस्तावेज नहीं था, बल्कि वह जनआकांक्षाओं का प्रतिबिंब था। उन्होंने कहा कि संविधान पार्टी विशेष नहीं बल्कि राष्ट्र का है, पार्टी विशेष ने संविधान निर्माण को हाईजैक कर लिया।

आज का राशिफाल

स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली।

मेष राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बना सकते हैं। आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। रुके हुए काम गति पकड़ेंगे। मन में उत्साह तथा विचारों की स्थिरता के कारण सभी कार्य अच्छी तरह से कर सकेंगे। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें और सेहत का ध्यान रखें। लम्बी यात्रा पर जाने से बचें।

वृषभ राशि :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग हैं। काम में मन लगेगा और मेहनत के अनुसार परिणाम मिलेंगे। रुके हुए कार्य शुरू होंगे, जिससे मन में उत्साह रहेगा। दांपत्य जीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। मनोरंजन, सौंदर्य-प्रसाधन, आभूषण आदि के पीछे खर्च हो सकता है। सेहत भी अच्छी रहेगी।

मिथुन राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यस्थल पर कुछ चीजें परेशान कर सकती हैं, लेकिन अपने परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। कार्यभार की अधिकता से शारीरिक तथा मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव करेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। माता-पिता और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहना होगा।

कर्क राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

सिंह राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। कारोबार विस्तार की योजनाएं बना सकते हैं, लेकिन जलाशय, जमीन-जायदाद के दस्तावेज आदि से दूर रहें। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। कार्यभार की अधिकता से मानसिक अस्वस्थता हो सकती है। संतानों की चिंता रहेगी। सरकारी काम आसानी से निपटेंगे।

कन्या राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग हैं। नौकरी खोजने के प्रयास सफल रहेंगे। परिश्रम की अधिकता रहेगी, लेकिन कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। कई लोग आपसे प्रेरणा ले सकते हैं। मकान-भूमि संबंधी कार्यों में सावधानी बरतें। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

तुला राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ता है। धन का खर्च अधिक हो जाने से मन व्यग्र रहेगा। आर्थिक मामलों में संभलकर चलें। परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। नौकरी पेशा वालों के लिए समय अच्छा रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें। परिवार में खुशहाली रहेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

वृश्चिक राशि :- आज का दिन कारोबारियों के लिए अच्छा रहेगा। आर्थिक लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। वाणी पर संयम रखें, अन्यथा परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे, जिससे समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र से संबंधित यात्रा पर जा सकते हैं, जो सफल रहेगी। खान-पान का ध्यान रखें।

धनु राशि :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजनाएं बनाएंगे और नए सौदों को अंतिम रूप दे सकते हैं। पुराने मित्रों से मुकालात होगी, जो लाभप्रद रहेगी। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च हो सकता है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। परिजनों के साथ घूमने-फिरने जा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी।

मकर राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का भरपूर रहेगा और सभी कार्य सफल होंगे। व्यापार में नए सौदे होने की संभावना बनेगी। कार्य से संबंधित यात्रा सफल होगी। नए मित्र बन सकते हैं, जो लाभदायक सिद्ध होंगे। आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। धार्मिक प्रवास का आयोजन हो सकता है। धन के लेन-देन से बचें। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा।

कुम्भ राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी अड़चनें आ सकती हैं। कार्यभार की अधिकता रहेगी, जिससे शारीरिक तथा मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। परिवार का वातावरण आनंदमय रहेगा। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा बहस हो सकती है। जीवनसाथी की समझने का प्रयास करें। खाने-पीने का ध्यान रखें।

मीन राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यों में सफलता मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा, लेकिन काम की अधिकता रहेगी, जिससे शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव करेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है, जो लाभदायक रहेगी। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं, जिससे समाज में सम्मान बढ़ेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। परिवार में नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

इंडिया गठबंधन की हालत सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम लठ जैसी

इंडिया गठबंधन में नेतृत्व का मसला पहले भी कई बार उठ चुका है। गठबंधन का हर घटक दल नेतृत्व का दावा जताता रहा है। हास्यादपद यह है कि दावा जताने वाले अपने प्रभाव वाले राज्य में भी भाजपा को हराने में कामयाब नहीं हो सके। सूत न कपास, जुलाहों में लट्ठम लठ। इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों की हालत कुछ ऐसी हो गई है। भाजपा गठबंधन से मुकाबला करने में विफल रहे विपक्षी दल के नेता नेतृत्व की कलह से जूझ रहे हैं। भाजपा से बुरी तरह शिकस्त खाने और राजनीतिक धरातल पर हैसीयत को स्वीकार किए बगैर विपक्षी नेता गठबंधन के नेतृत्व के जरिए भविष्य का प्रधानमंत्री बनने का सपना पाले हुए हैं। इन दलों का आधार बेशक एक राज्य से ज्यादा नहीं हो, किन्तु देश को नेतृत्व देने की आपसी होड़ में पीछे नहीं है। विपक्षी दलों के पास भाजपा से मुकाबला करने के लिए कोई एजेंडा तक नहीं है। लोकसभा चुनाव और हाल ही हुए उपचुनावों में इंडिया गठबंधन के दल आपस में ही मुकाबला करते रहे। विपक्षी दलों का ख्वाब है कि जिसके हाथ में नेतृत्व की कमान होगी, उसी के हाथ में देश की बागडोर होगी। ठोस रणनीति के अभाव में यह दिन में ख्वाब देखने जैसा है। इंडिया गठबंधन के दलों में आपस में ही नेतृत्व की होड़ मची हुई है। भाजपा के खिलाफ कोरी बयानबाजी से विपक्षी दलों के नेता बयानवीर साबित हो रहे हैं। लोकसभा और उससे पहले विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। विपक्षी दलों ने चुनाव जीतने के लालच में गठबंधन की धज्जियां उड़ाने में कसर बाकी नहीं रखी। गठबंधन की हालत उसे घोड़ागाड़ी जैसी हो गई जिसके घोड़े को हर घुडसवार अपने हिसाब से हांकना चाहता है। ऐसे में यह गठबंधन देश को नेतृत्व देने के मामले में आगे बढ? के बजाए पीछे खिसकता जा रहा है। इसी का परिणाम है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को चारों खाने चित्त कर दिया।

इंडिया गठबंधन में नेतृत्व का मसला पहले भी कई बार उठ चुका है। गठबंधन का हर घटक दल नेतृत्व का दावा जताता रहा है। हास्यादपद यह है कि दावा जताने वाले अपने प्रभाव वाले राज्य में भी भाजपा को हराने में कामयाब नहीं हो सके। इस बार नेतृत्व की दुदंभी तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से बजाई गई है। ममता बनर्जी ने हालिया चुनावों और उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की और कहा कि वह इसकी कमान संभालने को तैयार है। ममता ने हालिया हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर किया है और संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह इंडिया ब्लॉक की कमान संभालने के लिए तैयार है। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे को चलाने की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक

का गठन किया था, अब मोर्चा का नेतृत्व करने वालों पर इसका प्रबंधन करने की जिम्मेदारी है। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलना होगा। ममता के इस बयान के बाद अन्य विपक्षी दलों के नेताओं की अतृप्त इच्छा में उबाल आ गया। गठबंधन के दल के नेता अब नेतृत्व का दावा ठोक रहे हैं। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि ममता बनर्जी को ऐसा लगता है पर हमें ऐसा नहीं लगता। इस पर चर्चा करेंगे। उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है। हम तो कांग्रेस के कहने से चलते हैं, वहीं कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी बड़ी नेता हैं लेकिन राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है।

लेफ्ट नेता डी राजा ने कहा कि कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की जरूरत है। हालात इंडिया ब्लॉक की मीटिंग की मांग करते हैं। कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र चुनावों में गठबंधन सहयोगियों को समायोजित नहीं किया। अगर कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक सहयोगियों की बात सुनी होती तो लोकसभा और हरियाणा-महाराष्ट्र में नतीजे अलग होते। शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा कि हमें ममता बनर्जी की राय पता है। हम चाहते हैं कि ममता हमारे साथ रहें। हम सभी एक साथ हैं। अगर कोई मतभेद भी हैं तो वो छोटे मोटे हैं। हम कोलकाता जाकर ममता बनर्जी से बात करेंगे। सपा प्रवक्ता उदयवीर सिंह ने कहा कि अगर ममता जी ने कोई इच्छा जाहिर की है तो इंडिया ब्लॉक नेता उस पर विचार करके उनका सहयोग लें। इससे इंडिया गठबंधन मजबूत होगा। नेतृत्व को लेकर मचे इस घमासान में लालू यादव की पार्टी कैसे पीछे रह सकती है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने भी ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन का नेता बनाने की मांग कर दी। लालू ने कहा कि कांग्रेस की आपत्ति का कोई मतलब नहीं है। हम ममता का समर्थन करेंगे। ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व दिया जाना चाहिए। लालू यादव का यह बयान कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है क्योंकि लालू यादव लंबे समय से कांग्रेस के पुराने साथी रहे हैं। लालू यादव की यह मांग कांग्रेस के लिए मुसीबत बन सकती है। गठबंधन में शामिल कुछ दल पहले से ही ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन की कमान सौंपने की वकालत कर चुके हैं।

सावधानी का समय

भारत में जैसे ही कोरोना जांच में वृद्धि हुई है, संक्रमण के मामले भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे नजर आए हैं। पांच दिनों में संक्रमण के मामलों में कमी देखी जा रही थी, लेकिन अब संक्रमण तीन लाख के आंकड़े को पार कर गया है। आठ महीने बाद ऐसी स्थिति बनी है, ऐसे में भी महाराष्ट्र में सोमवार से स्कूल खोलने का फैसला निंदनीय है। जब वर्क फ्रॉम होम की पैरोकारी हो रही है, तब स्कूल खोलने का फैसला कितना सही है? पिछले दिनों शादी-विवाह के मौसम और बाजारों, धर्मस्थलों में बढ़ी आवाजाही का नतीजा हम भुगत रहे हैं। बड़े पैमाने पर कोरोना संक्रमण का विस्फोट हुआ है। मौतों की संख्या भी बढ़ी है, तब स्कूल खोलने का फैसला त्रासद है। क्या महाराष्ट्र में कोरोना मामले काबू में आ गए हैं? नहीं, सच्चाई यह है कि महाराष्ट्र कोरोना महामारी के मामले में नेतृत्व कर रहा है। भारत के चिकित्सा प्रभारियों को महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले पर आपत्ति करनी चाहिए। होता यह है कि एक सरकार जब कोई फैसला लेती है, तब दूसरी सरकारों पर ऐसे ही फैसले के लिए दबाव बढ़ता है। अतः यह जरूरी है कि हर सरकार समझदारी के साथ कदम बढ़ाए। ध्यान रहे कि यह लहर बच्चों को भी समान रूप से पीड़ित कर रही है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दुनिया इस समय कोरोना की चौथी लहर से गुजर रही है। दुनिया में पिछले एक सप्ताह में प्रतिदिन 29 लाख मामले दर्ज किए जा रहे हैं। जब अफ्रीका और यूरोप में कोविड मामले घट रहे हैं, तब एशिया में बढ़त दिख रही है। भारत में अभी लगभग 19 लाख सक्रिय मामले दर्ज हैं। विशेषज्ञ जानते हैं कि पीड़ितों की वास्तविक संख्या इससे ज्यादा हो सकती है। संक्रमण के मामले अगर ऐसे ही बढ़ते रहे, तो जनजीवन स्वतः बाधित हो जाएगा। खैर, आधिकारिक रूप से सरकार ने मान लिया है कि देश में महामारी की तीसरी लहर चल रही है। ऐसे में, सरकार को अपनी बचाव संबंधी नीतियों को और चाक-चौबंद कर लेना चाहिए। पॉजिटिविटी दर 16 प्रतिशत के आसपास होना बहुत चिंताजनक है। स्कूल खोलने के लिए लालायित महाराष्ट्र की ही अगर बात करें, तो वहां साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट दो फीसदी से बढ़कर 22 प्रतिशत हो गई है। केरल में पॉजिटिविटी रेट 32 प्रतिशत व दिल्ली में 30 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में पॉजिटिविटी दर महज छह प्रतिशत दर्ज की जा रही है, लेकिन पूरी सावधानी बरतना समय की मांग है। बेशक, हम अभी बेहतर स्थिति में हैं। दूसरी लहर के चरम दौर में केवल दो प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हुआ था, जबकि अब लगभग 72 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हो चुका है। शायद यही कारण है कि इस बार मौतें कम हो रही हैं। दूसरी लहर 30 अप्रैल 2021 को चरम पर थी, उस दिन 3,86,452 नए मामले आए थे, 3,059 लोगों की जान गई थी और कुल सक्रिय मामले 31,70,228 थे। वहीं 20 जनवरी 2022 को 3,17,532 नए मामले, 380 मौतें और 19,24,051 सक्रिय मामले हैं। मामले यहां से और ऊपर न जाएं, इसके लिए हमें मिलकर बचाव, जांच, इलाज के पूरे इंतजाम से रहना होगा। देश जान-माल का और नुकसान झेलने की स्थिति में नहीं है। ध्यान रहे, गुरुवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आने वाले 25 साल कड़ी मेहनत, त्याग व तपस्या की पराकाष्ठा होंगे। देशवासियों को यह साबित करने में मनोयोग से जुट जाना चाहिए।

संसद परिसर में सांसद का रक्त गिरना लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं

राहुल गांधी ने आज जो कुछ किया है वह सब देश के सामने है। देश को निर्णय लेना ही होगा कि संसद में उसे कैसे प्रतिनिधि चाहिए? जनता के लिए सरकार से भिड़ना अलग बात है लेकिन अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए किसी के साथ हिंसा करना अलग बात है। अक्सर कुर्ते की बाहें चढ़ा कर विरोधी दलों पर हमला बोलने वाले राहुल गांधी ने आज जिस तरह संसद में भाजपा सांसदों के साथ बर्ताव किया वह लोकतंत्र के लिए काला अध्याय बन गया। संयोग देखिये कि यह सब तब हुआ जब हाल ही में संसद ने 'भारतीय संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा की। देखा जाये तो यह कांग्रेस का दोमुंहापन नहीं तो और क्या है कि एक ओर उसके सांसद जय भीम के नारे लगा कर प्रदर्शन कर रहे थे तो दूसरी ओर पार्टी के नेता संविधान और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए गुंडागर्दी पर उतर रहे थे। बात-बात पर संविधान की प्रति दिखाने वाले राहुल गांधी को बताना चाहिए कि उसमें कहां लिखा है कि संसद में या संसद परिसर में हिंसा की जाये या किसी को धक्का दिया जाये? दिन-रात संविधान की प्रति दिखाने वाले राहुल गांधी को बताना चाहिए कि संविधान में कहां लिखा है कि महिला सांसद के साथ बदतमीजी की जाये?

राहुल गांधी ने आज जो कुछ किया है वह सब देश के सामने है। देश को निर्णय लेना ही होगा कि संसद में उसे कैसे प्रतिनिधि चाहिए? जनता के लिए सरकार से भिड़ना अलग बात है लेकिन अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए किसी के साथ हिंसा करना अलग बात है। राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर कराई गयी है। देखना होगा कि उनके खिलाफ जांच में क्या निकल कर आता है लेकिन इतना तो तय है कि उन्होंने विपक्ष के नेता पद की गरिमा को तार-तार कर दिया है। इतिहास उन्हें विपक्ष के ऐसे नेता के रूप में याद रखेगा जिसने मयार्दाओं और लोकतांत्रिक परम्पराओं की कभी परवाह नहीं की। देखा जाये तो भाजपा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी का सिर्फ माथा नहीं फूटा है बल्कि उनका जो रक्त संसद परिसर में गिरा है उससे लोकतंत्र के मंदिर की गरिमा को बड़ी ठेस पहुँची है और यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।

बहरहाल, आज की घटना यह भी दशार्ती है कि भविष्य में सांसदों को राहुल गांधी से सचेत रहने की जरूरत है। वैसे तो संसद में अब तक माइक तोड़ने, पर्चे फाड़ने या शोर मचाने जैसे वाकये सामने आते थे लेकिन अब जिस तरह धक्का मुक्की होने लगी है उसने भारत की संसदीय प्रणाली पर सवालिया निशान भी खड़ा कर दिया है। सोनिया गांधी चूंकि विपक्ष की नेता रही हैं इसलिए उन्हें अपने पुत्र को समझाना चाहिए कि मुद्दों का हल हिंसा से नहीं वार्ता और चर्चा से निकलेगा। निश्चित ही आज वायनाड और रायबरेली के मतदाता भी पश्चाताप कर रहे होंगे कि उन्होंने क्यों राहुल गांधी की बातों पर विश्वास करके उन्हें चुन लिया।

लालू बोले:अमित शाह पागल हो गए हैं, इस्तीफा देना चाहिए

केजरीवाल की नीतीश को चिट्ठी; शाह के बयान पर बीजेपी से समर्थन वापस लेने को कहा

पटना। अमित शाह के बाबा साहेब अंबेडकर पर दिए बयान पर बिहार में राजनीति तेज हो गई है। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर कहा अमित शाह पागल हो गए हैं। उन्हें बाबा साहेब से घृणा है। उनके बयान को हमने देखा, सुना है। उनके पागलपन का हम खंडन करते हैं। बाबा साहेब महान हैं, भगवान हैं।' साथ ही कहा कि 'शाह को राजनीति त्याग कर इस्तीफा दे देना चाहिए और भाग जाना चाहिए।' वहीं दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने लेटर में लिखा कि मुख्यमंत्री को अमित शाह के बयान की निंदा करनी चाहिए। साथ ही इस बयान पर उन्हें बीजेपी से समर्थन वापस ले लेना चाहिए। इससे पहले बुधवार को तेजस्वी यादव ने शाह के बयान पर सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- 'भाजपाई कान खोल कर सुन लें, बाबा साहेब अंबेडकर हमारे फैशन भी हैं, पैशन भी हैं, इंस्पिरेशन और मोटिवेशन भी हैं। आरएसएस-बीजेपी वालों ने सबसे पहले महात्मा गांधी जी को गाली दी, फिर जननायक कपूर्री ठाकुर को दी, फिर नेहरू को दी और अब अंबेडकर को गाली दे रहे हैं।' दरअसल, गृह मंत्री शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा था, 'अभी एक फैशन हो गया है। अंबेडकर, अंबेडकर... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।'

भाजपाई कान खोल कर सुन लें, बाबा साहेब अंबेडकर हमारे फैशन भी हैं, पैशन भी हैं, इंस्पिरेशन और मोटिवेशन भी

कांग्रेस ने इसे अंबेडकर का अपमान बताते हुए शाह के इस्तीफे की मांग की है। बयान पर सफाई दे चुके हैं शाह राज्यसभा में अंबेडकर को लेकर अपनी टिप्पणी पर गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई दी। कहा- 'संसद में बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए। भाजपा के सदस्यों ने ऐसा ही किया। जब साबित हो गया कि कांग्रेस अंबेडकर विरोधी पार्टी है, आरक्षण विरोधी है, संविधान विरोधी है, तो कांग्रेस ने अपनी पुरानी रणनीति अपनाते हुए बयानों को तोड़ना-मरोड़ना शुरू कर दिया।'इससे पहले खड़गे ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी को लेकर बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मांग की कि गृह मंत्री अमित शाह को रात 12 बजे से पहले बर्खास्त कर दें। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और शाह एक-दूसरे के पापों और बातों का बचाव करते हैं। चोर बोले जोर से- गिरिराज वही दिल्ली में आज मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने कहा- 'अगर कांग्रेस में हिम्मत है तो पूरा वीडियो दिखाए। कांग्रेस पार्टी को अपने पापों का प्रायश्चित करने के लिए उपवास और मौन व्रत करना चाहिए। अपने पाप को छिपाने के लिए भ्रम फैलाया जा रहा हैजनता में भ्रम फैलाना चाहते हैं इधर लालू यादव के बयान पर भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि 'देश के गृह मंत्री अमित शाह ने जब सच्चाई बताई कि बाबा साहेब के बारे में आपका क्या ख्याल है। तो विपक्ष तिलमिला उठा है। लालू यादव जैसे राजनीतिक के जोकर इस तरह का बयान दे रहे हैं।' लालू जी थोड़ा शर्म कीजिए। आपने अपनी बेटी का नाम मीसा रखा है। मीसा में जेल में बंद रहने के दौरान और आज कुर्सी के लिए चरण वंदना कर रहे हैं। आपलोग दलितों के हत्यारे हैं। आप लोगों ने बाबा साहेब को चुनाव में हरवाने का काम किया था। आपको लग रहा है कि गृह मंत्री गलत बोल रहे हैं। आपलोग राजनीतिक आपराधिक और फ्रॉड हैं। इतिहास को गलत बताने वाले लोग हैं। वहीं बिहार सरकार के मंत्री और जदयू नेता अशोक चौधरी ने कहा कि 'जनता की वोट से वो हरा नहीं पा रहे हैं। बात की वोट से हराना चाहते हैं। भ्रम पैदा करना चाहते हैं।'

बयान पर सफाई दे चुके हैं शाह

राज्यसभा में अंबेडकर को लेकर अपनी टिप्पणी पर गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई दी। कहा- 'संसद में बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए। भाजपा के सदस्यों ने ऐसा ही किया। जब साबित हो गया कि कांग्रेस अंबेडकर विरोधी पार्टी है, आरक्षण विरोधी है, संविधान विरोधी है, तो कांग्रेस ने अपनी पुरानी रणनीति अपनाते हुए बयानों को तोड़ना-मरोड़ना शुरू कर दिया।'

पति ने कुल्हाड़ी से काटा पत्नी का गला

गुमला। में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद वो घर से पैदल ही 30 किलोमीटर दूर थाना पहुंचा और सरेंडर कर दिया। मामला बीती देर रात पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत पाहन टोली सारु बेरा की है। दंपती और गांव की दो महिला साथ में शराब पी रहे थे। इसी बीच किसी बात पर विवाद हुआ और आरोपी ने पत्नी की हत्या कर दी। मृतका की पहचान कार्सेसिया केरकेट्टा (47) के रूप में की गई है। वहीं, मृतका का पति फूलचंद केरकेट्टा (52) पुलिस गिरफ्त में है। सुबह पालकोट थाना प्रभारी मोहम्मद

जहांगीर आरोपी पति को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और वारदात की पूरी जानकारी ली। पुलिस ने कुल्हाड़ी बरामद कर लिया है।मृतका के बेटे अश्विन केरकेट्टा ने बताया कि बुधवार को माता-पिता दोनों ही पोजेंगा बाजार साथ में गए थे।

मोहनिया विधायक ने कांग्रेस को घेरा

कैमूर। के मोहनीया पहुंची राजद के बागी विधायक संगीता कुमारी ने कहा गृह मंत्री अमित शाह के बयान को तोड़ मरोड़ कर कांग्रेस और राजद के लोगों द्वारा पेश किया जा रहा है। कांग्रेस के रीजन में ना तो बाबा साहब को संसद में भेजा गया और ना ही उनको सम्मान दिया गया। जबकि भारत रत्न देने का काम बीजेपी ने किया और संसद में प्रतिमा लगाने का काम भी भाजपा ने किया। कांग्रेस के लोग सिर्फ उनके नाम पर वोट लेते आए हैं और सम्मान देने का काम सिर्फ भाजपा कर रहा है । मोहनिया वीधायक संगीता कुमारी ने कहा अमित शाह जी के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया

है। कांग्रेस ने सम्मान अंबेडकर जी को क्यों नहीं दिया। अंबेडकर जी को संसद में जाने से किसने रोका । बाबा साहब को सम्मान भाजपा ने दिया। संसद में बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति भारतीय जनता पार्टी ने लगवाया और भारत रत्न की उपाधि भारतीय जनता पार्टी ने दिया। संविधान का गला घोट कर 1975 का इमरजेंसी लगा। उसको देस कभी भुला नहीं है।दलितों का कांग्रेस हितैषी नहीं है। दलितों का सिर्फ वोट लेने का काम करती है और सम्मान नहीं देती है। जगजीवन बाबू को प्रधानमंत्री बनाने कांग्रेस ने नहीं दिया। उनका वीडियो और ऑडियो क्लिप के माध्यम से साजिश कर बनने नहीं दिया और जब बाबा साहब को संसद में भेजने की बात आई तो उनको भेजा नहीं और आज अमित शाह जी के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे हैं और दलितों को भी भ्रमित करने प्रयास कर रहे हैं। ' कांग्रेस ने संसद में संविधान का चीर हरण किया और सबसे ज्यादा संशोधन किया। भारतीय जनता पार्टी ने संविधान का संशोधन किया तो देश हित में किया। आपातकाल और संविधान का चीर हरण करने वाले लोगों को संविधान पर बोलने का कोई हक नहीं है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले जल संसाधन मंत्री

पटना। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस दौरान बिहार में बाढ़ नियंत्रण से संबंधित 6650.33 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी देने का अनुरोध किया। रिवर मैनेजमेंट इन बॉर्डर एरिया के तहत 2147.58 करोड़, बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के तहत 4502.75 करोड़ की योजनाओं के डीपीआर जल शक्ति मंत्रालय में सौंपा गया है। साथ ही बजट भाषण में घोषित 11500 करोड़ की राशि के तहत प्रथम चरण में बाढ़ नियंत्रण से संबंधित 6650.33 करोड़ की प्रस्तावित

योजनाओं की तत्काल स्वीकृति के लिए संबंधित प्राधिकार को आवश्यक निदेश देने का अनुरोध किया है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि बिहार हमेशा देश के बाहर से आने वाली नदियों की बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित होता रहा है। नेपाल भाग में बाढ़ नियंत्रण से संबंधित संरचनाओं के निर्माण में कोई प्रगति नहीं हो पाई है। बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई योजना सहित अन्य संसाधनों से बाढ़ प्रबंधन व बराज निर्माण के लिए योजनाओं की तेजी से मंजूरी जरूरी है। इस मौके पर राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा मौजूद थे। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि 27 सितंबर से 30 सितंबर के बीच पूरे नेपाल में तेज बारिश हुई। वहां से आने वाली गंडक, बागमती, कोशी, महानंदा आदि नदियों के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि होने से उच्चतम जल स्तर के सारे रिकार्ड टूट गए। कोसी और गंडक में तो अनेक स्थानों पर लंबी दूरी में तटबंधों के ऊपर से बाढ़ का पानी बह गया। जल संसाधन मंत्री ने कहा इन नदियों पर पूर्व से निर्मित तटबंध अब पूरी सुरक्षित नहीं रही। इसके दो प्रमुख कारण है।

सीवान में पुलिसकर्मी ने गुमटी में मारी टक्कर

सीवान। के महादेवा थाना के पास शराब के नशे में धुत एक पुलिसकर्मी ने कार से गुमटी में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पुलिस गंभीर रूप से घायल हो गए। लेकिन गुमटी के पास खड़े लोग बाल-बाल बच गए। घायल पुलिसकर्मी पश्चिमी चंपारण के गोपालपुर निवासी प्रमोद तिवारी बताया जा रहा है। बता दें कि रढ अपने काम में लापरवाही को लेकर पहले ही सस्पेंड किया जा चुका है। शराब की नशे में धुत था सिपाही स्थानीय लोगों ने बताया कि नशे में धुत कार में सवार होकर प्रमोद तिवारी कही जा रहे थे, तभी उन्होंने गुमटी में ठोकर मार दिया। वहां

मौजूद सभी लोग बाल-बाल बच गए और एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। जबकि पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इस संबंध में जब पुलिस कर्मी से पूछताछ की गई तो वह सदर अस्पताल से भाग निकला।

250 रुपए नहीं देने पर दोस्त को मारा चाकू'

भोजपुर। के गीधा गांव में बुधवार की देर शाम दोस्त ने अपने दोस्त को पैसे नहीं देने के विवाद में चाकू मार दी। आरोपी दोस्त ने युवक को बाएं हाथ,पीठ एवं पेट में चाकू मारी है। चाकू लगने के बाद खून से लटपथ युवक को जख्मी हालत में अन्य दोस्तों के मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक गीधा गांव के वार्ड 6 निवासी नंद लाल पासवान का 19 वर्षीय पुत्र चंदू पासवान है। आरोपी युवक का नाम इमामुद्दीन है। जिसने ढ़ाई सौ रुपए नहीं देने पर दोस्त को चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना के दौरान मौजूद अन्य दोस्तों ने मामला को शांत कराया।जख्मी युवक चंदू ने बताया कि समान रीदने के लिए उसके दोस्त इमामुद्दीन ने चार पांच सौ रुपए मांगे थे। जिसमें मैंने उसे ढ़ाई सौ रुपए देकर चला गया था। इसके बाद उसने कहा कि मुझे और ढ़ाईतीन सौ रुपए चाहिए। इतना में घर का सामान नहीं आयेगा।मैने कहा कि मेरे पास इतना ही है लेकिन तुम गांव के रोड पर आओ कुछ पैसा जुगाड़ कर देता हूं। इसी बात को लेकर उसने गाली देना शुरू कर दिया। जब मैने इसका विरोध किया तो उसने चाकू निकालकर ताबड़तोड़ मारना शुरू कर दिया।

आरजेडी विधायक के भाई का सरेंडर, कोर्ट ने भेजा जेल

पटना। आरजेडी विधायक रीतलाल यादव के भाई पिंकू यादव ने गुरुवार को दानापुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। वो पटना AIIMS के सिक्योरिटी ऑफिसर पर जानलेवा हमला मामले में फरार चल रहा था। दानापुर कोर्ट ने पिंकू यादव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस दौरान कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। आज प्रशासन कुर्की के लिए विधायक के भाई के घर पहुंचा था। कार्रवाई शुरू होने से पहले ही पिंकू ने सरेंडर कर दिया। बुधवार देर रात पुलिस ने आरजेडी विधायक रीतलाल यादव के भाई पिंकू यादव के घर पर छापेमारी की थी। रेड के दौरान पुलिस ने 3 बंदूक बरामद हुई थी। इनका लाइसेंस भी नहीं था। इसके अलावा 11 लाख कैश, नोट गिनने की मशीन, पुराने स्टांप पेपर, जमीन के कागजात भी छापेमारी में मिले थे।पुलिस ने फाइनेंशियल डॉक्यूमेंट्स भी बरामद किए हैं। इसमें पैसे के लेनदेन का जिक्र है।पिंकू यादव पर आरोप है कि उसने 22 अगस्त 2024 को पटना AIIMS के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर पर जानलेवा हमला करवाया था। वो इस घटना के बाद से ही फरार था।दानापुर-2 एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया में खगौल थाना में दर्ज केस 284/24 में कोर्ट के आदेश पर वारंट जारी हुआ था। इसी सिलसिले में पिंकू यादव उर्फ टिंकू यादव के कोठवा स्थित ठिकानों पर छापेमारी की गई है।इससे पहले 13 नवंबर को पुलिस ने पिंकू यादव के घर पर सरेंडर करने के लिए नोटिस चिपकाया था। बुधवार देर रात पुलिस पिंकू यादव की तलाश में पहुंची थी, लेकिन वो नहीं मिला। AIIMS के सिक्योरिटी चीफ पर गोली चलवाने का आरोप22 अगस्त 2024 को AIIMS के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर प्रेमनाथ राय पर जानलेवा हमला किया गया था। दीघा एलिवेटेड रोड पर घर से ऑफिस जाते समय अपराधियों ने उनकी गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। जिसमें वो बाल-बाल बच गए थे।इस मामले में दानापुर से आरजेडी के बाहुबली विधायक रीतलाल यादव के भाई पिंकू यादव का नाम मास्टमाइंड के रूप में सामने आया था। जिसके बाद 23 अगस्त को प्रेमनाथ राय ने खगौल थाने में लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी। आरोप है कि पिंकू यादव AIIMS में गार्ड की नियुक्ति में अपने लोगों को रखना चाहता था।नौकरी के नाम पर लिए गए थे 60 हजार बताया जाता है कि इसके लिए उसने 35 लोगों से 60-60 हजार रुपए भी वसूले गए थे।

वसूली की रकम के आधे पैसे पिंकू यादव को रखने थे। बाकी के पैसे का बंटवारा होना था, लेकिन AIIMS चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर के इनकार करने के बाद पिंकू यादव परेशानी बढ़ गई थी।

4 महीने पहले AIIMS सिक्योरिटी चीफ पर चलवाई गोली; रेड में बंदूकें, 11 लाख बरामद

संक्षिप्त डायरी

1 फीट का रोशनदान तोड़कर लॉकअप से भागा प्रेमी

सीतामढ़ी। सीतामढ़ी में हाजत (लॉकअप) में बंद एक आरोपी रोशनदान तोड़कर भाग निकला। पुलिस ने उसके साथ उसकी प्रेमिका (24) को भी हंगामा करते हुए पकड़ा था। प्रेमिका ने आरोप लगाया था कि नीतीश (28) से सोशल मीडिया के जरिए ढाई साल पहले बातचीत शुरू हुई। उसके बाद दोनों प्यार करने लगे। लड़की का आरोप है कि नीतीश शादी का झांसा देकर बार-बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता था। 3 नवंबर को भी नीतीश ने उसे पटना बुलाकर चार दिनों तक होटल में रखा और संबंध बनाया और उसके बाद घर भेज दिया। शादी से मुकरने के बाद दोनों के बीच हंगामा हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने 18 दिसंबर को दोनों को पकड़कर थाने लेकर आई थी।युवती ने पुलिस को बताया है कि नीतीश ने 17 दिसंबर को शादी की बात कहकर सुरसंड इलाके के होटल में बुलाया। यहां भी नीतीश ने उसके साथ संबंध बनाए। नीतीश ने फिर 18 दिसंबर को कटरा मंदिर में शादी करने की बात कहकर बाइक पर बैठने को कहा, लेकिन बोखड़ा थाना के पास पहुंचते ही नीतीश ने लड़की को बाइक से उतरने को कहा और भागने की कोशिश करने लगा।लड़की ने शोर मचाकर उसे पकड़ लिया। युवक ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया। शोर सुनकर और भी लोग जुट गए। हंगामा बढ़ा तो मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया और थाने लेकर आई। डीएसपी अतनु दत्ता ने बताया कि 'युवक को खोजने के लिए छापेमारी की जा रही है। लड़की फिलहाल थाने पर है। पेरेंट्स के आने के बाद उनके बयान के आधार पर कार्रवाई होगी।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

आरा। सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव स्थित पंचायत भवन के समीप बुधवार की देर शाम अनियंत्रित होकर बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा,-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के धमनिया गांव वार्ड नंबर तीन निवासी नागेंद्र कुमार चौबे का 22 वर्षीय पुत्र अरुणोदय राज है। वह प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मृतक के चचेरे भाई अंबिकेश कुमार ने बताया कि वह बुधवार को आरा किसी दूसरे कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए आया था। इंटरव्यू देने के बाद जब बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। उसी बीच कसाप गांव स्थित पंचायत भवन के समीप विपरीत दिशा से आ रही किसी अज्ञात वाहन या पशु से चकमा खाकर बाइक का अनियंत्रित होकर बिजली के पोल में जाकर टकरा गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय घटनास्थल पहुंची और पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। जिसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

बदमाशों ने युवक को गोली मारकर किया घायल

मुजफ्फरपुर। जिले के सकरा थाना क्षेत्र के बुधवार की रात बाइक सवार दो अज्ञात अपराधकर्मी ने लूट के दौरान एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया है। घायल युवक की पहचान जिब्रिल आलम के रूप में हुई है। जिसके हाथ में गोली लगी है। घटना के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भेज दिया गया। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। जिब्रिल आलम सकरा थाना क्षेत्र के सुजावलपुर चौक पर स्थित अपने मीट की दुकान को बंद कर एक टोटो पर सवार होकर अपने घर रहीमपुर को जा रहा था। रक्सा चौड़ के पास बाइक सवार दो अपराधी वहां पहुंचे और लूटपाट करने लगे। इसी दौरान जब टोटो सवार लोगों ने विरोध किया तो अपराधियों ने गोली चला दी। जिसमें एक गोली टोटो सवार रहीमपुर निवासी जिब्रिल आलम को लग गई। जिसके बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना प्राप्त होते ही सकरा थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटे गए। सकरा थाना प्रभारी ने बताया गोली लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया है।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।जांच के बाद घटना का सही कारण पता चलेगा।

सेबी ने छोटी, मझोली कंपनियों के लिए आईपीओ नियमों को सख्त करने की दी मंजूरी

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल ने छोटी एवं मझोली कंपनियों (एसएमई) के शुरुआती सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने से संबंधित प्रक्रिया को सशक्त करने के लिए एक सख्त नियामकीय रूपरेखा को मंजूरी दी है। इसके अलावा, सेबी ने बिक्री पेशकश (ओएफएस) को सीमित करने का भी फैसला लिया है और प्रवर्तकों के लिए चरणबद्ध 'लॉक-इन' पेश किया है। सेबी के निदेशक मंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। बयान के मुताबिक सेबी के निदेशक मंडल ने डिबेंचर ट्रस्टी, ईएसजी रेटिंग प्रदाताओं, इनविट्स, रीट्स और एसएम रीट्स के लिए कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए सुधारों को भी मंजूरी दे दी। इसके अलावा अनुमोदित सुधारों का उद्देश्य एसएमई को एक अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड प्रदान करना और निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए जनता से धन जुटाने का अवसर प्रदान करना है। इस संबंध में बोर्ड ने सेबी (आईसीडीआर) विनियम, 2018 और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 में संशोधन को भी स्वीकृति दे दी है। यह कदम एसएमई के निर्गम बढ़ने के बाद उठाया गया है, जिसने महत्वपूर्ण निवेशक भागीदारी को बढ़ावा दिया गया है। लाभप्रदता मानदंड के संबंध में एसएमई इकाइयों की तरफ से लाए जाने वाले आईपीओ के संबंध में सेबी ने कहा कि निर्गम लाने की योजना बनाने वाली छोटी एवं मझोली कंपनियों को अपना मसौदा दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल करते समय पिछले तीन में से दो वित्त सालों में कम से कम एक करोड़ रुपए का परिचालन लाभ दिखाना होगा। एसएमई आईपीओ में शेयरधारकों द्वारा बिक्री के लिए ओएफएस की सीमा कुल निर्गम आकार के 20 फीसदी तक सीमित कर दी है। इसके अलावा विक्रय करने वाले शेयरधारक अपनी मौजूदा हिस्सेदारी का 50 फीसदी से ज्यादा हिस्सा नहीं बेच सकेंगे। इसके अलावा, एमपीसी से ज्यादा प्रवर्तकों की शेयरधारिता चरणबद्ध 'लॉक-इन' अवधि के अधीन होगी। अतिरिक्त हिस्सेदारी का आधा हिस्सा एक साल के बाद जारी किया जाएगा, जबकि शेष 50 फीसदी दो सालों बाद जारी की जाएगी। एसएमई आईपीओ में गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए आवंटन पद्धति को मुख्य बोर्ड आईपीओ में अपनाई गई पद्धति के अनुरूप बनाया जाएगा ताकि एकरूपता तय की जा सके।

शेयर बाजार के लिए ऐतिहासिक रहा 2024 का साल, कंपनियों ने खूब जुटाए पैसे

3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड पूंजी कमाई

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार के लिए 2024 एक ऐतिहासिक साल रहा है। कंपनियों ने 2024 में अब तक इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ), क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) और राइट्स इश्यू के जरिए 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड पूंजी कमाई है। इसके पहले 2021 में कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.88 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस साल अब तक 90 कंपनियों ने 1.62 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई है या इसकी घोषणा की है, जो पिछले साल के 49,436 करोड़ रुपये से 2.2 गुणा अधिक है। 2024 में नए इश्यू के जरिए जुटाई गई राशि करीब 70,000 करोड़ रुपये है, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 43,300 करोड़ रुपये था। 2024 में अब तक 88 कंपनियां क्यूआईपी के जरिए 1.3 लाख करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। इसके पहले क्यूआईपी के द्वारा सबसे अधिक राशि 80,816 करोड़ रुपये 2020 में 25 कंपनियों द्वारा जुटाई गई थी। इस अब तक 20 कंपनियों ने राइट्स इश्यू के जरिए करीब 18,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 7,266 करोड़ रुपये और 2022 में यह 3,884 करोड़ रुपये था। 2024 के आखिरी दो हफ्तों में भी यह आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि इस हफ्ते डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स, वेंटीव हॉस्पिटैलिटी, कैरारो इंडिया, सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स, ट्रांसरेल लाइटिंग, कॉनकॉर्ड एनवायरो सिस्टम्स, सनाथन टेक्सटाइल्स और ममता मशीनरी जैसी कंपनियों का आईपीओ खुला रहा है।

सेबी ने कीमतों को नियंत्रित करने लिया फैसला, 'डेरिवेटिव' कारोबार लगी रोक बढ़ाई

नई दिल्ली।

शेयर बाजार नियामक सेबी ने अहम फैसले लिए। इनमें आईपीओ, म्यूचुअल फंड और डेरिवेटिव ट्रेडिंग पर लिए फैसले शामिल हैं। सेबी ने कीमतों को नियंत्रित करने गेहूं और मूंग समेत सात कृषि उत्पादों में 'डेरिवेटिव' कारोबार पर रोक को जनवरी 2025 तक बढ़ा दिया है। सेबी ने धान (गैर-बासमती), चना, कच्चा पाम तेल, सरसों के बीज और उसके उत्पाद सोयाबीन और उसके उत्पाद पर भी रोक लगाई है। यह निर्देश शुरू में 19 दिसंबर 2021 को जारी किए गए थे। शुरुआत में इसे 20 दिसंबर 2022 तक के लिए तय किया था, लेकिन बाद में इसे दो बार और बढ़ाया। पहली बार एक अतिरिक्त साल के लिए 20 दिसंबर, 2023 तक और फिर 20 दिसंबर, 2024 तक। अब सेबी ने व्यापार प्रतिबंधों को 31 जनवरी 2025 तक लागू रखते हुए निलंबन को बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके अलावा सेबी के निदेशक मंडल ने छोटी एवं मझोली कंपनियों के आईपीओ लाने से संबंधित प्रोसेस को सशक्त करने के लिए एक रेगुलेटरी गाइडलाइन को मंजूरी दे दी है। सेबी ने म्यूचुअल फंड नियमों में

संशोधन कर निवेश के नए उत्पाद पेश किए हैं। इसके तहत उच्च जोखिम लेने में सक्षम निवेशकों के लिए विशेषीकृत निवेश कोष के साथ सूचकांक और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड से संबंधित योजनाओं के अंतर्गत उदारीकृत 'म्यूचुअल फंड लाइट' की रूपरेखा पेश की है। इसका मतलब है कि इन प्रोडक्ट को निवेशक के हिसाब से डिजाइन किया है। सेबी के निदेशक मंडल ने डिबेंचर ट्रस्टी, ईएसजी रेटिंग प्रदाताओं, इनविट्स, रीट्स और एसएम रीट्स के लिए कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए सुधारों को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा नियामक ने निवेश बैंकिंग मानदंडों में आमूलचूल बदलाव करने का फैसला किया है। एसएमई यूनिट्स की तरफ से लाए जाने वाले आईपीओ के संबंध में सेबी ने कहा कि आईपीओ लाने की योजना बनाने वाली छोटी एवं मझोली कंपनियों को अपना दस्तावेजों का मसौदा दाखिल करते समय पिछले तीन में से दो वित्त सालों में कम से कम एक करोड़ रुपए का परिचालन लाभ दिखाना होगा।

सीजीएसटी कानून में संशोधन को मंजूरी दे सकती है जीएसटी, रियल एस्टेट कंपनियों को लगेगा झटका

नई दिल्ली।

वस्तु एवं सेवा कर परिषद की शनिवार को होने वाली बैठक में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) कानून में संशोधन को मंजूरी दे सकती है। इससे सफारी रिट्रीट्स मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला निष्प्रभावी हो जाएगा जिसमें किराए की प्रॉपर्टी की निर्माण लागत पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावों की अनुमति दी थी। ऐसा हुआ तो रियल एस्टेट कंपनियों को झटका लगेगा।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सरकारी खजाने को भारी नुकसान होने की आशंका जताई थी। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि इसका प्रभाव करीब 10 हजार करोड़ रुपए का हो सकता है क्योंकि फैसला 1 जुलाई, 2017 से प्रभावी माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सीजीएसटी अधिनियम में इस्तेमाल किए गए शब्द 'प्लांट ऐंड मशीनरी' और 'प्लांट ऑर मशीनरी' अलग-अलग हैं जिन्होंने 'प्लांट' को परिभाषित करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत तय किए हैं। कोर्ट ने कहा कि आईटीसी के लिए पात्रता का मूल्यांकन हर मामले के आधार पर किया जाना चाहिए। उसमें करदाता के कारोबार की प्रकृति और मकान के उपयोग जैसे कारकों पर विचार करना चाहिए।

इस मामले से जुड़े एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि जीएसटी परिषद की कानून समिति ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर गंभीरता से विचार किया है। समिति ने अस्पष्टता दूर करने और भविष्य में मुकदमेबाजी को रोकने के लिए 1 जुलाई, 2017 से सीजीएसटी अधिनियम में संशोधन करने की सिफारिश की है। समिति ने पाया कि 'प्लांट ऑर मशीनरी' शब्द के बारे में कोर्ट का फैसला जीएसटी परिषद के साथ-साथ विधायिका की मंशा को भी विफल करता है।

अधिकारी ने कहा कि कानून समिति ने पाया कि हर मामले में तथ्यों की जांच के आधार पर यह तय करना मुश्किल है कि परिसंपत्ति सीजीएसटी अधिनियम के तहत प्लांट के तहत आती है या नहीं। इससे काफी भ्रम और अराजकता पैदा हो सकती है जिससे मुकदमेबाजी बढ़ सकती है। इसलिए यह सुचारु कर प्रशासन और कारोबारी सुगमता के लिहाज से उपयुक्त नहीं होगा।

पीडब्ल्यूसी के टैक्स पार्टनर ने कहा कि नीतिगत दृष्टिकोण से देखा जाए तो निर्माण से जुड़े खर्च पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमति दी जानी चाहिए।

भारत में वोडाफोन आइडिया ने शुरु की 5जी सेवाएं

नई दिल्ली । भारत में वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने अपनी 5जी सेवाएं शुरू कर दी हैं। शुरुआती चरण में कंपनी ने17 सर्किलों में 5जी नेटवर्क लॉन्च किया है। इनमें बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई और नई दिल्ली जैसे बड़े शहर शामिल हैं। वीआई कंपनी ने कहा है कि जल्द ही अन्य शहरों में भी 5जी सेवाएं शुरू की जाएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, वीआई ने 3.3जीएचझेड और 26जीएचझेड स्पेक्ट्रम का उपयोग करके 5जी नेटवर्क स्थापित किया है। 5जी सेवाओं का फायदा प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों यूजर्स उठा सकते हैं। हालांकि, इसके लिए यूजर्स को अपने स्मार्टफोन में 5जी नेटवर्क को एनेबल करना होगा। कीमत की बात करें तो प्रीपेड ग्राहकों को 5जी कनेक्टिविटी के लिए 475 रुपये के रिचार्ज पैक की जरूरत होगी। वहीं, पोस्टपेड यूजर्स के लिए रेडएक्स 1101 प्लान पेश किया गया है, जिसमें 5जी सेवाएं उपलब्ध होंगी। वोडाफोन आइडिया का यह कदम भारत के बढ़ते 5जी बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। जल्द ही अन्य शहरों में भी नेटवर्क विस्तार की उम्मीद है। बता दें कि वीआई के सीईओ ने जनवरी 2024 में घोषणा की थी कि 5जी रोलआउट छह से सात महीनों के भीतर शुरू किया जाएगा। हालांकि एयरटेल और रिलायंस जियो की तुलना में वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों को 5जी सेवाओं के लिए थोड़ा अधिक इंतजार करना पड़ा है। वोडाफोन आइडिया फिलहाल 17 लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्रों (एलएसए) में 5जी कनेक्टिविटी प्रदान कर रहा है।

रुपया गिरावट के साथ खुला , 85 के नीचे पहुंचा

नई दिल्ली । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 85 के नीचे पहुंच गया। अमेरिकी फेडरन रिजर्व (फेड) फेड के अगले साल ब्याज दरों में कटौती की रफ्तार धीमी रखने के संकेतों से रुपये पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इससे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 18 पैसे गिरकर 85.12 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी फेड के फैसले के बाद डॉलर में जोरदार तेजी आई और डॉलर इंडेक्स 108 के स्तर को पार कर गया। भारतीय मुद्रा के अलावा अन्य विदेशी मुद्राओं में भी इसका असर देखने को मिला है। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 85.06 रुपये पर खुला। घरेलू शेयर बाजारों के नरम रुख, आयातकों की ओर से डॉलर की मांग और विदेशी पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। वहीं गत कारोबारी दिन भारतीय रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 84.94 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। बाजार जानकारों ने कहा, डॉलर इंडेक्स का 108 से ऊपर जाना और 10 साल के बॉन्ड यील्ड का 4.52 प्रतिशत पर पहुंचना एफआईआई कोष प्रवाह के दृष्टिकोण से नकारात्मक है। लेकिन यह केवल अस्थायी होने की संभावना है।

गोदरेज प्रोफेशनल ने शरवरी को ब्रांड एंबेसडर बनाया

मुंबई । गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) का प्रमुख प्रोफेशनल हेयर ब्रांड, ने बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्री शरवरी को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। शरवरी, जो मुंज्या, महाराज और वेद जैसी फिल्मों में अपनी बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती हैं, अपने फैशन-फॉरवर्ड व्यक्तित्व और आत्मविश्वास के साथ ब्रांड की प्रतिबद्धता को बखूबी दिखाती हैं। इस गठजोड़ पर टिप्पणी कर गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के अधिकारी ने कहा कि शरवरी के पास लाखों लोग हैं, जो उनकी स्टाइल और ग्रेस को पसंद करते हैं, और उनका गोदरेज प्रोफेशनल के साथ जुड़ाव एक महत्वपूर्ण विकास है, खासकर जब ब्रांड हेयर और ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना विस्तार कर रहा है। इस नई साझेदारी पर शरवरी ने कहा, गोदरेज प्रोफेशनल के लिए पहला ब्रांड एंबेसडर बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। शरवरी ने 2025 के ट्रेंडिंग हेयर कलर और स्टाइलिंग लुक को पेश करते हुए शोस्टॉपर के रूप में कार्यक्रम में अपनी छाप छोड़ी।

देश में ग्लूकोज मॉनिटरिंग बाजार दो प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा

मुंबई । भारत में मधूमेह के बढ़ते मामलों के बीच आई एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में ग्लूकोज मॉनिटरिंग बाजार 2024-33 के दौरान दो प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामलों के साथ-साथ विश्वसनीय मॉनिटरिंग टूल्स तक सीमित पहुंच, एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती पेश करती है। 2024 में, भारत का ग्लूकोज मॉनिटरिंग बाजार एशिया-प्रशांत बाजार का करीब 10 प्रतिशत हिस्सा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्थानीय जरूरतों के अनुरूप किफायती और इनोवेटिव सॉल्यूशन पर बढ़ते फोकस को दिखाता है। रिपोर्ट में बताया गया हैं कि भारत में ग्लूकोज मॉनिटरिंग सॉल्यूशन की बढ़ती उपलब्धता के बाद भी अफोर्डिबिलिटी, यूजर एजुकेशन और एक्सेसेबिलिटी को लेकर खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ा अंतर बना हुआ है। लोकल स्तर पर मैन्युफैक्चर किए गए डिवाइस इस अंतर को खत्म कर सकते हैं। भारत में डायबिटीज का बोझ केयर डिलीवरी में अंतर को खत्म करने और डायबिटीज मैनेजमेंट को लगातार प्रमोट करने की तत्काल जरूरत को दिखाता है। हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाना और कम्युनिटी लेवल पर बढ़ती जागरूकता डायबिटीज मैनेजमेंट के तरीके को बेहतर बना सकते हैं और देश भर में दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। एक रिपोर्ट से पता चला है कि भारत में ग्लूकोज मॉनिटरिंग डिवाइस का बाजार 2024 में 366.53 मिलियन डॉलर का था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्वानुमान अवधि में 2030 तक 7.08 प्रतिशत की सीएजीआर के साथ प्रभावशाली वृद्धि का अनुमान है।

फैड के फैसले के बाद शेयर बाजार टूटा

सेंसेक्स 964 , निफ्टी 247 अंक गिरा

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी गिरावट पर बंद हुए। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फैड) के ब्याज दरों में कटौती को लेकर आये फैसले से आई है। जिससे बाजार में बिकवाली हावी रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 1.20 अंक तकरीबन 964.15 अंक नीचे आकर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.02 फीसदी करीब 247.15 अंक नीचे आकर 23,951.70 पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व नेलगातार तीसरी बार ब्याज दर में 25 बेसिस अकों) की कटौती की है। अब ब्याज दर 4.25 फीसदी से 4.5 फीसदी के बीच है। फेड ने हालांकि संकेत दिया है कि आगे ब्याज दरों में कटौती धीमी हो सकती है, जिससे निवेशक सतर्क हो गए हैं। फेड की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 में केवल दो और बार कटौती की संभावना है, जबकि सितंबर में चार कटौती की उम्मीद जताई गई। एशिया-पैसिफिक के शेयर बाजार में भी गुरुवार को गिरावट दर्ज की गयी। यह गिरावट वॉल स्ट्रीट पर भारी बिकवाली के बाद आई। इस बीच, जापान मुख्य केन्द्र रहा, जहां बैंक ऑफ जापान ने अपनी दो-दिवसीय पॉलिसी बैठक समाप्त खत्म की और ब्याज दर 0.25 फीसदी पर बनाए रखने का फैसला किया। फेड के ब्याज दरों में कटौती के फैसले के बाद भारत सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आई है। फेडरल रिजर्व ने 2024 में तीसरी बार ब्याज दरों में कटौती की है। फेडरल रिजर्व की कटौती के इस फैसले से वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता की लहर पैदा कर दी है। इससे डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर पहुंच गया है।

जिससे भी निवेशक बाजार से दूर हुए हैं। दिग्गज कंपनियों एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी गिरावट से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। विदेशी निवेशकों के घरेलू शेयर बाजारों से पैसा निकालने की वजह से भी स्टॉक मार्केट में गिरावट आई है।

इससे पहले आज सुबह बाजार में भारी गिरावट रही। इसी कारण सेंसेक्स करीब 1,000 अंक की गिरावट के साथ खुला। इस दौरान सभी क्षेत्रों में गिरावट दर्ज की गयी। सुबह सेंसेक्स 921.28 अंक करीब 1.15 फीसदी गिरावट के साथ 79,260.92 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 282.35 अंक तकरीबन 1.17 फीसदी नीचे आकर 23,916.50 अंक पर खुला।

निवेशकों को 5.94 लाख करोड़ का घाटा

इस गिरावट के बीच ही बीएसई सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकर 5.94 लाख करोड़ रुपये से घटकर 446.66 लाख करोड़ रुपये रह गया है। इस दौरान एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई और एचसीएल टेक के शेयर नीचे आये इसके अलावा एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी गिरावट रही। अमेरिका में रेट से जुड़ी आईटी कंपनियों के शेयर 5 फीसदी नीचे आये। एलटीआईमाइंडट्री, एमफेसिस और विप्रो के शेयरों में भी भारी गिरावट रही। इस बीच शेयर बाजार में उतारचढ़ाव के बीच ही इंडिया वीआई एक्स इंडेक्स 5 फीसदी उछलकर 14.37 पर पहुंच गया।

गौरतब है कि फेडरल रिजर्व ने नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की कमी की है।

गोल्ड लोन मे रिकॉर्ड 56 फ़ीसदी की वृद्धि

मुंबई । देश में सोने पर लोन लेने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती चली जा रही है। पिछले 1 वर्ष में गोल्ड लोन मैं 56 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। होम लोन में 18 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है।बाकी सभी सेक्टर में लोन लेने वालों की संख्या घटी है।केवल गोल्ड में कर्ज लेने वालों संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। प्रमुख 9 कैटेगरी में लोन के सबसे अधिक 56 फ़ीसदी की तेजी गोल्ड लोन में देखी गई है। इसके बाद 18 फ़ीसदी की वृद्धि हाउसिंग लोन में है।जो दूसरे नंबर पर है। पर्सनल लोन लेने वालों की संख्या 11 फ़ीसदी बढ़ी है। पिछले वर्ष 23 फ़ीसदी थी, जो अब घटकर 11 फ़ीसदी रह गई है। देश में जिस तरह से महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है।उसके बाद देश में लोन लेने का ट्रेंड भी तेजी के साथ बदल रहा है। भारत में 9 कैटेगरी में रिटेल लोन 47.8 फ़ीसदी,पर्सनल लोन 26.7 फ़ीसदी, व्हीकल लोन 11.7 फ़ीसदी, क्रेडिट कार्ड पर लोन 5.03 फीसदी, गोल्ड पर 2.9 फ़ीसदी,एजुकेशन लोन 2.5 फ़ीसदी,एफड़ी पर 2.4 फ़ीसदी लोन वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिया गया है।

इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर रिज्टा की कीमत में बढ़ोतरी

नई दिल्ली । एथर एनर्जी कंपनी ने अपने पॉपुलर फैमिली इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर रिज्टा की कीमत बढाने की घोषणा की है। एथर एनर्जी ने जानकारी दी है कि 1 जनवरी 2025 से इस स्कूटर की कीमत में 4,000 से 6,000 रुपये तक का इजाफा किया जाएगा। फिलहाल भारतीय बाजार में एथर रिज्टा की कीमत 1.10 लाख रुपये से 1.47 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के बीच है। एथर रिज्टा इलेक्ट्रिक स्कूटर को भारतीय बाजार में तीन वेरिएंट्स और सात कलर ऑप्शन के साथ लॉन्च किया गया है। यह स्कूटर अपने सेगमेंट में टीवीएस आईक्यूब और ओला एस1 एयर जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटरों को कड़ी टक्कर देता है। एथर रिज्टा की सबसे बड़ी खासियत इसका 56 लीटर का विशाल स्टोरेज स्पेस है, जो इसे भारत का पहला ऐसा इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाता है जिसमें इतना बड़ा स्टोरेज स्पेस दिया गया है। इसमें सीट के नीचे 34 लीटर का बूट स्पेस और फ्रंट एप्रॉन पर 22 लीटर का फ्रंक शामिल है। एथर रिज्टा में 4.3 किलोवॉट मोटर दी गई है, जो एथर 450एक्स में भी इस्तेमाल की जाती है। स्कूटर में दो बैटरी पैक विकल्प दिए गए हैं - 2.9केडब्ल्यूएच और 3.7केडब्ल्यूएच, जो क्रमशः 123 किमी और 160 किमी की रेंज देते हैं। चार्जिंग टाइम की बात करें तो 2.9केडब्ल्यूएच बैटरी को फुल चार्ज होने में 6 घंटे 40 मिनट और 3.7केडब्ल्यूएच बैटरी को 4 घंटे 30 मिनट का समय लगता है।

विदेशों से पैसा भेजने वालों में भारत दुनिया में नंबर वन पर

2024 में 10.7 लाख करोड़ रुपए रेमिटेंस के रूप में स्वदेश भेजे

नई दिल्ली।

विदेश से अपने देश पैसे भेजने वालों में भारतीय दुनियाभर में अव्वल हैं लगातार तीसरे साल भी यह सिलसिला बरकरार है। भारतीयों ने 2024 में 129 बिलियन डॉलर यानी करीब 10.7 लाख करोड़ रुपए भारत भेजे हैं। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 8.95 लाख करोड़ रुपए रेमिटेंस के रूप में स्वदेश भेजे गए थे। विश्व बैंक की एक ब्लॉग पोस्ट के मुताबिक रेमिटेंस पाने में भारत के बाद मैक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान का नंबर आता है। रेमिटेंस विदेशी मुद्रा अर्जित करने का एक जरिया है। भारत में खाड़ी देशों के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे विकसित देशों से रेमिटेंस आता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल रेमिटेंस की वृद्धि दर 5.8 फीसदी रही, जो 2023 के मुकाबले 1.2 फीसदी ज्यादा है। महामारी के बाद आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के सदस्य देशों में नौकरी बाजार की रिकवरी को इस वृद्धि का मुख्य कारण बताया है।

रिपोर्ट में यह भी बताया कि पिछले दशक में रेमिटेंस में 57 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 41 फीसदी की गिरावट आई है। विश्व बैंक ने कहा कि निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रेमिटेंस प्रवाह 2024 में 685 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में यह भी कहा कि प्रेषण अन्य बाहरी वित्तीय प्रवाहों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है और इसमें भविष्य में और बढ़ोतरी की संभावना है। दक्षिण एशिया में रेमिटेंस प्रवाह 2024 में 11.8 फीसदी की वृद्धि के साथ सबसे ज्यादा बढ़ने का अनुमान है। इस क्षेत्र में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश

प्रमुख योगदानकर्ता रहे। बता दें 2022 में प्रवासी भारतीयों ने 111.22 बिलियन डॉलर यानी करीब 9.28 लाख करोड़ रुपए भारत भेजे थे। इस कारण भारत 100 बिलियन डॉलर यानी 8.34 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रेमिटेंस पाने वाला पहला देश बन गया था। विशे व बैंक विशेषज्ञों का कहना है कि रेमिटेंस का इस्ते माल गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य और शिक्षा के वित्तपोषण, और परिवारों की वित्तीय समावेशन में किया जाना चाहिए।

सोने और चांदी की कीमतें गिरीं

नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों के नीचे आने से घरेलू बाजारों में भी गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोने की कीमतें 0.93 फीसदी नीचे आकर 75,938 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 2.50 फीसदी फिसलकर 88,116 रुपए प्रति किलोग्राम रही गयीं। गत बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपए टूटकर 79,100 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले सत्र में 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत 79,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। तीन दिन की गिरावट के बाद बुधवार को चांदी 500 रुपए उछलकर 92,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वहीं मंगलवार को यह 91,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी। पिछले तीन सत्रों में चांदी 5,500 रुपए प्रति किलोग्राम गिरी है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए गतिरोध समाप्त, भारत और पाकिस्तान के बीच बनी सहमति

दुबई (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच 2024 से 2027 तक चैंपियंस ट्रॉफी और आईसीसी स्पर्धाओं के लिए हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बन गई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के गतिरोध को समाप्त हो गया है और भारत और पाकिस्तान ने हाइब्रिड मॉडल पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पक्षों में हुए समझौते के तहत आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी स्पर्धा में भारत के मैच तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे। इसके बदले में भारत में आयोजित होने वाली आईसीसी स्पर्धाओं में भारत के साथ पाकिस्तान के मैच भी तटस्थ स्थल पर होंगे।

दोनों पक्षों में हुए समझौते पर आईसीसी बोर्ड में मतदान हो सकता है। यह समझौता पाकिस्तान में पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025, भारत में वर्ष 2025 में होने वाले महिला एकदिवसीय विश्वकप तथा 2026 में भारत और श्रीलंका में आयोजित होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप पर लागू होगा। ऐसा माना जा रहा है यह 2028 में पाकिस्तान में होने वाले महिला टी-20 विश्वकप पर भी यह लागू हो सकता है। तटस्थ स्थल का प्रस्ताव टूर्नामेंट के मेजबान बोर्ड द्वारा किया जाएगा और उसे आईसीसी द्वारा अनुमोदित किया जायेगा।

आईसीसी ने कहा है कि उसे भारत, पाकिस्तान और किसी अन्य एशियाई पूर्ण सदस्य राष्ट्र को शामिल करने वाले त्रिकोणीय टी-20 टूर्नामेंट के आयोजन पर कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते कि ऐसे टूर्नामेंट तटस्थ स्थल पर खेले जाएं। इस तरह की त्रिकोणीय श्रृंखला का विचार अगले साल की चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों की मेजबानी खोने के लिए पाकिस्तान के मुआवजे के रूप में आया।

रियाल मैड्रिड ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता, कोच एंसेलोटी ने बनाया रिकॉर्ड

लुसैल (कतर) (एजेंसी)। रियाल मैड्रिड ने मैक्सिको की टीम पचुका को 3-0 से हराकर इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता, जिससे कार्लो एंसेलोटी क्लब के इतिहास में सर्वाधिक ट्राफियां जीतने वाले कोच बन गए।

रियाल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता। एंसेलोटी ने इस तरह से मिगुएल मुनोज़ को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1960 और 70 के दशक में स्पेन के इस क्लब का कोच रहते हुए 14 खिताब जीते थे। एंसेलोटी ने मैच के बाद कहा, 'मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। हमारी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमने अच्छा अंत किया।'

किलियन एम्बाप्पे, रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया जिससे रियाल मैड्रिड चार खिताबों के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल क्लब बन गया। इससे पहले उसने 1960, 1998 और 2002 में भी यह टूर्नामेंट जीता था।

क्रिकेटर के तौर पर खेलता रहूंगा: अश्विन

-2025 सत्र में सीएसके की ओर से खेलेंगे

चेन्नई (एजेंसी)। अनुभवी स्पिन आर अश्विन ने कहा है कि भले ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है पर एक क्रिकेटर के तौर पर वह अभी खेलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं जितने अधिक समय तक हो उतने लंबे समय तक खेलता रहूंगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के ड्रॉ होने के तत्काल बाद ही अश्विन ने खेल को अलविदा कह दिया था। इसी के साथ ही भारतीय टीम के साथ उनका 14 साल का करियर भी समाप्त हो गया। अब अश्विन आगामी आईपीएल 2025 सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेलने को तैयार हैं। उन्हें पिछले महीने मेगा नीलामी में 9.75 करोड़ रुपए में खरीदा गया था।

अश्विन ने कहा, मैं सीएसके के लिए खेलने जा रहा हूं और अगर मैं लंबे समय तक खेलने की कोशिश करता हूं तो हैरान न हों। मुझे नहीं लगता कि अश्विन क्रिकेटर के तौर पर खेलना बंद कर चुके हैं, मुझे लगता है कि अश्विन के भारतीय क्रिकेटर के तौर पर शायद अब खेलने का समय आ गया है। बस इतना ही। अपने संन्यास के बारे में बात करते हुए अश्विन ने खुलासा किया कि यह फैसला सहज था और उन्हें राहत और संतुष्टि की भावना का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा, यह बहुत से लोगों के लिए भावनात्मक है। यह भावनात्मक होगा, शायद यह उनके दिमाग में उतर जाए। लेकिन मेरे लिए, यह राहत और संतुष्टि की बहुत बड़ी भावना है।

अश्विन ने 106 टेस्ट मैचों में 24 की औसत से 537 विकेट के साथ अपने करियर का अंत किया और दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने बल्ले से छह टेस्ट शतक और 14 अर्द्धशतक भी लगाए। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच एडिलेड में खेला गया डे-नाइट टेस्ट था जिसमें उन्होंने 1-53 रन बनाए थे।

मेलबर्न टेस्ट में जसप्रीत बुमराह रच सकते हैं इतिहास, निशाने पर कई दिग्गजों का महारिकॉर्ड

मेलबर्न (एजेंसी)। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के तहत तीन मैच खेला जा चुके हैं। जिसमें से दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीतकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। वहीं अब चौथा टेस्ट दोनों टीमों के बीच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले में बुमराह के पास अनोखा रिकॉर्ड बनाने का मौका होगा।

बुमराह को महज 6 विकेट की दरकार

बुमराह अगर इस मैच में 6 विकेट हासिल कर लेते हैं तो वह टेस्ट क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे कर लेंगे। बुमराह ने अभी तक खेले गए 43 टेस्ट की 83 पारियों में 194 विकेट लिए हैं। बुमराह मेलबर्न में इस आंकड़े को छू लेते हैं तो वह भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने के मामले में रविंद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर आ जाएंगे।

वहीं बतौर तेज गेंदबाज भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले गेदंबाज बनेंगे। फिलहाल ये रिकॉर्ड कपिल देव के नाम है, जिन्होंने 50वें टेस्ट में ये मुकाम हासिल किया था।

बुमराह ने तीनों फॉर्मेट को मिलाकर खेले गए 202 मैच की 240 पारियों में 432 विकेट लिए हैं। अगर वह 3 विकेट हासिल कर लेते हैं भारत के लिए सबसे ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में इशांत शर्मा को पछाड़कर नौवें नंबर पर आ जाएंगे। इशांत ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 199 मैच की 280 पारियों में 434 विकेट झटके हैं।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 150 विकेट

बुमराह अगर 5 विकेट ले लेते हैं तो कामयाब होते हैं तो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 150 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के पांचवें गेंदबाज बन जाएंगे। अभी तक रविचंद्रन अश्वि, नाथन लियोन, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की इस आंकड़े तक पहुंचे हैं। बुमराह ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 33 टेस्ट की 63 पारियों में 145 विकेट लिए हैं।

जब मीडिया पर भड़के विराट

मेलबर्न । भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली यहां मेलबर्न एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद उस समय एक मीडियाकर्मी पर भड़क गये जब उसने कैमरे का फोकस उनके परिवार पर कर दिया। इसी को लेकर कोहली की एक पत्रकार के साथ तीखी बहस हुई, क्योंकि वह अपने परिवार पर कैमरों की मौजूदगी से परेशान हो गये। ये मामला तब का है जब रिपोर्टर ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड का साक्षात्कार ले रहे थे। तभी विराट कोहली और उनका परिवार वहां पहुंचा। तभी मीडियाकर्मियों के कैमरे उनके परिवार पर घूम गये। कोहली इस प्रकार अपने परिवार की सार्वजनिक स्थान पर तस्वीरें लिए जाने से नाराज हो गये। इसी को लेकर एक मीडिया कर्मचारी ने कहा, कोहली को लगा कि मीडिया उनके बच्चों की तस्वीरें खींच रहा है जबकि ये सही नहीं था। कोहली ने कहा, मेरे बच्चों के साथ मुझे प्राइवेसी की जरुरत है, आप मुझसे पूछे बिना फिल्म नहीं बना सकते। बाद में, जब मीडिया ने बताया कि उनके बच्चों को फिल्माया नहीं जा रहा है, तो विराट ने मीडिया के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट की और कैमरामैन से हाथ मिलाया। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विराट अब तक केवल एक शतक लगाने के अलावा असफल रहे हैं। पिछले तीन मैचों में उन्होंने केवल 21 रन बनाए हैं। अभी ये सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है।

अश्विन के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली कर सकते हैं संन्यास की घोषणा!

नई दिल्ली (एजेंसी)। महान भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पूरा होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। अश्विन के अचानक संन्यास लेने के फैसले से कई प्रशंसक हैरान रह गए। इस तरह वह एमएस धोनी के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच संन्यास की घोषणा करने वाले दूसरे हाई प्रोफाइल क्रिकेटर बन गए।

इस बीच, विशेषज्ञों के अनुसार, अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा अश्विन के नक्शेकदम पर चलकर जल्द ही संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के दौरान दोनों दिग्गज बल्लेबाजों की बल्लेबाजी तकनीक जांच के दायरे में है। जहां रोहित का पिछली 11 पारियों में औसत 11.69 का रहा है, वहीं ऑफ स्टंप के बाहर गेंद से निपटने में कोहली की तकनीक को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने पूरी तरह से उजागर कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, कोहली और रोहित अगले महीने की शुरुआत में सिडनी में अपना आखिरी टेस्ट खेल सकते हैं। टीम इंडिया पूरी तरह से परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। ऐसे में कोहली और रोहित युवा और प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के लिए रास्ता बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा कर सकते हैं। ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जड़ेजा भी सीरीज के बाद संन्यास की घोषणा कर सकते हैं।

विराट से मिलने की इच्छा जताई सिमरन शेख ने

नई दिल्ली। भारत के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली से अनकैप्ड बल्लेबाज सिमरन शेख ने मिलने की इच्छा जताई। महिला प्रीमियर लीग 2025 की नीलामी में गुजरात जायंट्स द्वारा 1.9 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के बाद सिमरन सुर्खियों में आईं। हाल ही में सिमरन ने यह भी खुलासा किया कि विराट उनके पसंदीदा खिलाड़ी हैं और उनका लक्ष्य भारत का प्रतिनिधित्व करना है, जिसके लिए वह हर संभव प्रयास कर रही हैं। सिमरन ने कहा, मेरा सपना एक बार विराट कोहली से मिलना है। मुझे बस भारत की जर्सी चाहिए और इसलिए मैं ये सब प्रयास कर रही हूं। अनकैप्ड बल्लेबाज के लिए दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात स्थित फ्रैंचाइजी बोली लगाने की होड़ में शामिल हुई। उनका बेस प्राइस 5 लाख रुपए था और जायंट्स ने उन्हें 1.9 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा। टूर्नामेंट के पहले सीजन में सिमरन ने गुजरात स्थित फ्रैंचाइजी के लिए खेला और 9 मैचों में हिस्सा लिया। सिमरन को लगता है कि फ्रैंचाइजी में योगदान देना उनकी जिम्मेदारी है और उन्होंने कहा, मैं जीजी (गुजरात जायंट्स) परिवार का शुक्रिया अदा करती हूं। इतनी बड़ी रकम मिलने के बाद अब उनके लिए प्रदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है। मैं अपने माता-पिता का शुक्रिया अदा करती हूं क्योंकि मेरे समुदाय में ऐसी चीजों के लिए ज़्यादा समर्थन नहीं है, लेकिन उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया। नीलामी पर बोलते हुए मुख्य कोच माइकल क्लिंगर ने कहा कि टीम की प्राथमिकता ऐसे खिलाड़ियों को हासिल करना है जो प्लेइंग 11 में प्रभाव डाल सकें और सिमरन टीम के लिए एक मूल्यवान खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, सिमरन शेख टीम के लिए एक और मूल्यवान खिलाड़ी हैं। वह बहुत ताकत लेकर आती हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी शानदार है। महिला क्रिकेट में ऐसी मुट्ठी भर खिलाड़ी ही हैं जो ऐसा कर सकती हैं।

भारतीय टीम उत्साहित होकर मेलबर्न पहुंची

जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी भारतीय टीम

मेलबर्न (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे से होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए यहां पहुंच गयी है। अभी तक ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला टेस्ट भारतीय टीम ने जीता था जबकि दूसरा मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने जीता। मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) पिछले एक दशक से भारतीय टीम के लिए अच्छा साबित हुआ है और एक प्रकार से घरेलू मैदान की तरह ही बन गया है। भारतीय टीम ने पिछले एक दशक में यहां 3 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से उसे दो में जीत मिली है जबकि मेजबान टीम एक भी मैच नहीं जीती है। दोनों टीमें अब 26 दिसंबर से ही यहां खेलेंगी। भारतीय टीम यहां जीत की हैट्रिक बनाने के इरादे के साथ मैदान पर उतरेगी।

पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम ने मेलबर्न में पहला टेस्ट 1948 में खेला। इस साल उसने यहां दो टेस्ट मैच खेले जिसमें से उसे एक में पारी की हार का सामना करना पड़ा जबकि उसने मैच में 233 रन से टीम हारी इसके बाद 1968 में भारतीय टीम की यहां पारी से हार हुई। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में भारत के खिलाफ लगातार तीन जीत दर्ज की। कुल रिकॉर्ड की बात करें तो भारतीय टीम ने मेलबर्न में अब तक 14 टेस्ट मैच में से 4 मैच जीते हैं, जबकि 8 वह हारी है और 2 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं।

भारत को ऑस्ट्रेलिया में पहली जीत 1978 में बिशन सिंह बेदी की कप्तानी में मिली। भारतीय टीम ने यहां 222 रन से मुकाबला जीता। इस जीत में मुख्य भूमिका महान स्पिनर भगवत चंद्रशेखर ने 12 विकेट लेकर निभाई थी जबकि सुनील गावस्कर ने शतक लगाया था।

विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया को 137 रन से हराया था। वहीं 2020 में विराट कोहली के बीच में ही सीरीज से लौटन पर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया था।

सनवे सिट्जस ब्लिट्ज़ : भारत के इलामपारथी रहे उपविजेता , ईरान के महदी बने विजेता

बार्सिलोना । दुनिया के प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में शुमार सनवे सिट्जस इंटरनेशनल शतरंज महोत्सव में इस क्लासिकल के साथ साथ रैपिड और ब्लिट्ज़ के मुक़ाबले भी खेले जा रहे है और कल इसमें सम्पन्न हुए इंटरनेशनल ब्लिट्ज़ शतरंज टूर्नामेंट में 31 देशो के करीब 100 चुनिन्दा खिलाड़ियों नें भाग लिया और इसमें भारत के उभरते हुए शतरंज खिलाड़ी एआर इलामपारथी नें शानदार खेल दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया । बड़ी बात यह रही की सातवें वरीय इलामपारथी नें इस दौरान अंतिम तीन राउंड में लगातार तीन जीत दर्ज की उन्होनें सातवे राउंड में कनाडा के इंटरनेशनल मास्टर एंथनी अटनासोव को फिर आठवे राउंड में टॉप सीड जर्मनी के ग्रांड मास्टर अलेक्ज़ेंडर डोनचेंकों को और नौवे फाइनल राउंड में जॉर्जिया के फीडे मास्टर डेनियल सफ़रोव को पराजित करते हुए कुल 8 अंक बनाए । ईरान के ग्रांड मास्टर छठे वरीय महदी घोलामी 8.5 अंक बनाकर पहले स्थान पर रहे और पिछले दिनो एलोब्रेगात ब्लिट्ज़ जीतने के बाद यह उनका दूसरा ब्लिट्ज़ खिताब है । 7 अंक बनाकर बेहतर ट्राईब्रेक के आधार पर फ्रांस के लोइक त्रावडोन तीसरे स्थान पर रहे ।

जिम्बाब्वे 54 पर ऑलआऊट, अफगानिस्तान की मिली सबसे बड़ी वनडे जीत

खेल डैस्क - अफगानिस्तान ने हरारे के मैदान पर जिम्बाब्वे को 232 रन से हराकर इतिहास रच दिया है। यह रनों के लिहाज से अफगानिस्तान की सबसे बड़ी जीत है। सेदिकुल्लाह अटल (104) की शतकीय और अब्दुल मलिक (84) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए 286 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी जिम्बाब्वे की टीम 54 रन पर ऑल आऊट हो गई। जिम्बाब्वे का यह अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे न्यूनतम टोटल भी रहा। जिम्बाब्वे की फारूकी, उमरजई और नवीद जादरान की स्विंग और सीम के आगे कमजोरी उजागर हो गई। बेन कुरेन के दुर्भाग्यशाली रन-आउट को छोड़कर, बाकी बल्लेबाज टिक ही नहीं पाए। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल और अब्दुल मलिक की सलामी जोड़ी बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 191 रनों की साझेदारी की। 35वें ओवर में एन न्याम्हुरी ने अब्दुल मलिक (84) को बोल्ड कर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने अजमतउल्लाह ओमरजई (5) को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। तीसरे विकेट के रूप में रहमत शाह (1) रन बनाकर आउट हुए। 43वें ओवर में एन न्याम्हुरी ने सेदिकुल्लाह अटल को भी अपना शिकार बना लिया। सेदिकुल्लाह अटल ने 128 गेंदों में 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से 104 रनों की पारी खेली। 49वें ओवर में मोहम्मद नबी (18) रन बनाकर आउट हुए। आखिरी ओवर में इकराम अलीखिल (5) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (29) रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में 6 विकेट पर 286 का स्कोर खड़ा किया। जिम्बाब्वे की ओर से एन न्याम्हुरी ने 3 विकेट लिए। ट्रेवर ग्वांडू ने 2 बल्लेबाज को आउट किया।

मेरे उतार-चढ़ाव में हमेशा साथ दिया, उसके लिए धन्यवाद : टिम साउथी

हैमिल्टन । न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी ने अपने विदाई टेस्ट मैच के बाद कहा कि मैंने वर्षों से खेलने का आनंद लिया है। इस अवसर पर मैं कुछ लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। पिछले 17 वर्षों में उतार-चढ़ाव के दौर में न्यूजीलैंड क्रिकेट ने हमेशा साथ दिया। साथ ही सहयोगी स्टाफ को भी धन्यवाद देना चाहूंगा। प्रशंसकों को भी। प्रशंसकों के सामने आना हमेशा अच्छा होता है, और इस सप्ताह सेडॉन पार्क में भारी भीड़ के सामने खेलना बहुत खास रहा। अब मैं एक प्रशंसक के रूप में मैच देखने के लिए उत्सुक रहूंगा। साउदी ने 776 अंतर्राष्ट्रीय विकेटों के साथ खेल से संन्यास लिया है। वह सभी प्रारूपों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले कीवी गेंदबाज हैं। साउथी ने 391 टेस्ट विकेट हासिल किए, जो रिचर्ड हैडली (431 विकेट) के बाद किसी भी न्यूजीलैंड गेंदबाज द्वारा दूसरा सबसे अधिक विकेट है। टी20 इंटरनेशनल में वह 164 विकेट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। 221 एकदिवसीय विकेटों के साथ, वह काइल मिल्स (240 विकेट) और डैनियल विटोरी (297 विकेट) के बाद, कीवीज के लिए एकदिवसीय मैचों में तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह निचले क्रम के एक सक्षम बल्लेबाज भी थे, जिन्होंने 394 मैचों में 14.11 की औसत और 8 अर्द्धशतकों के साथ 3,288 रन बनाए। इनमें से अधिकांश रन टेस्ट में आए, जिसमें 15.48 की औसत से 2,245 रन बने, जिसमें 7 अर्द्धशतक शामिल थे। टेस्ट में उन्होंने 98 छक्के लगाए हैं। ऐसा कर वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले प्लेयरों की सूची में चौथे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की है।

बेटे के संन्यास पर रविचंद्रन अश्विन के पिता का चौंकाने वाला खुलासा

चेन्नई (एजेंसी)। रविचंद्रन अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद गुरुवार को स्वदेश लौट आए। अपने संन्यास के फैसले से क्रिकेट जगत को हैरान करने वाले अश्विन ऑस्ट्रेलिया से तुरंत वापस चले आए और उनका चेन्नई एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यहां तक कि अश्विन के पिता और मां जो चेन्नई लौटने पर आंखों में आंसू लिए उनसे मिले, ने भी माना कि यह खबर उनके लिए उतनी ही चौंकाने वाली थी जितनी कि दुनिया भर में उनके लाखों प्रशंसकों के लिए। अश्विन के पिता ने कहा कि टेस्ट के महान खिलाड़ी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने के पीछे 'अपमान' एक कारण हो सकता है।

अश्विन के पिता ने एक मीडिया हाउस को बताया, 'मुझे भी आखिरी समय में पता चला। उसके दिमाग में क्या चल रहा था, मुझे नहीं पता। उसने बस घोषणा कर दी। मैंने भी इसे पूरी खुशी के साथ स्वीकार किया। मुझे इससे कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन जिस तरह से उसने संन्यास लिया, उससे एक तरफ मैं बहुत खुश था, दूसरी तरफ खुश नहीं था क्योंकि उसे जारी रखना चाहिए था।'

उन्होंने कहा, '(संन्यास लेना) उसकी (अश्विन की) इच्छा है, मैं उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता, लेकिन जिस तरह से उसने संन्यास लिया, उसके कई कारण हो सकते हैं। केवल अश्विन ही जानता है, शायद अपमान के कारण। इसमें कोई संदेह नहीं है (परिवार के लिए भावनात्मक क्षण) क्योंकि वह 14-15 साल तक मैदान पर था। अचानक हुए बदलाव, रिटायरमेंट ने हमें वाकई एक तरह का झटका दिया।'

अश्विन अपने खेल के शीर्ष पर थे, खासकर टेस्ट क्रिकेट में लगभग एक दशक से। उन्होंने अपने करियर का अंत देश के लिए दूसरे सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में किया। न सिर्फ टेस्ट में बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी। अश्विन के पिता को लगता है कि वह खेलना जारी रख सकते थे, लेकिन उन्हें इसे छोड़ना पड़ा क्योंकि उन्हें 'अपमानित' किया जा रहा था।

उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से, इसमें कोई संदेह नहीं है (परिवार के लिए भावनात्मक क्षण), क्योंकि वह 14-15 साल तक मैदान पर था। अचानक हुए बदलाव - रिटायरमेंट - ने हमें वाकई एक तरह का झटका दिया। साथ ही, हम इसकी उम्मीद भी कर रहे थे क्योंकि अपमान हो रहा था। वह कब तक इन सब चीजों को बर्दाश्त कर सकते हैं? रविचंद्रन ने कहा, 'शायद, उन्होंने खुद ही फैसला किया होगा।'



रूस में विश्व स्तरीय प्रतिभाशाली युवा पेशेवर प्रशिक्षण के मिलेंगे नए अवसर

कृषि, निवेश, रचनात्मक उद्योग समेत 16 व्यावसायिक क्षेत्रों में एआई की बेहतर उपयोगिता पर रूस में हुई प्रतियोगिता, भारत भी हुआ शामिल

विजेताओं को रूसी विश्वविद्यालयों इनोपोलिस केंद्रीय और आईटीएमओ विश्वविद्यालय से छात्रवृत्ति मिलेगी

बिगिनर्स और क्रिएटर्स व्यक्तिगत ट्रैक के 26 प्रतिभागी सर्वश्रेष्ठ

एआई चैलेंज विजेताओं को कई तरह के लाभ मिलेंगे

मॉस्को

भारत सहित 65 देशों के छोटे बच्चों और पेशेवरों ने सबैंक और एआई अलायंस रूस द्वारा बच्चों के लिए आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय एआई प्रतियोगिता एआई चैलेंज में भाग लिया। एआई चैलेंज में पंजीकृत प्रतिभागियों की संख्या में भारत दूसरे स्थान पर रहा। प्रतिभागियों में ब्रिक्स देशों के साथ इथियोपिया, मिस्र और दक्षिण अफ्रीका के प्रतिभागी शामिल थे। बच्चों ने धातुकर्म, कृषि, निवेश, रचनात्मक उद्योग समेत 16 क्षेत्रों में तकनीकी व्यावसायिक मामलों पर काम किया। एआई चैलेंज विजेताओं को कई लाभ भी प्राप्त होंगे। इनमें प्रमुख रूसी विश्वविद्यालयों इनोपोलिस, केंद्रीय और आईटीएमओ विश्वविद्यालय से छात्रवृत्ति भी शामिल है।

पुरस्कार राशि के रूप में 17 मिलियन रूबल मिलेंगे

ये विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के अकादमिक भागीदार हैं। सबैंक के कार्यकारी बोर्ड के पहले डिप्टी चेयरमैन अलेक्जेंडर वेद्याखिन ने कहा कि एआई चैलेंज प्रतियोगिता बच्चों को अपने एआई कौशल को बेहतर बनाने और मानवता के लाभ के लिए प्रौद्योगिकी के विकास में अपना पहला योगदान देने में मदद करने के लिए डिजाइन की गई है। उल्लेखनीय है, रिसर्चर्स ट्रैक की लगभग 18 टीमों और बिगिनर्स और क्रिएटर्स व्यक्तिगत ट्रैक के 26 प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ आंका गया और पुरस्कार राशि के रूप में 17 मिलियन रूबल साझा किए गए। रिसर्चर्स ट्रैक के विजेताओं को नकद पुरस्कार के अलावा, एआई एलायंस रूस और सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा एक अद्वितीय शैक्षिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

ट्रैक ने कहा-यह चुनौतीपूर्ण लेकिन मजेदार

एक अन्य प्रतियोगी इवानफेन्स्टर, टीम 42, रिसर्चर्स ट्रैक ने कहा कि यह चुनौतीपूर्ण लेकिन मजेदार था। प्रतियोगिता ने मुझे एआई और प्रोग्रामिंग कौशल के साथ-साथ कार्यस्थल पर बातचीत और टीम संगठन में अपने कौशल को बेहतर बनाने में मदद की। मुझे लगता है कि भविष्य में, एआई हमारे जीवन के सभी क्षेत्रों में एक बहुत ही उपयोगी उपकरण बन जाएगा। एआई पहले से ही दुनिया भर में कई प्रक्रियाओं में लागू किया जा रहा है।

विजेताओं ने कहा

ओलेग ने कहा- मैंने सीखा कि एआई कैसे काम करता है

बिगिनर्स ट्रैक में दूसरे स्थान पर आए एक प्रतियोगी ओलेग जमकोव ने कहा कि मैं एक प्रौद्योगिकी उत्साही हूं, और मैं प्रतियोगिता के विषयों से रोमांचित था। मुझे अन्य बच्चों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मजा आया। मैंने सीखा कि एआई कैसे काम करता है। प्रतियोगिता के कार्यों को करते समय ज्ञान को अभ्यास में लाने में सक्षम था।

रूस कजाकिस्तान और कनाडा बने विजेता

प्रतिभागियों ने अलग-अलग जटिलता की तीन श्रेणियों में भाग लिया। हर कोई, क्षेत्र में अपने ज्ञान और कौशल के स्तर की परवाह किए बिना, एआई समाधानों का उपयोग कर व्यावसायिक चुनौतियों पर काम करके खुद को साबित करने में सक्षम था। एआई चैलेंज के विजेता रूस, कजाकिस्तान और कनाडा से थे। सबसे कम उम्र के एआई चैलेंज विजेता, मॉस्को के ओलेग जमकोव, 10 साल के हैं।

श्रीनगर में माइनस 3.4 और जम्मू में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस

धरती के 'स्वर्ग' में भीषण ठंड, जमाव बिंदु से नीचे ठिठुर रहा जम्मू-कश्मीर

कश्मीर के सभी हिस्सों में तापमान जमाव बिंदु से नीचे है, 21-22 दिसंबर को बर्फबारी की संभावना

कश्मीर के साथ-साथ जम्मू में भीषण ठंड का प्रकोप जारी है। श्रीनगर में तापमान माइनस 3.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। जम्मू में भी न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस पर है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है लेकिन 21 और 22 दिसंबर को हल्की बारिश और हिमपात हो सकता है। कश्मीर में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

जम्मू

कश्मीर समेत जम्मू भी भीषण ठंड की चपेट में है। कश्मीर के सभी हिस्सों में तापमान लगातार जमाव बिंदु से नीचे बना हुआ है। श्रीनगर शहर में रविवार की रात को तापमान माइनस 3.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पिछली रात को भी पारा इसी बिंदु पर था। जम्मू में भी न्यूनतम तापमान पांच डिग्री पर रहा। हालांकि, जम्मू में दिन में धूप निकलने से मामूली राहत भी रही। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू में अगले चार दिनों तक मौसम शुष्क ही रहेगा। वर्षा या हिमपात के कोई आसार नहीं बन रहे हैं। हालांकि, 21 और 22 दिसंबर को हल्के बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर बारिश और हिमपात भी हो सकता है।

जम्मू-कश्मीर में कंपा देने वाली ठंड

बर्फ के बीच कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

जम्मू में हल्की धूप निकलने से लोगों को राहत

जम्मू में सामान्य से 3.8 डिग्री कम रहा तापमान

शीतलहर के प्रकोप से जूझ रहे जम्मू में सोमवार की रात को न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम है। सामान्यता यह 8.8 डिग्री सेल्सियस रहता है। अधिकतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम है। तापमान में गिरावट के चलते तीन दिनों से सर्दी कंपा रही है।

अगले 3 दिनों तक शीतलहर की चेतावनी

मौसम विभाग के अनुसार कश्मीर में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने का अनुमान है। हालांकि, अगले तीन दिनों के दौरान कई क्षेत्रों में तेज शीतलहर चलेगी। इसका असर जम्मू संभाग के विभिन्न जिलों में रहेगा। जम्मू-कश्मीर में भीषण ठंड के चलते लोग अलाव जलाने के साथ-साथ अपने घरों में रूम हीटर आदि इस्तेमाल कर रहे हैं।

कोनिबल सबसे ठंडा तापमान -6 डिग्री

बता दें कि कश्मीर में पंपोर शहर के बाहरी इलाके में स्थित कोनिबल पूरे जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान था। यहां का न्यूनतम तापमान माइनस छह डिग्री सेल्सियस पर चला गया। कश्मीर के प्रवेश द्वार काजीगुंड में पारा माइनस चार डिग्री सेल्सियस रहा।

सैलानियों में उत्साह

राष्ट्रपति पुतिन को लगा बड़ा झटका

मॉस्को बम धमाके में रूस के परमाणु सुरक्षा बल प्रमुख किरिलोव की मौत

मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक बड़ा झटका लगा है। यहां की राजधानी मॉस्को में मंगलवार को एक बड़ा धमाका हुआ, जिसमें रूस के परमाणु, जैविक और रासायनिक सुरक्षा बलों के प्रमुख, लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव की क्रेमलिन के पास रियाजांस्की प्रॉस्पेक्ट पर स्थित एक अपार्टमेंट के बाहर हत्या कर दी गई।

रूसी जांच एजेंसियों के अनुसार, धमाका एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में छिपाए गए बम के कारण हुआ। बम फटने से किरिलोव और उनके एक सहायक की जान चली गई। कानून प्रवर्तन अधिकारी के हवाले से बताया कि विस्फोटक उपकरण की क्षमता करीब 300 ग्राम टीएनटी के बराबर थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जिस इलाके में धमाका हुआ, वहां के निवासियों का कहना है कि वहां निगरानी कैमरे नहीं थे।

कैमरे काम नहीं कर रहे थे नहीं हो रही थी निगरानी

उन्होंने बताया, वहां के लोग सालों से कह रहे थे कि कैमरे ठीक से काम नहीं कर रहे और उनकी निगरानी नहीं हो रही है। मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने कहा कि सोमवार को यूक्रेनी अभियोजकों ने किरिलोव पर यूक्रेन में प्रतिबंधित रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। रूस ने इन आरोपों से इनकार किया है। अक्टूबर में, यूनाइटेड किंगडम ने किरिलोव और परमाणु सुरक्षा बलों को रिपोर्ट की गई घटनाओं के आधार पर दंगा नियंत्रण एजेंटों और विषाक्त गैस क्लोरोपिक्रिन के इस्तेमाल की मंजूरी दी थी। क्लोरोपिक्रिन एक तैलीय तरल है, जो पहले विश्व युद्ध में आंसू गैस के रूप में इस्तेमाल होता था। रासायनिक हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाले संगठन ने इसके इस्तेमाल पर रोक लगाई है।

कोई सैन्य रासायनिक शस्त्रागार नहीं: रूस

रूस ने कहा है कि उसके पास अब कोई सैन्य रासायनिक शस्त्रागार नहीं है, लेकिन वह जहरीले हथियारों के कथित इस्तेमाल को लेकर बढ़ती जांच और पारदर्शिता का सामना कर रहा है। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने यह भी कहा कि उसने फरवरी 2022 से अब तक युद्ध के मैदान पर 4,800 से ज्यादा रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल के मामले दर्ज किए हैं, जिसमें विशेष रूप से के-1 ग्रेनेड शामिल हैं।

सीरिया पर कभी भी हमला कर सकता है तुर्की

अंकारा

सीरिया से बशर अल-असद के सत्ता से बेदखल होने के बाद मची अफरातफरी के बीच बड़ी रिपोर्ट आई है। राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन तुर्की की सेना को सीरिया पर आक्रमण करने के आदेश दे सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले का मकसद सीरिया से कुर्दों का नामोनिशान मिटाना होगा। जब हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व में सीरियाई विपक्षी बल दमिश्क की ओर बढ़ रहे थे, तब तुर्की ने अपने प्रायोजित मिलिशिया के साथ मिलकर कुर्दों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था, जो एक जातीय समुदाय है जो उत्तरपूर्वी सीरिया में स्वायत्त प्रशासन उत्तर और पूर्वी सीरिया नामक एक स वायत्त प्रशासन चलाता है।

खबर संक्षेप

जेल में इमरान की बढ़ी मुश्किलें, लगे नए आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। जेल में बंद इमरान और उनकी फरार बीबी के खिलाफ अब हत्या का मामला इस्लामाबाद के रमना पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। दोनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई अर्धसैनिक बलों की मौत के बाद ये मामला दर्ज किया गया है। प्रदर्शन के दौरान पीटीआई समर्थक की कार से दुर्घटना में अर्धसैनिक बलों के तीन जवानों की मौत हो गई वहीं एक घायल हो गए।

चीन में एंट्री फ्री वीजा से पाकिस्तान बाहर

बीजिंग। चीन की एजेंसी नेशनल इमीग्रेशन एडमिनिस्ट्रेशन ने 54 देशों के लिए वीजा-फ्री एंट्री की घोषणा की है। इन देशों के नागरिकों को 10 दिनों तक चीन में रहने की परमिशन है। पहले ये लिमिट महज 3 ही दिन के लिए ही थी। इस लिस्ट में चीन ने अपने जिगरी यार पाकिस्तान को बाहर रखा है। एशिया के केवल 6 मुल्कों का नाम ही इस लिस्ट में शामिल है, जिसमें पाकिस्तान का नाम नहीं है।

ताइवानी कलाकार का अनोखा आविष्कार

आंसुओं की बंदूक से दिल दुखाने वाले पर होगा फायर

ताइपे

ताइवान के एक आर्टिस्ट ने एक ऐसा गन डिजाइन किया है जो उसके आंसूओं को एकत्र करता है। इन आंसूओं को इकट्ठा कर फ्रीज कर देता। फिर इन आंसूओं का इस्तेमाल उन लोगों पर किया जाता जो उसका दिल दुःखाने की कोशिश करता है। महिला आर्टिस्ट में गन डिजाइन करने का आइडिया, एक टीचर से उसकी बहस होने के बाद आया। शिक्षक और आर्टिस्ट के बीच बहस एक असाइनमेंट को लेकर हुआ था। यी फेई चेन का बचपन ताइवान में बीता है लेकिन उनकी शिक्षा नीदरलैंड्स में हुई है।यी फेई चेन नामक युवती ने टीयर गन को बनाया है। युवती ने बताया कि वह कैसे उस टूल को 2016 में बनाया था। उसने बताया कि उसके मेंटर के साथ उसकी बहस हुई, मैं उसके आर्गमेंट से सहमत नहीं थी।

श्रीलंका के राष्ट्रपति ने महाबोधि मंदिर में की पूजा

पटना। तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को बिहार के बोधगया के महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। बोधगया आने से पहले वह दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गज नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। इस मौके पर बोधगया मंदिर सोसायटी के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद राष्ट्रपति महाबोधि मंदिर पहुंचे और भगवान बुद्ध के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे।

17,81,602 मीट्रिक टन निर्यात

भारत से 60 हजार करोड़ का सर्वाधिक सी फूड निर्यात

नई दिल्ली

समुद्री उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय लगातार प्रयास कर रहा है। यही वजह है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत ने अब तक की सर्वाधिक मात्रा का सी फूड यानि 17,81,602 मीट्रिक टन निर्यात किया जिसका मूल्य 60,523.89 करोड़ रुपए है। यूएसए और चीन भारतीय सी फूड के प्रमुख आयातक हैं। इसके अलावा यूरोपीय संघ, दक्षिण पूर्व एशिया, जापान, मध्य पूर्व व अन्य देशों में किया जाता है।

पाकिस्तान में 22 साल से फंसी हमीदा ने टॉफी बेचकर गुजारा किया

टॉफी खरीदने वाला बच्चा पत्रकार बना, कराई वतन वापसी

अमृतसर

मुंबई के कुर्ला की रहने वाली हमीदा बानो को एक ट्रैवल एजेंट दुबई में खाना बनाने की नौकरी का झांसा देकर पाकिस्तान में छोड़ गया था। पाकिस्तान के हैदराबाद में सड़क पर टॉफियां बेचकर उन्होंने अपना पेट भरा। अब वे वतन लौट आई हैं।

मुंबई के कुर्ला की रहने वाली हमीदा बानो को एक ट्रैवल एजेंट दुबई में खाना बनाने की नौकरी का झांसा देकर पाकिस्तान में छोड़ गया था। पाकिस्तान के हैदराबाद में सड़क पर टाफियां बेचकर उन्होंने अपना पेट भरा। जिस स्कूल के सामने हमीदा टॉफियां बेचती थीं,उसी स्कूल का एक छात्र हर कभी उनसे टॉफियां खरीदता था। बातों ही बातों में हमीदा ने भारत से पाकिस्तान आने की उसे कहानी बता दी थी। यह बच्चा शिक्षा पूर्ण करने के बाद एक चैनल से जुड़ गया। इसी ने अपने चैनल पर हमीदा का इंटरव्यू किया, जो वायरल हुआ। यह वीडियो मुंबई में रहने वाली हमीदा की बेटियां यासमीन और प्रवीण ने भी देखा।

- एजेंट ने खाना बनाने की नौकरी का दिया था झांसा
- हमीदा को दुबई के बहाने पाकिस्तान भेज दिया

पाक सरकार के संज्ञान में आया

इसके बाद पाकिस्तान सरकार ने हमीदा को भारत भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इसके साथ ही पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर भी यह समाचार चला और हमीदा को पाकिस्तान से भारत भेज दिया गया। हमीदा ने बताया कि 2022 में इंटरनेट के माध्यम से उसके बच्चों को पता चला कि मैं पाकिस्तान में हूं। हमीदा बानो जिस मदरसे के बाहर बैठकर टॉफियां बेचा करती थी।

घबरा गईं पर हिम्मत नहीं हारी हमीदा

वर्ष 2002 में हमीदा बानो को मुंबई के एजेंट ने दुबई में खाना बनाने की नौकरी दिलवाने की बात कही, लेकिन एजेंट ने उसे दुबई की बजाय पाकिस्तान भेज दिया। हमीदा बानो को जब मालूम हुआ कि वह पाकिस्तान आ गई है तो वह घबरा गई। डर के कारण उसने न तो पाकिस्तान पुलिस को कुछ बताया और न ही किसी से सहायता मांगी। मुंबई में रहने वाले हमीदा बानो के परिजन भी परेशान थे कि हमीदा बानो कहां चली गई। हमीदा ने पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हैदराबाद में रहकर सड़क पर टाफियां बेचकर अपना भरण पोषण किया।

ट्रंप झटका दें उससे पहले जेलेंस्की अलर्ट

यूक्रेन ताबड़तोड़ तरीके से बना रहा नरक मिसाइल

एजेंसी,कीव। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ समारोह से पहले यूक्रेन भी अलर्ट हो गया है और अपने सैन्य और हथियार जखीरों को मजबूत करने की योजना पर तत्परता से काम कर रहा है। यूक्रेनी मीडिया के मुताबिक कीव ने पेक्लो मिसाइल का उत्पादन तेज कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले तीन महीने के अंदर यूक्रेन ने 100 से ज्यादा पेक्लो मिसाइल का उत्पादन किया है। पेक्लो को यूक्रेनी भाषा में नरक कहा जाता है।

इसलिए कहते हैं नरक मिसाइल

यानी यूक्रेन रूस पर खतरनाक हमले के लिए ताबड़तोड़ नरक मिसाइल बना रहा है। मारक क्षमता के कारण ही इसे नरक मिसाइल कहा जाता है। यह 70 फीसदी यूक्रेनी घटकों से बना हुआ है। यूक्रेन के सुरक्षा बलों को सीमा पर दुश्मन देश के अंदर घुसकर मार करने वाली मिसाइल की जरूरत के हिसाब से इसका निर्माण किया गया है।



'सिकंदर का मुकद्दर' का मोशन पोस्टर जारी...

मुंबई। फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' इसी महीने ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। शनिवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी किया गया है। इसमें फिल्म के लीड कलाकार जिमी शेरगिल, तमन्ना भाटिया और अविनाश तिवारी नजर आ रहे हैं। सभी के चेहरे के भाव ऐसे हैं कि सभी हैरान-हैरान से दिख रहे हैं। फिल्म का पोस्टर नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया गया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'इस झूठ के जाल से निकलना, हर किसी के मुकद्दर में नहीं। नेटफ्लिक्स पर देखें फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर । यह फिल्म इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 29 नवंबर को रिलीज होगी।

लाइफ Style

सुंबुल

सांवला रंग बना रिजेक्शन की वजह

टीवी इंडस्ट्री में कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं। जिन्होंने अपना एक्टिंग करियर बेहद कम उम्र में शुरू किया है। लेकिन इनमें से कामयाबी की सीढ़ियां कुछ ही चढ़ पाई। आज हम जिसकी बात कर रहे हैं।

आज वो भले ही छोटे पर्दे की टॉप एक्ट्रेस हो, लेकिन एक वक्त में उन्हें अपने सांवले रंग की वजह से काफी रिजेक्शन झेलने पड़े थे। ये 'इमली'फेम एक्ट्रेस सुंबुल तौकीर है। जिनका जन्म उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ था। लेकिन इसके बाद दिल्ली और फिर अपनी फैमिली के साथ मुंबई रहने लगी। लेकिन मायानगरी में गुजारा करना उनके परिवार के लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऐसे में सिर्फ 17 साल की उम्र में सुंबुल ने एक्टिंग में अपना करियर बनाने का फैसला लिया। हालांकि, यहां भी सुंबुल का सफर आसान नहीं रहा। एक्ट्रेस को अपने सांवले रंग की वजह से एक के बाद एक कई रिजेक्शन झेलने पड़े थे। इसका खुलासा एक्ट्रेस ने खुद अपने इंटरव्यू में किया था और बताया कि ऑडिशन में मुझे मेरे सांवले रंग की वजह से कई बार रिजेक्ट किया गया, लेकिन मैंने कभी हिम्मत नहीं हारी। फिर एक दिन सुंबुल की किस्मत ने यू टर्न लिया और काफी छोटे-मोटे रोल निभाने के बाद उन्हें 'इमली' में लीड किरदार निभाने का मौका मिला। उस वक्त सुंबुल सिर्फ 17 साल की थी। इस शो में उनकी बेहतरीन अदाकारी ने लोगों का खूब दिल जीता और एक्ट्रेस रातोंरात स्टार बन गई।

हॉलीवुड मसाला

ऑस्कर 2025 को करेंगे होस्ट

लॉस एंजिल्स। कॉनन ओ'ब्रायन को आधिकारिक तौर पर 97वें अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर 2025) के मेजबान के रूप में चुना गया है। इसकी जानकारी 15 नवंबर को अकादमी के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से दी गई। यह घोषणा ऑस्कर द्वारा हॉलीवुड की सबसे बड़ी रात के लिए जिमी किमेल, जॉन मुलैनी और कई अन्य लोगों से संपर्क करने के महीनों बाद की गई है। पोस्ट में कॉनन ओ'ब्रायन का एक वीडियो भी शामिल है, जिसमें वह ऑस्कर की मेजबानी के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते नजर आ रहे हैं।

मुंबई में होगा कोल्डप्ले बैंड शो

लॉस एंजिल्स। जाने माने ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले ने अहमदाबाद में अपने पहले कॉन्सर्ट के बाद दूसरे शो की घोषणा की है। कोल्डप्ले ने 18, 19 और 21 जनवरी, 2025 को मुंबई में शो करने की घोषणा की है। मुख्य गायक क्रिस मार्टिन, गिटारवादक जॉनी बकलैंड, बेसिस्ट गाय बेरीमैन और ड्रमर विल चैंपियन वाले इस बैंड ने आखिरी बार 2016 में ग्लोबल सिटिजन फेस्टिवल के हिस्से के रूप में भारतीय मंच की शोभा बढ़ाई थी। यह शो भी मुंबई में ही आयोजित किया गया था। पहले शो की टिकट आते ही बिक गई इसके बाद सोशल मीडिया पर दूसरे शो की मांग बढ़ गई और बैंड ने दूसरे शो की घोषणा कर दी। कोल्डप्ले की टिकट दूसरे बैंड शो के लिए शनिवार से बिकना शुरू हो गई हैं। इसे प्रशंसक वेबसाइट पर जाकर खरीद सकते हैं।



महिला के संघर्ष की कहानी 'ढाई आखर'

नई दिल्ली। निर्देशक प्रवीन अरोड़ा की फिल्म 'ढाई आखर' एक क्लासिक लव स्टोरी है, जो एक महिला की अपनी पहचान ढूंढने की कोशिश में किए गए संघर्ष को बखूबी बयान करती है। ये फिल्म 22 नवंबर को पूरे देश में रिलीज़ होने जा रही है। हिन्दी के वरिष्ठ लेखक अमरीक सिंह दीप के उपन्यास 'तीर्थाटन के बाद' पर आधारित फिल्म 'ढाई आखर" हर्षिता नाम की एक ऐसी महिला की कहानी है, जो वर्षों तक घरेलू हिंसा और अपमानजनक वैवाहिक जीवन का शिकार रही। इसके बाद वो चिट्ठियों के जरिए से एक मशहूर लेखक श्रीधर के करीब आती है, लेकिन विधवा होने के कारण उसका ये प्रेम संबंध पुरुष प्रधान समाज और परिवार को स्वीकार नहीं होता। निर्देशक प्रवीन अरोड़ा ने कहा कि फिल्म 'ढाई आखर' एक प्रेम गीत है।

'जानी दुश्मन' की शूटिंग मस्ती भरी रही

नई दिल्ली। अभिनेता अरशद वारसी साल 2002 में आई अपनी फिल्म 'जानी दुश्मन' को लेकर बात की है। जानी दुश्मन फिल्म के दौरान का एक किस्सा उन्होंने साझा किया है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे अक्षय कुमार इस प्रोजेक्ट को लेकर इतने उत्साहित थे कि वे कोई भी भूमिका निभाने के लिए तैयार थे। अरशद वारसी ने कहा, सब कुछ हो रहा था। जो भी मरता था, अक्षय उसकी तरह वापस आ जाता था। उसमें बहुत सारी मजेदार चीजें हुईं। यह एक कल्ट क्लासिक है। वह फिल्म अविश्वसनीय है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 16 करोड़ रुपए का बिजनेस किया। इंटरव्यू के दौरान बताया कि जानी दुश्मन फिल्म साल 2002 में आई, जिसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, आदित्य पंचोली और मनीषा कोइराला भी थे।

टीवी मसाला

बॉस 18' में सल्लू ने की दमदार वापसी अविनाश-दिग्विजय को लगाई लताड़

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 18' का लेटेस्ट 'वीकएंड का वार' बेहद दिलचस्प होने जा रहा है। आगामी एपिसोड में सलमान खान की वापसी होने वाली है। होस्ट वापस आने के साथ ही कई घरवालों को सबक सिखाने वाले हैं। इस दौरान वह दिग्विजय राठी और अविनाश मिश्रा के बीच हुई हालिया हाथापाई पर भी चर्चा करेंगे और दोनों प्रतियोगियों को अपने अंदाज में सबक सिखाते नजर आएंगे।

'कभी बात करने का मौका नहीं मिला'...

मुंबई। श्रीदेवी और माधुरी दीक्षित नब्बे के दशक की ऐसी अभिनेत्रियां रहीं, जिनके नाम पर फिल्में हिट हो जाया करती थीं। दोनों की अपनी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग रही। उस समय इन दोनों के बीच की राइवलरी की बात भी खूब सुनने को मिलती रही। अब इस बारे में माधुरी ने खुलकर बात की है। साथ ही उन्होंने श्रीदेवी के प्रति अपना प्यार और सम्मान भी जाहिर किया। माधुरी ने श्रीदेवी और बोनी कपूर की बतौर निर्माता एक फिल्म 'पुकार' की थी। इसमें वह मुख्य भूमिका में नजर आईं। इस फिल्म और श्रीदेवी से अपने रिश्ते के बारे में माधुरी कहती हैं कि फिल्म के सेट पर वह अपने रोल पर ध्यान देती थी, वहीं श्रीदेवी जी प्रोडक्शन का काम संभालतीं। ऐसे में इन दोनों को साथ बैठकर बात करने का मौका कम ही मिला। माधुरी बताती हैं, 'हमें फिल्म की शूटिंग के दौरान ज्यादा बात करने का मौका नहीं मिला।' इस फिल्म के बाद माधुरी अमेरिका चली गईं, क्योंकि उनकी डॉक्टर राम नेने से शादी हो गई थी। हाल ही में माधुरी दीक्षित ने एक इंटरव्यू में दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की खूब तारीफ की। माधुरी ने कहा, 'मैं और श्रीदेवी एक दूसरे का बहुत सम्मान करते रहे। मैं तो बतौर कलाकार उनकी बहुत इज्जत करती हूं। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया, साथ ही हर भाषा की फिल्मों में श्रीदेवी जी को सफलता मिली। वह मेरे प्रति बहुत ही अच्छा रवैया रखती थीं।'

करीब 6 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने कमाए थे 76 करोड़, साल भर सिनेमाघरों में देखते रहे लोग

मुंबई। बॉलीवुड में कुछ फिल्में ऐसी रहीं जिनका खुमार दर्शकों के सिर पर ऐसा चढ़ा कि वो साल भर बाद भी पर्दे से नहीं उतरीं। आज हम ऐसी ही एक फिल्म के बारे में बता रहे हैं। हिंदी सिनेमा के इतिहास में एक से बढ़कर एक रोमांटिक फिल्में बनी हैं। कई फिल्में लोगों को इतनी पसंद आईं कि इनमें से कुछ सिनेमाघरों में महीनों तो कुछ साल भर लगी रहीं। इनमें से ही एक फिल्म आमिर खान और करिश्मा कपूर की भी थी। ये फिल्म साल 1996 में रिलीज हुई और जबरदस्त हिट रही। वो कोई और नहीं, बल्कि 'राजा हिंदुस्तानी' है। इस फिल्म को धर्मेश दर्शन ने डायरेक्ट किया था। 'राजा हिंदुस्तानी' में आमिर खान और करिश्मा कपूर की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। फिल्म के सारे गाने भी हिट रहे थे और टाइटल ट्रैक तो लोगों का फेवरेट बन गया था।

8 सालों तक फिल्मफेयर के लिए हुई नॉमिनेट

'राजा हिंदुस्तानी' एक रोमांटिक फिल्म है, जिसका बजट महज 5.75 करोड़ रुपए था। लेकिन, जब फिल्म रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा धावा बोला की ब्लॉकबस्टर साबित हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर खान और करिश्मा कपूर स्टारर ये फिल्म हफ्तों या महीनों नहीं, बल्कि करीब एक साल तक सिनेमाघरों में लगी रही। 5.75 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 43.20 करोड़ रुपए का शानदार कलेक्शन किया था। वहीं वर्ल्डवाइड राजा हिंदुस्तानी ने 76.34 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। खास बात ये है कि ये फिल्म 8 सालों तक फिल्मफेयर के लिए नॉमिनेट हुई। इस फिल्म के लिए आमिर खान को पहला बेस्ट एक्टर वॉर्ड भी मिला था।

JHARKHAND EDUCATION CENTER
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC | VOCATIONAL | IIT
MANAGEMENT | ENGINEERING | AICTE
INTERMEDIATE | UG & PG | LAW
NCTE | MBBS | ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com

हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.